चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 29 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 131, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



यूक्रेन के विदेश मंत्री कुलेबा ने बापू को किया नमन 14

आलिया की फिल्म में विलेन बनेंगे बॉबी देओल 13

## OUR TOP PERFORMERS IN JEE-MAIN-2024



Dr. K.L. Gupta (Father), Pooja Gupta (Mother), Keshav Gupta with Santosh Verma Sir & Vishal Varshney Sir

99.59 ( Percentile)
KESHAV GUPTA



Veeresh Bajpai (Father), Geeta Bajpai (Mother), Kshitij Bajpai with Vishal Varshney Sir & Santosh Verma Sir

99.43 ( Percentile)
KSHITIJ BAJPAI

## OUR TOPPERS IN NEET



PRANJAL SINGH
2023
NEET MARKS 705 / 720



MOTI
2022
NEET MARKS 687 / 720



SAHIL VARSHNEY
2021
NEET MARKS 696 / 720

## Learn from the Expert Faculty of MEDIIT



PHYSICS BY
VISHAL VARSHNEY SIR
(B.Tech. IIT Kanpur)



CHEMISTRY BY
VIPUL GOVIL SIR
(B.Tech. IIT Dhanbad)



MATHS BY
SANTOSH VERMA SIR
(B.Tech. IIT BHU)



BIOLOGY BY
OMENDRA YADAV SIR
(M.Sc.)

## ADMISSION OPEN
FOR IIT JEE / NEET COURSES

**2 YEAR FOUNDATION COURSE**
For 11th Studying Students

**1 YEAR FOUNDATION COURSE**
For 12th Studying Students

**1 YEAR TARGET COURSE**
For 12th Pass Students

**PRE- FOUNDATION COURSE**
For 9th/10th Studying Students

BATCHES STARTING FROM
1st APRIL 2024

# MEDIIT

149, Janakpuri, Bareilly Mob. 9639011515, 9639011516
www.mediitbareilly.com

## एक नजर

### तमंचे से फायर करते पूर्व प्रधान के बेटे का वीडियो वायरल

**विजय नगला/बिनावर।** पूर्व प्रधान के बेटे का रंगशाला में मंच पर चढ़कर तमंचे से फायर करते वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल हुआ है। गांव मई रजऊ में बरात आई थी। बरातियों के मनोरंजन के लिए रंगशाला का इंतजाम किया गया था। बताया जा रहा है कि गांव के पूर्व प्रधान का बेटा रंगशाला के मंच पर चढ़ गया। उसने तमंचे से फायर किया। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। किसी ने फायरिंग का वीडियो बनाकर सोशल साइट पर वायरल कर दिया। बिनावर के क्राइम इंस्पेक्टर गुड्डू यादव ने बताया कि वायरल वीडियो की जानकारी है। जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### निजी नलकूप में नकब लगाकर की चोरी

**ओरछी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सिसरका के जंगल में किसान के निजी नलकूप से चोरों ने नकब लगाकर एक हजार का सामान चुरा लिया। पीड़ित किसान ने पुलिस को चोरी की सूचना दी है। सिसरका निवासी नेत्रपाल सिंह पुत्र वीरपाल सिंह का निजी नलकूप है। बुधवार की रात चोरों ने नलकूप में नकब लगाकर झटका मशीन निकाल ली। किसान सुबह सिंचाई करने नलकूप पर पहुंचा तो मशीन गायब मिली।

# जाम के झाम से जूझा शहर, चौराहों पर रेंगते रहे वाहन

## गुरुवार को शहर के प्रमुख चौराहों पर दोपहर तक बने रहे जाम के हालात, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** होली के त्योहार के बाद लोग अपने काम पर लौट रहे हैं। बसों में सीट नहीं मिल रही हैं। चौराहों पर भीड़ लग रही है। जिसके चलते गुरुवार को शहर के मुख्य मार्ग और चौराहों पर लोग जाम के झाम से जूझते रहे। चौराहों पर वाहन रेंगते हुए गुजरे। लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। यातायात पुलिसकर्मी और होमगार्ड ने वाहनों का आवागमन दुरुस्त कराया। सुबह से दोपहर तक जाम की स्थिति बनी रही।

गुरुवार सुबह लगभग 10 बजे से चौराहों पर जाम लग गया। वाहनों का संचालन दुरुस्त करने के लिए यातायात पुलिस ने जगह-जगह रखे बैरियर हटवाए। इसके बाद भी वाहनों की कतार लगी रहीं। शहर के लालपुल, महाराणा प्रताप चौक, भामाशाह चौक से लेकर इंद्राचौक पर वाहनों की कतारें लगी रहीं। वाहन रेंगते हुए गुजरे। सामने वाले वाहन से हल्की टक्कर हो गई तो लोगों के बीच झड़प हुई। वाहनों के बेतरतीब तरीके से चलने की वजह से भी अन्य वाहनों चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। भामाशाह चौक पर एक ईको कार सड़क किनारे खड़ी थी। जिसकी वजह से जाम लग रहा था। टीएसआई रामसेवक ने आवाज लगाई लेकिन कार चालक नहीं आया तो टीएसआई ने गाड़ी बुलाकर कार टो कराने की तैयारी की। इसी दौरान कार चालक आ गया। उसने माफी मांगी लेकिन टीएसआई ने कार को टो कराकर रिजर्व पुलिस लाइन में खड़ा कराया। ओवरब्रिज की ओर से डिपो जाने वाली रोडवेज बस को यातायात पुलिस ने वन विभाग रोड से होकर भेजा। टीएसआई रामसेवक ने बताया कि गुरुवार को ज्यादा वाहनों की वजह से जाम की स्थिति बनी थी। वाहनों का संचालन दुरुस्त कराया गया है।



चौराहे पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार



जाम के दौरान चौराहे पर वाहनों का आवागमन रोकता होमगार्ड।

- **यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने में जुटी रही यातायात पुलिस दोपहर में सामान्य हुई स्थिति**



चौराहे पर खड़ी ईको कार टो करके ले जाता यातायात विभाग का वाहन।




भामाशाह चौक पर रोडवेज बस को रोककर दूसरे रूट पर भेजता पुलिसकर्मी।

# चाचा के चुनावी माहौल को गर्माने आएंगे धर्मेंद्र यादव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **पूर्व सांसद का टिकट कटने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने सोशल साइट्स पर जताई थी नाराजगी**

**अमृत विचार :** बदायूं के लगातार दो बार सांसद रहे धर्मेंद्र यादव का टिकट कटने पर कुछ कार्यकर्ताओं ने सोशल साइट्स पर नाराजगी जाहिर की थी। इस नाराजगी को खत्म करने के लिए पूर्व सांसद यहां अपने चाचा शिवपाल सिंह यादव का चुनाव प्रचार करने आ रहे हैं। तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत वह चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव का बदायूं की जनता से सीधा जुड़ाव रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बाहरी प्रत्याशियों में वह पहले सांसद बने जिन्होंने यहां अपना घर बनवाया। पिछले चुनाव में भाजपा की डॉ. संघमित्रा से हार का सामना करने के बाद भी वह लगातार यहां सक्रिय रहे। सपा ने इस बार भी उनको यहां प्रत्याशी घोषित किया। कार्यकर्ताओं ने प्रचार की तैयारी भी शुरू कर दी। अचानक उनका टिकट काटकर उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव को प्रत्याशी घोषित कर दिया गया।



धर्मेंद्र यादव, पूर्व सांसद।

हालांकि शिवपाल सिंह यादव के आगमन पर कार्यकर्ताओं में खासा जोश दिखा और जगह-जगह उनका स्वागत किया गया। लेकिन कुछ कार्यकर्ताओं ने सोशल साइट्स पर तीखी प्रतिक्रियाएं भी कीं। इधर भाजपा ने दुर्विजय सिंह शाक्य के रूप में कड़ी चुनौती पेश की है। माना जा रहा है कि कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करने और पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए वह यहां आ रहे हैं। पार्टी से निर्धारित कार्यक्रम के तहत वह 30 मार्च को बिसौली विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अगले दिन वह शहर में इस्लामियां इंटर कॉलेज के सामने चुनाव प्रचार करेंगे। एक अप्रैल को वह सहसवान स्थित सपा कार्यालय पर चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

## सार-संक्षेप

### सीनियर छात्रों को दी गई फेयरवेल पार्टी



**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव रायपुर बुजुर्ग स्थित जीएस बाल विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल में गुरुवार को कक्षा आठ के छात्रो को जूनियर छात्रों ने विदाई दी। जिसमें कक्षा सात के सभी छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय के शिक्षकों ने कक्षा आठ के बच्चों को उपहार भेंट किये। डायरेक्टर भुवनेश कुमार सिंह ने कक्षा आठ के बच्चों को विदा किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर एमडी अभय प्रताप सिंह, आकाश शर्मा, काजल चौहान, ममता शर्मा, उपदेश यादव, अंजू ठाकुर, नीतू सिंह, मानवी सिंह, अंशिका शर्मा, आरजू मलिक, अभिषेक सागर, शेषकुमारी शाक्य, दुष्यंत शर्मा, ज्योति तोमर, नीलोफर मालिक, सोनम यादव, गीता शाक्य आदि मौजूद रहे।

### परीक्षाफल पाकर खिले बच्चों के चेहरे



**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव सुंदर नगर स्थित एसकेएलएम पब्लिक स्कूल में गुरुवार को परीक्षाफल का वितरण किया गया। जिसमें कुलश्रेष्ठ शाक्य क्लास यूकेजी ने 98 .66 अंक पाकर विद्यालय में टॉप किया। कक्षा एनसी में अहान, केजी में आरुषि चौहान, कक्षा एक में नैंसी शाक्य, कक्षा दो में पुरुषोत्तम चौहान, कक्षा तीन में कौशल शाक्य, कक्षा चार में परव सिंह, कक्षा पांच में सावित्री, कक्षा छह में हिमांशु बघेल, कक्षा सात में आयुष चौहान, कक्षा आठ में हिमांशु चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के एमडी पीडी सिंह, प्रिंसिपल रजनी शर्मा व निखिल सक्सेना, अनिल कुमार, कामेंद्र सिंह, कंचन सिंह, अंजली सिंह, उपदेश कुमार, रंजीत सिंह ने शील्ड देकर बच्चों को सम्मानित किया। इस मौके पर ज्योति ठाकुर, अजय प्रताप, तनु शंखधार, बीना सिंह, शिवानी सिंह, शिवि चौहान, शिवांगी राठौर, प्रिया सिंह, मुस्कान, प्रिया राठौर, रजना राठौर आदि मौजूद रहे।

### वाद-विवाद में राम माधव और भाषण में नव्या ने मारी बाजी




**बिल्सी।** नगर के नारायण ग्रीन हाउस में अरिहंत वृक्षारोपण समिति के तत्वावधान में डॉ. श्रीकृष्ण गुप्ता की अध्यक्षता में पर्यावरण संरक्षण प्रतियोगिता एवं सीएए राष्ट्र के लिए जरूरी या सुधार की आवश्यकता विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका आरंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि सीओ सुशील कुमार सिंह और मां पूर्णागिरि ग्रुप के दीपक चौहान, अमित वार्ष्णेय, विजनेश सोलंकी रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि वृक्ष लगाना हमारे लिए बेहद जरूरी है। वृक्ष से ही मनुष्य अपने दैनिक दिनचर्या को पूर्ण करता है और पूर्ण रूप से पर्यावरण पर ही निर्भर है। इसलिए लोगों को चाहिए कि अपने प्रत्येक शुभ अवसर पर अपने आसपास खाली पड़ी भूमि पर वृक्षारोपण अवश्य करें। पर्यावरण संरक्षण को लेकर हुई भाषण प्रतियोगिता में नव्या वार्ष्णेय-प्रथम, शिवानी शाक्य- द्वितीय और यश ओझा तृतीय स्थान पर रहे। वहीं सीएए राष्ट्र के लिए जरूरी वाद-विवाद प्रतियोगिता में राम माधव तिवारी प्रथम, शिवानी कश्यप द्वितीय और यश ओझा तृतीय स्थान पर रहे। समिति की ओर से प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बृजेश पाल सिंह, अवनीश कुमार, नीरा देवी, मीरा मिश्रा, सचिन उपाध्याय, डॉ. आरती जैन, अमित माहेश्वरी, प्रशान्त जैन, अनुज शर्मा, शिवांक दीक्षित, अमनदीप उपाध्याय, मृगांक जैन, ऋषभ कृष्ण गुप्ता, वितेन्द्र जैन आदि मौजूद रहे।

### काफिले में कटी लोगों की जेब

**विजय नगला।** भाजपा प्रत्याशी के स्वागत के दौरान भीड़ का कुछ लोगों ने फायदा उठाया। कई लोगों की जेब से रुपये पार कर लिए। जेब कतरों ने बिल्सी के व्यापारी अवधेश लड्ढा की जेब से 32 हजार रुपये, उसैता ग्राम पंचायत के प्रधान पति इमरान की जेब से 11 हजार रुपये, विजय नगला के राजेश शर्मा के 5 हजार, गांव फकीराबाद के प्रमोद कुमार के 50 हजार रुपये निकाल लिए। इसके अलावा गांव प्रहलादपुर के रामपाल की जेब से 25 हजार, सिक्योरिटी गार्ड ज्ञान चंद्र के 1100 रुपये निकाल लिए।

# प्रत्याशी बनने के बाद पहली बार बदायूं पहुंचे दुर्विजय का जोरदार स्वागत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गुरुवार को तकरीबन पांच घंटे के लिए बरेली-मथुरा राजमार्ग जाम रहा। दोनों ओर वाहनों की कतार लगी रहीं। भाजपा से प्रत्याशी बनने के बाद स्टार प्रचारक व भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य पहली बार बदायूं पहुंचे थे। जगह-जगह उनका स्वागत हुआ। बरेली से बदायूं की एक घंटे की दूरी पांच घंटे में तय हो सकी। लोगों ने माल्यार्पण करके उनका स्वागत किया। प्रत्याशी ने खुद को पहनाई हुई माला लोगों को पहनाकर उनका अभिनंदन किया। कार्यकर्ता और पदाधिकारियों में उत्साह रहा। भाजपा कार्यालय पर स्वागत जनसभा आयोजित हुई।

जिले की सीमा के गांव पुठी सराय से स्वागत का क्रम शुरू हुआ। रसूलपुर, विजय नगला, विनाबर, मलगांव, भगत सिंह चौक, कार्तिकेय चौक, शास्त्री चौक, नहेरू चौक, गोपी चौक, परशुराम चौक, महाराणा प्रताप चौक, भामाशाह चौक, इंद्रा चौक, हरप्रसाद पटेल के आवास से होकर वह शहर पहुंचे। उत्साहित लोगों ने जयकारे लगाए। आतिशबाजी छोड़ी। दुर्विजय शाक्य ने महापुरुषों की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया। भाजपा कार्यालय पर हुई स्वागत जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बदायूं लोकसभा में वर्ष 1984 के बाद यानी 40 वर्ष बाद एक स्थानीय बनाम बाहरी प्रत्याशी के बीच का चुनाव है। यह चुनाव परदेशी सांसद बनाम स्थानीय सांसद बनाने का है। यह चुनाव बदायूं की दिशा और दशा तय करने, जाति-धर्म-मजहब से ऊपर की सोच और गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं के सम्मान का चुनाव है। यह भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने का चुनाव है। कहा कि उनका सौभाग्य है कि वह अपनी जन्मभूमि से चुनाव लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने 140 करोड़ जनता को अपना परिवार माना है। बदायूं भी उसका हिस्सा है। जिले की जनता उनका परिवार है। फिर चाहें वह गरीब, युवा, महिला या किसान हो। समस्या को सुनकर निस्तारण कराना उनका कर्तव्य है। इसमें न तो जाति आड़े आनी है और न धर्म। वह खुद एक किसान के बेटे और शिक्षक हैं। उनसे भला किसान की कीमत कौन समझ सकता है।

केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों को मुफ्त राशन देने की गारंटी दी है। मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैक्सीन बनाई और दुनिया तक पहुंचाई। लोगों का अटूट विश्वास और प्रचंड समर्थन अबकी बार 400 पार को साकार करेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि मोदी की गारंटी के मायने को देश का हर किसान, महिला, युवा और गरीब वर्ग बखूबी समझने लगा है। सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य और सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने देश को दुनिया में नंबर वन बनाने, कश्मीर से धारा 370 हटवाने, भव्य राम मंदिर बनवाने, सीएए लागू होने की बात कही। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने परिवारवाद को समाप्त करके मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया। एमएलसी वागीश पाठक ने कहा मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए करोड़ों लोग गरीबी रेखा से बाहर आकर सम्मानपूर्वक अपना जीवन जी रहे हैं।

**लोगों ने प्रत्याशी के साथ ली सेल्फी : विजय नगला:** भाजपा प्रत्याशी का बदायूं सीमा से लेकर शहर के भीतर भी जोरदार स्वागत हुआ। लोग उनके साथ सेल्फी लेने को लालायित दिखे। युवा नेता प्रभा शंकर, सोवरन सिंह राजपूत, सुरेश चंद्र गुप्ता, धर्मेंद्र कश्यप, सुरेंद्र कश्यप, बदन सिंह, ग्राम प्रधान विद्या राम, प्रधान पति सुखपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



लोगों का अभिवादन करते भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य। साथ में केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा, सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता और बरेली के मेयर उमेश गौतम। ● अमृत विचार



जनसभा में बड़ी संख्या में मौजूद लोग।

- **स्वागत जनसभा को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी ने गिनाईं प्राथमिकता**
- **महापुरुषों की मूर्तियों पर किया माल्यार्पण, लोगों को माला पहनाकर किया अभिनंदन**

### मुस्लिम समाज ने मुकुट पहनाकर किया स्वागत



काफिला के दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री अरशद अल्वी ने मुस्लिम समाज के लोगों के साथ नेहरु चौक पर भाजपा प्रत्याशी का स्वागत किया। प्रदेश मंत्री ने कहा भाजपा ने स्थानीय व्यक्ति को प्रत्याशी बनाकर जनता का सम्मान किया है। भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार ने मुस्लिम समाज को विकास की मुख्य धारा में लाकर खड़ा कर दिया है। पिछली सरकारों ने वोट बैंक बनाकर इस्तेमाल किया और शिक्षा से दूर रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक हाथ में कुरान और एक हाथ में कंप्यूटर दिया है। भाजपा कार्यालय पर चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष हाजी सलीम, मोहम्मद शीराज आलम, सलीम, फैसल खान, नसीम खान, शीबू खान, सभासद कमालउद्दीन राजा, सभासद भूरे पीर जी, सलीम खान, तस्लीम गाजी, अफजाल आदि उपस्थित रहे।

### स्वागत के दौरान ये रहे उपस्थित

इस मौके पर आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप, एमएलसी महाराज सिंह, बरेली मेयर उमेश गौतम, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, पूर्व एमएलसी जितेन्द्र यादव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डीके भारद्वाज, पूर्व विधायक सिनोद शाक्य, डीसीबी चेयरमैन जेके सक्सेना, हरिओम पाराशरी, हरप्रसाद पटेल, पूनम यादव, विमल कृष्ण अग्रवाल, जगदीश लौनिया के अलावा ब्लॉक प्रमुख विक्रांत यादव, विमल कृष्ण अग्रवाल, शैलेश पाठक, सुधीर श्रीवास्तव, एमपी सिंह राजपूत, उमेश राठौर, युवा नेता विश्वजीत गुप्ता, मनोज बिट्टन, जितेन्द्र साहू, धीरेंद्र सिंह, आशीष शाक्य, अनुभव उपाध्याय सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

### यह रहेंगी भाजपा प्रत्याशी की प्राथमिकताएं

दुर्विजय शाक्य ने कहा कि शिक्षा का स्तर और ऊंचा उठाना उनका निजी दायित्व है। बेसिक शिक्षा, उच्च शिक्षा को और बेहतर बनाने के साथ ही समाज की रीढ़ कहे जाने वाले शिक्षक और शिक्षामित्रों के सम्मान, किसानों को उनकी फसल का दाम, व्यापारी तबके को सुरक्षा के साथ शहर, गांव और मंडियों से बेहतर कनेक्टिविटी देना, स्वास्थ्य सेवाओं को और अच्छा बनाना और हमारे किसान भाइयों को बिजली, खाद, बीज पर्याप्त मात्रा में मुहैया कराने के साथ ही समाधान दिवसों के माध्यम से उनके जमीनी विवादों का शत प्रतिशत निस्तारण कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। बहू, बेटियों और माताओं का सम्मान बरकरार रखना मेरी खुद की जिम्मेदारी रहेगी। युवाओं को रोजगार के लिए नये आयाम सृजित करना, नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना कराना मेरा लक्ष्य है।

### अपने भतीजे पर विश्वास करें शिवपाल

जगह-जगह स्वागत के बाद दुर्विजय सिंह शाक्य शहर पहुंचे। जहां पत्रकारों से बात करते उन्होंने कहा कि हजारों लोगों की भीड़ बता रही है कि बदायूं क्या सोच रहा है। सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव के बयान दुर्विजय के लिए विजय बहुत दूर है के बयान पर उन्होंने कहा कि वह पहले अपने भतीजे से तो निपट लें। भतीजे का विश्वास जीतें। जिसने उन्हें फंसा दिया। सुनने में आया है कि शिवपाल सिंह वापस जाना चाहते हैं। कहा कि वह एक किसान के लड़के हैं। बूथ अध्यक्ष से लेकर आज यहां तक पहुंचे हैं। यह भाजपा में ही संभव है। सामान्य कार्यकर्ता भी एमपी तक का सफर तय कर सकता है। सपने देख सकता है। दूसरे दल में सैफई या गांधी परिवार का हिस्सा होना जरूरी है। भाजपा एकजुट होकर काम करती है। काफिला में देखिए टॉप से लेकर बॉटम तक के सभी मौजूद हैं। इस बार उनको उनके गढ़ में हराएं। पिछली बार इतिहास बनाया था इस बार बड़ा रिकॉर्ड बनाएंगे।

# ट्रैक्टर ट्रॉली से ढोई जा रहीं ईंटें, नहीं हो रही कार्रवाई



अवैध रूप से ट्रैक्टर ट्राली में ईंटें भर कर ले जाते दबंग।

**कादरचौक, अमृत विचार :** कृषि कार्य में प्रयोग होने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों के व्यवसायिक कार्य में उपयोग पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। रेत, बजरी के साथ ही ट्रैक्टर ट्रॉलियों में ईंट भरकर सप्लाई की जा रही हैं, लेकिन जिम्मेदार इस पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। पिछले दिनों थाना पुलिस ने अवैध खनन व अवैध रूप से ट्राली में ईंटें भर कर गांव-गांव बेचने पर तीन ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी थीं।। फिर भी धंधेबाज अपनी करतूतों से बाज नहीं आ रहे हैं। गुरुवार को ट्रैक्टर ट्राली में अवैध रूप से ईंटें भर कर चालक ले जाते दिखे। थाना पुलिस से शिकायत करने पर कहा गया कि इस तरह अवैध कार्य करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## मतदाता की मंशा

### शिक्षा और स्वास्थ्य पर किया जाए काम, स्थानीय हो नेता, दिल्ली और लखनऊ से हो जनपद की कनेक्टविटी

# विकास को प्राथमिकता देने वाले प्रत्याशी को करेंगे वोट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **मतदाता बोले- जो संसद में उठाए मुद्दे उसे ही देंगे वोट**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव का दंगल शुरू हो चुका है। कुछ को छोड़ कर लगभग सभी राजनीतिक दलों ने अपने-अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। जिले की जनता चाहती है कि इस वार वही प्रत्याशी जीत कर आए जो शिक्षित हो, जनता की समस्याओं को उठाने में सक्षम हो, शिक्षा स्वास्थ्य पर काम करने वाला हो और संसद में जनपद की समस्याओं को रख सके। तभी जिले के विकास को गति मिलेगी।

लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। राजनीतिक दलों ने प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं। अभी चुनाव प्रचार ने गति नहीं पकड़ी है। फिर भी सभी पार्टियों ने चुनाव जीतने को पूरी तरह कमर कस ली है। लेकिन जनता की राय क्या है। इस पर आज लोगों की नब्ज टटोली गयी तो सभी ने एक स्वर में कहा कि जिले का सांसद पढ़ा-लिखा होना चाहिए। जनता की समस्याओं को समझने वाला होना चाहिए। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए नई रणनीति बनानी होगी। जिससे गरीब तबका शिक्षा से वंचित न रहे। लोगों को स्वास्थ्य सेवा मुहैया होती रहे। व्यापारी वर्ग ने कहा कि व्यापारिक क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए जिले की दिल्ली-लखनऊ से कनेक्टिविटी जरूरी है। विकास कराने के लिए जनता के बीच रहना होगा, जिससे जन समस्याओं को परखा जा सके। संसद में आवाज उठाने वाला सांसद ही विकास कर सकता है। इसलिए लोग शिक्षित और स्थानीय नेता को अधिक तवज्जो दे रहे हैं। सांसद को जनता के बीच अधिक समय देना चाहिए, जिससे लोग अपनी समस्या उनके सामने रख सकें। मतदाताओं में इस बात की कसक दिखी कि चुनाव जीतने के बाद उनके जन प्रतिनिधि उनके बीच नहीं पहुंचे, जिससे लोग अपनी समस्या उनके समक्ष नहीं रख पा रहे हैं। इस चुनाव में साफ सुथरी छवि के प्रत्याशी को मौका दिया जाए और घोषणा पत्र में किए गए वादे हर हाल में पूरे किए जाएं।



हमारा प्रत्याशी स्थानीय हो, समस्याओं को हल करने में सक्षम हो, शिक्षा को फ्री करने की जरूरत है। स्वास्थ्य सुविधाओं पर और काम किया जाना चाहिए जिससे गरीबों तक सरकारी सेवाएं पहुंच सकें। ट्रांसपोर्ट की कनेक्टिविटी दिल्ली और लखनऊ से जोड़ी जाए जिससे व्यापार को गति मिल सके। जिले में विकास कराया जाए।
**-गोपाल रस्तोगी**, दवा व्यापारी



जनपद में सांसद विकास कराने में अहम भूमिका रखते हैं। इसलिए सांसद का शिक्षित होना बहुत जरूरी है। सामाजिक मान्यताओं का पालन करने वाला होना चाहिए। जनता का विकास होना चाहिए, न कि सांसद खुद का विकास करने वाला हो। समाज के हर वर्ग के साथ उसका रिश्ता होना चाहिए जिससे लोगों को लगे कि उनका जनप्रतिनिधि उनके साथ है।
**-मोहम्मद सलीम**, एडवोकेट



पहली बात तो सांसद स्थानीय हो जिससे लोग उनसे मिल सकें, अपनी समस्याओं को हल करा सकें। सांसद संसद में अपनी आवाज बुलंद करने वाला हो। जिले की मूलभूत समस्याओं पर काम करने वाला हो। व्यापार को गति देने के लिए काम करने वाला होना चाहिए। जिससे बेरोजगारी पर भी लगाम लग सके। -शिव स्वरूप गुप्ता, जिला अध्यक्ष **-अखिल** भारतीय उद्योग व्यापार परिषद



जिले के विकास का एजेंडा मुख्य होना चाहिए, जन भावनाओं के अनुसार सांसद को काम करना चाहिए। शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के लिए संसद में आवाज उठाने वाला जनप्रतिनिधि होना चाहिए। विकास योजनाओं का लाभ बिना किसी धांधली के लोगों को दिलाने वाला सांसद ही जिले का विकास करा सकता है। इसलिए शिक्षित व्यक्ति को ही चुना जाए।
**-डॉ. मनवीर सिंह**, प्रोफेसर, दास कॉलेज बदायूं

# डीएम ने निर्वाचन कार्यालय और कोषागार का किया निरीक्षण

**बदायूं, अमृत विचार:** जिला अधिकारी मनोज कुमार ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ मतदान कार्मिकों व ईवीएम प्रशिक्षण, मतदान केंद्र, एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी, रैंडमाइजेशन, आदर्श आचार संहिता, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, वीडियो व्यूइंग टीम, लेखा व एमसीसी आदि विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मतदान के दौरान प्रलोभन देने वाले या डरा धमकाकर वोट डलवाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा ऐसे लोगों को चिह्नित कर जेल भेजा जाएगा। वहीं कोषागार के निरीक्षण के दौरान डीएम ने डबल लॉक का वार्षिक सत्यापन किया। साथ ही उन्होंने स्टांप आदि के संबंध में वरिष्ठ कोषाधिकारी से जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा उन्होंने अभिलेखागार, कंप्यूटर रूम, पेंशनर्स कक्ष आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2080


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

बरेली | एक सम्पूर्ण अखबार

शुक्रवार, 29 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 131, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com



ब्रिटेन में सीसीटीवी से होगी मंदिरों की सुरक्षा 14
दीपिका पादुकोण का अजीब पोस्ट पढ़ परेशान हुए फैंस 13

**रमज़ान मुबारक**
(बदायूं)
29 मार्च 2024 अठारहवां रोज़ा इफ्तार 6:33
30 मार्च 2024 उन्नीसवां रोज़ा सहरी 4:41
(कासगंज)
29 मार्च 2024 अठारहवां रोज़ा इफ्तार 6:34
30 मार्च 2024 उन्नीसवां रोज़ा सहरी 4:43
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।

माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
An ISO 9001:2015 Certified Company
NOOR GLASS FABRICATION
If U Can Dream We Can Build
Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9761560515
e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com
website : www.noorglassfabrication.com

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा

एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।

डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

## नानकमत्ता के डेरा सेवा प्रमुख की हत्या

संवाददाता,नानकमत्ता/खटीमा


बाबा तरसेम सिंह


बाइक सवार बदमाश।

- बाइक पर आए दो बदमाशों ने बाबा तरसेम सिंह को मारी दो गोलियां

**अमृत विचारः** गुरुद्वारा श्री गुरु नानकमता साहिब के डेरा सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गुरुवार सुबह बाइक सवार दो बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। डेरा में लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हो गई है। घटना के बाद नेपाल सीमा सहित क्षेत्रों में चेकिंग की जा रही है। एसओजी समेत कई टीमें बदमाशों की खोज में जुटी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा पहुंचकर घटना की जानकारी ली और बाबा को श्रद्धांजलि दी।

पुलिस के अनुसार नानकमत्ता डेरा कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह (60) के पास सुबह सवा छह बजे दो व्यक्ति बाइक से आए। बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने गोली मारी, जिसके बाद बाबा ने भागने की कोशिश की, तभी बाइक सामने लाकर दूसरी गोली मार दी और भाग गए। डेरा में मौजूद लोग बाबा को खटीमा के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां कुछ देर बाद बाबा की मौत हो गई। जानकारी पर एसएसपी मंजूनाथ टीसी, एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एडीएम पंकज उपाध्याय, सीओ बीएस चौहान मौके पर पहुंचे।

### एक ने पेट तो दूसरे ने चीरा बाबा का सीना

बाबा को पास से दो गोलियां मारी गईं। पहली गोली पेट में लगी और दूसरी गोली ने बाबा का सीना चीर दिया। डॉक्टरों का कहना है कि पहली गोली ने पेट के कई अंगों को प्रभावित कर दिया और दूसरी गोली सीने में लगी है।

## मुरादाबाद से हसन व रामपुर में आसिम समेत 71 नामांकन रद

### रुचि वीरा व मोहिबुल्लाह लड़ेंगे चुनाव, पहले चरण में कुल 84 प्रत्याशी मैदान में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 30 मार्च को प्रत्याशी वापस ले सकेंगे नाम

**अमृत विचारः** उप्र. में पहले चरण में कुल 84 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। गुरुवार को नामांकन पत्रों की जांच में 71 नामांकन खारिज हो गए। मुरादाबाद सीट से सपा की ओर से नामांकन कराने वाले वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन का नामांकन निरस्त कर दिया गया है। उनकी जगह रुचि वीरा को अधिकृत प्रत्याशी मानते हुए पर्चा सही माना गया है। मुरादाबाद सीट के लिए 18 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। पांच नामांकन खारिज हो गये हैं और बाकी 13 नामांकन पत्र वैध पाये गये।

सीतापुर जेल में बंद आजम खां के करीबी और रामपुर नगर अध्यक्ष आसिम राजा सहित 12 प्रत्याशियों का नामांकन पत्रों को त्रुटियां मिलने के बाद खारिज कर दिया है। अब चुनावी दंगल में भाजपा से सांसद घनश्याम सिंह लोधी,बसपा से जीशान खां और सपा से मोहिबुल्लाह नदवी समेत छह प्रत्याशी मैदान में हैं।

### आठ सीटों पर होगा मतदान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पहले चरण की आठ सीटों में पीलीभीत सीट के लिए 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच में छह नामांकन अस्वीकृत हुए और बाकी 10 नामांकन पत्र वैध पाये गये। सहारनपुर लोकसभा सीट के लिए 13 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था, जिसमें नामांकन पत्रों की जांच में एक नामांकन अस्वीकृत हुआ और बाकी 12 नामांकन पत्र वैध पाये गये। कैराना सीट के लिए 17 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था, जांच में दो नामांकन अस्वीकृत हुए। मुजफ्फरनगर सीट पर 38 में से 27 नामांकन अस्वीकृत हुए और बाकी 11 नामांकन पत्र वैध पाये गये। बिजनौर सीट पर 23 में से 12 नामांकन अस्वीकृत हुए। नगीना (अजा) सीट के लिए 12 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। छह नामांकन अस्वीकृत हुए और छह नामांकन पत्र वैध पाये गये।

# माफिया मुख्तार अंसारी की दिल का दौरा पड़ने से मौत

### गुरुवार शाम बांदा जेल की बैरक में अचानक हो गया था बेहोश
### मेडिकल कॉलेज लाया गया डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया
### प्रदेश में अलर्ट जारी बांदा और मऊ में विशेष सतर्कता

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** प्रदेश के कई जिलों में हत्या, लूट, अपहरण, रंगदारी जैसी वारदातों के आरोपी पूर्व विधायक माफिया मुख्तार अंसारी की गुरुवार देर शाम मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। बांदा जेल में उसे दिल का दौरा पड़ा था।

वह जेल की बैरक में बेहोश हो गया था जिस पर उसे बांदा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां कुछ देर बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोर्ट ने उसे दो बार उम्रकैद की सजा सुनाई थी। जिले के आला अधिकारी बांदा मेडिकल कॉलेज पहुंचे। डीजीपी ने प्रदेश में हाई अलर्ट की घोषणा की है। बांदा समेत प्रदेश में पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च किया। मऊ विधानसभा सीट से मुख्तार पांच बार विधायक रहे। पंजाब की



रोपड़ जेल से मुख्तार को 7 अप्रैल 2021 को बांदा जेल शिफ्ट किया गया था। सूत्रों के मुताबिक मुख्तार के बेहोश होने पर जेलकर्मियों ने जेल अस्पताल में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। मेडिकल कॉलेज ने मीडिया को बताया कि मुख्तार को उल्टी व बेहोशी की शिकायत पर लाया गया था।

मुख्तार के इलाज में नौ डॉक्टरों की टीम लगी थी, लेकिन कार्डिक अरेस्ट (दिल का दौरा) से उसकी मौत हो गई। जानकारी पर बांदा डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी अंकुर अग्रवाल मेडिकल कॉलेज पहुंचे। मुख्तार के आवास समेत बांदा जिले में पुलिस तैनात है। मुख्तार की मौत की जानकारी जिला प्रशासन ने उसके परिजनों को दी, जिनके देर रात 2:30 बजे तक गाजीपुर और लखनऊ से बांदा आने की उम्मीद है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। बांदा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य सुनील कौशल ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में दिल का दौरा पड़ने से अंसारी की मौत हो गई।

### हत्या, लूट, अपहरण समेत 65 मुकदमे दर्ज थे

मुख्तार पर 15 हत्या समेत अपहरण, रंगदारी, धोखाधड़ी, हत्या का प्रयास जैसे 65 संगीन मुकदमे प्रदेश भर के कई थानों में दर्ज हैं। साथ ही मुख्तार पर पुलिस ने नौ बार गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी। 1978 में गाजीपुर के सैदपुर थाने में मुख्तार के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने की धारा में एनसीआर दर्ज की गई थी। इसके बाद उसके अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता गया।

### भाजपा विधायक की हत्या का था आरोपी

मुख्तार गैंग पर 29 नवंबर 2005 को गाजीपुर की मोहम्मदाबाद सीट से भाजपा विधायक कृष्णानंद राय समेत सात लोगों की हत्या का आरोप भी था। इस कांड के बाद पूर्व मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह वाराणसी में धरने में बैठे थे। बाद में मुख्तार और उसके साथियों को आरोप से बरी कर दिया गया था। मऊ दंगे में भी मुख्तार का नाम आया था। मुख्तार 25 अक्टूबर 2005 से जमानत तोड़वाकर जेल गया था, जिसके बाद भाजपा के तत्कालीन विधायक कृष्णा नंद राय की हत्या हो गई। तभी से माफिया का जेल से निकलना नहीं हुआ। मऊ से तीन बार लगातार वर्ष 2002 से 2017 तक विधायक रहा, लेकिन इस दौरान वह जेल से बाहर नहीं आया। इस दौरान वह जेल में रहते हुए वह चुनाव लड़ा और विधायक बना।

## केजरीवाल को राहत नहीं, ईडी की हिरासत एक अप्रैल तक बढ़ी

### ईडी के अनुरोध और केजरीवाल का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने आदेश किया पारित

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली शराब नीति में कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी की हिरासत गुरुवार को चार दिन बढ़ाते हुए एक अप्रैल कर दी गई। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने ईडी के अनुरोध और केजरीवाल का पक्ष सुनने के बाद ये आदेश पारित किया।

ईडी का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने केजरीवाल पर पूछताछ में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाते हुए अदालत के समक्ष सात दिनों की अतिरिक्त हिरासत की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि कुछ अन्य लोगों के सामने केजरीवाल से पूछताछ होनी है। केजरीवाल ने इसका विरोध नहीं किया और कहा कि ईडी उन्हें जब तक हिरासत में रखना चाहे, वह रहने को तैयार हैं। ईडी के आदेश पर छह दिनों की हिरासत अवधि पूरी होने पर जांच एजेंसी ने गुरुवार को फिर उन्हें विशेष अदालत में पेश किया। मुख्यमंत्री ने विशेष अदालत के समक्ष खुद अपना पक्ष रखते हुए कहा कि ईडी के पास उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है और उसका मकसद उन्हें फंसाना है। केजरीवाल ने अदालत से पहले मीडिया से कहा कि यह एक राजनीतिक साजिश है। जनता इसका जवाब देगी। केजरीवाल के वकील रमेश गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद अपना पक्ष रखना चाहते हैं। अदालत ने इसकी अनुमति दी। कई बार बुलाने के बाद ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार कर 22 मार्च को विशेष अदालत में पेश किया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के अलावा ईडी की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। ईडी को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया था। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद जांच एजेंसी को नोटिस जारी करके दो अप्रैल तक जबाव देने का निर्देश दिया था। अगली सुनवाई तीन अप्रैल को होगी।


सीएम केजरीवाल को कोर्ट ले जाते ईडी के अधिकारी। ● एजेंसी

- ईडी ने छह दिनों की हिरासत अवधि पूरी होने पर कोर्ट में किया पेश

### केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की याचिका खारिज

दिल्ली हाईकोर्ट ने धनशोधन मामले में फंसे केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद से हटाने की मांग वाली याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने सुजीत सिंह यादव की याचिका ठुकराते हुए कहा कि जांच करना कार्यपालिका और राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र है। अदालत इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती।

## यूपी में 7 रुपये बढ़कर 237 हुई मनरेगा की मजदूरी

**लखनऊ।** केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में मनरेगा मजदूरी बढ़ाई है। इस क्रम में उत्तर प्रदेश में सात रुपये की बढ़ोतरी हुई है। यहां के श्रमिकों को 1 अप्रैल से प्रतिदिन काम करने पर 237 रुपये मिलेंगे। उत्तर प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के जॉब कार्ड श्रमिकों को गांवों में काम करने पर अब 237 रुपये प्रतिदिन मिलेंगे। बुधवार को केंद्र सरकार ने प्रदेश में सात रुपये की बढ़ोतरी की है। यह बढ़े रुपये 1 अप्रैल से लागू होंगे। जबकि अभीतक 230 रुपये प्रतिदिन मिलते हैं। हर वर्ष मार्च के अंत में बढ़ोतरी होती है। पिछले वर्षों में 217, 213, 204 व 201 रुपये मिलते थे। उत्तराखंड में 237, मध्य प्रदेश में 243, पंजाब 322, राजस्थान 266, आंध प्रदेश में 300, अरुणाचल प्रदेश 234, असम 249, बिहार 245, छत्तीसगढ़ 243, गोवा, 356, गुजरात 280, हरियाणा 374, जम्मू कश्मीर 259 में रुपये मिलेंगे।

## मां की गोद से छीन कर बच्चे को सड़क पर फेंकने से हुई मौत

संवाददाता, हरदोई

- युवकों को तेज रफ्तार बाइक चलाने से रोका तो महिला को पीटा

**अमृत विचारः** बघौली थाने के चनोखर में नशे में धुत युवकों को तेज रफ्तार बाइक चलाने से रोका तो महिला की पिटाई की। वहीं, उसके चार वर्षीय बच्चे को गोद से छीन कर सड़क पर फेंक दिया, जिससे बच्चे की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि बच्चा बीमार था पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।

बघौली थाने के चनोखर का अखिलेश पंजाब में मज़दूरी करता है। उसकी पत्नी सोनी चार वर्षीय इकलौते बेटे शिवांश और तीन बेटियों के साथ गांव में रह रही है। सोनी ने बताया कि बुधवार शाम को गांव के कुछ युवक नशे की हालत में सड़क पर बाइक दौड़ा रहे थे। हादसे के डर से उन्हें रोका तो युवक झगड़ा करने लगे। विरोध पर पीटा और फिर गोद से शिवांश को छीन कर आरसीसी सड़क पर फेंक दिया। सिर में चोट लगने से शिवांश बेहोश हो गया। गुरुवार सुबह मेडिकल कॉलेज ला रहे थे, उसी बीच उसकी मौत हो गई। शिवांश के चाचा विमलेश ने पुलिस को गुड्डू, प्रदीप और प्रमोद के नाम तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## ग्रामीण की डंडे से पीटकर हत्या, गला भी रेता

संवाददाता, पुवायां (शाहजहांपुर)

- पास में ही मिला डंडा, फॉरेंसिक टीम ने इकट्ठा किए साक्ष्य
- एएसपी ग्रामीण ने किया मौका मुआयना, दो के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचारः** पुवायां क्षेत्र के गांव मुड़िगवां निवासी ग्रामीण की डंडे से पीटकर और गला रेत कर हत्या कर दी गई। गुरुवार सुबह उनका शव सबलापुर जाने वाले रोड किनारे खून से लथपथ मिला। गला भी कटा हुआ था। पास में खून से सना एक डंडा पड़ा था। एएसपी ग्रामीण ने मौका मुआयना किया। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य इकट्ठा किए। बेटे की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।


मृतक धर्मजीत

पुवायां क्षेत्र के गांव मुड़िगवां निवासी धर्मजीत के पुत्र नीतीश कुमार ने बताया कि बुधवार की शाम उसके पिता को गांव के सोहित और नरेश का साला निवासी गांव भूड़ा थाना बंडा 27 मार्च की शाम लगभग चार बजे बाइक पर बैठाकर ले गए। बहन सोनी और निशा ने देखा था। देर शाम तक पिता वापस नहीं आए तो तलाश किया। गुरुवार सुबह मुडिगवां व सबलापुर जाने वाले चकरोड के किनारे शव पड़ा मिला। नीतीश ने आरोप लगाया कि सोहित और नरेश के साले ने पिता की डंडे से पीटकर व गला काटकर हत्या कर दी। हालांकि वह दोनों आरोपियों से किसी रंजिश के बारे में नहीं बता सका। उसने तहरीर में कहा कि उसका चकरोड का विवाद पडोसी गांव दिउहना निवासी शंकरलाल, किशनकुमार, रामसिंह, धर्मपाल से चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एएसपी ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव मिला है। उसकी शिनाख्त मुड़िगवां निवासी धर्मजीत के रूप में हुई है। बेटे की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## कोटा में नीट की तैयारी कर रही लखनऊ की युवती ने दी जान

कोटा, एजेंसी

- लोगों ने दरवाजा तोड़कर निकाला कोचिंग छात्रा का शव

कोटा में एक और कोचिंग छात्रा ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस वर्ष कोटा में कोचिंग छात्र के आत्महत्या का ये आठवां मामला है।

लखनऊ की रहने वाली सौम्या कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रही थी। सौम्या महावीर नगर तृतीय इलाके के एक मकान में पेइंग गेस्ट के रूप में रह रही थी। उसे आखिरी बार होली के दिन देखा गया था। उसके बाद से वह घर से बाहर नहीं निकली थी। सौम्या के कोटा में ही रहने वाले एक दोस्त ने बुधवार को उसे फोन किया तो उसने नहीं उठाया। उसके कई बार फोन करने पर भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो चिंतित होकर दोस्त वह बुधवार शाम उसके मकान पहुंचा। बार-बार खटखटाने पर भी सौम्या ने दरवाजा नहीं खोला तो अन्य लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया तो छात्रा सौम्या फांसी के फंदे से लटकी मिली। पुलिस की सूचना पर सौम्या के परिजन कोटा पहुंचे। उनकी मौजूदगी में गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

## न्यूरिया खुर्द में घुसा बाघ, ट्रैंक्युलाइज किया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पीटीआर (पीलीभीत टाइगर रिजर्व) की महोफ रेंज से सटे गांव न्यूरिया खुर्द उर्फ शिवपुरिया में गुरुवार सुबह घुसे बाघ को करीब छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैंक्युलाइज कर पकड़ लिया गया। सुबह को बाघ एक मकान के पीछे बांस के पेड़ों के बीच जाकर बैठ गया था। रेस्क्यू के दौरान मौके पर जमा भीड़ को काबू में करने के लिए पुलिस एवं वन विभाग कर्मियों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। बाघ को पिंजड़े में बंद करके महोफ रेंज ले जाया गया है।



- 6 घंटे बांस के पेड़ों के बीच बैठा बाघ को महोफ रेंज ले जाया गया

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज से सटे गांवों में पिछले दो-तीन माह से बाघों की दहशत बनी हुई है। गुरुवार सुबह एक बाघ महोफ रेंज से सटे गांव न्यूरिया खुर्द उर्फ शिवपुरिया के समीप जा पहुंचा। बाघ को देख खेतों में काम रहे ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। कुछ देर बाद बाघ गांव में एक मकान के पीछे बैठ गया। दहशत में आए ग्रामीणों ने अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीमें मौके पर जा पहुंचीं। वन विभाग के अधिकारियों ने शासन से बाघ को ट्रैंक्युलाइज करने की अनुमति ली। इसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह के नेतृत्व में चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बाघ को ट्रैंक्युलाइज कर लिया गया। इस दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई थानों की पुलिस बुलानी पड़ी। रेस्क्यू के दौरान एएसपी विक्रम दहिया समेत पुलिस के कई अफसर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व और सामाजिक वानिकी प्रभाग के वनाधिकारी मौजूद रहे।

**प्रतिक्रिया** वकीलों के पत्र पर मोदी ने कहा – दूसरों को डराना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति, 140 करोड़ भारतीयों ने ठुकराया

## दबाव डालने वालों के खिलाफ सीजेआई को 600 वकीलों का पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और 'बार काउंसिल ऑफ इंडिया' के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा समेत 600 से ज्यादा प्रमुख वकीलों ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर न्यायपालिका पर दबाव डालने और अदालतों को बदनाम करने के प्रयास के आरोप लगाए। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और दावा किया कि 'दूसरों' को धमकाना और धौंस दिखाना विपक्षी पार्टी की 'पुरानी संस्कृति' है।



प्रधान न्यायाधीश को लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि एक 'निहित स्वार्थी समूह बेकार के तर्कों और घिसे-पिटे राजनीतिक एजेंडा' के आधार पर न्यायपालिका पर दबाव डालने और अदालतों को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। इस पत्र की प्रति के साथ 'एक्स' पर की गई एक पोस्ट को टैग करते हुए प्रधानमंत्री ने लिखा, दूसरों को धमकाना और धौंस दिखाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है। पांच दशक पहले ही उसने एक प्रतिबद्ध न्यायपालिका का आह्वान किया था। वे बेशर्मी से अपने हितों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता चाहते हैं लेकिन राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से दूर रहते हैं। उन्होंने दावा किया, कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीय उन्हें खारिज कर रहे हैं। सूत्रों द्वारा साझा किए पत्र में बिना नाम लिए वकीलों के वर्ग पर निशाना साधा गया है।

### प्रधानमंत्री की टिप्पणी पाखंड की पराकाष्ठाः कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने वकीलों के समूह द्वारा सीजेआई को पत्र लिखे जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को पाखंड की पराकाष्ठा करार देते हुए आरोप लगाया कि 10 वर्षों में चीजों को तोड़ने-मरोड़ने, ध्यान भटकाने और लोगों को बदनाम करने का काम किया गया है। हाल के हफ्तों में उच्चतम न्यायालय ने उन्हें कई झटके दिए हैं और चुनावी बॉण्ड योजना इसका उदाहरण है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, नरेन्द्र मोदी, आप न्यायपालिका की बात कर रहे हैं। आप भूल जाते हैं कि उच्चतम न्यायालय के 4 वरिष्ठतम न्यायाधीशों को एक अभूतपूर्व प्रेस वार्ता आयोजित करने और लोकतंत्र को नष्ट किए जाने के खिलाफ चेतावनी देने के लिए मजबूर किया गया था। वह आपके शासन में हुआ। महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, न्यायपालिका की रक्षा के नाम पर, न्यायपालिका पर हमले की साजिश रचने और इसमें समन्वय करने में प्रधानमंत्री की बेशर्मी पाखंड की पराकाष्ठा है। हाल के हफ्तों में उच्चतम न्यायालय ने उन्हें कई झटके दिए हैं।

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा

सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर



डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)

सम्पर्क करें :
9058575790
8077383286

- चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
- बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
- बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
- महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
- बवासीर, फिशर
- मानसिक रोग (डिप्रेशन)
- चेहरे के कील, मुहांसे
- मिर्गी
- माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
- ब्लड प्रेशर, शुगर
- सियाटिका का दर्द
- मानसिक दुर्बलता
- मोटापा
- पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
- साइनस
- टॉसिंल का बढ़ जाना
- थायराइड
- जोड़ों का दर्द
- गुप्त रोग

पता :
116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली

समय :
सोमवार से शनिवार
प्रात: 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार
12 बजे से 2 बजे तक

# डांस में छाया और मॉडलिंग में आरुषि रहीं सर्वश्रेष्ठ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** स्काउट भवन प्रशिक्षण केंद्र में नृत्य आर्ट स्टूडियो के तत्वावधान में द टैलेंट वार शो के ग्रैंड फिनाले का आयोजन हुआ। बच्चों ने नृत्य और मॉडलिंग से अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाया। विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया।

आयोजक नृत्य आर्ट स्टूडियो की डायरेक्टर सोनम कश्यप ने कहा कि बच्चों की रुचियों को पहचानें और उन्हें अवसर दें, तो वह अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। निर्णायक टीवी शो के डायरेक्टर राहुल आर्य ने डांस और मॉडलिंग के टिप्स बताए। मुख्य अतिथि सुमित परिहार ने बच्चों को सम्मानित किया।डांस प्रतियोगिता में छाया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राधिका ने द्वितीय और कविता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मॉडलिंग में आरुषि प्रथम, नित्य तोमर द्वितीय और सिद्धी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। होस्ट की भूमिका में शालू गोस्वामी रहीं।



द टैलेंट वार शो के ग्रैंड फिनाले में नृत्य करती किशोरी।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582



डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518



डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289



डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- घबराहट • छाती में दर्द या भारीपन • सांस फूलना • पैरों में सूजन • हाई ब्लडप्रेशर • हाई कोलेस्ट्रोल • डाइबिटीज (शुगर) • सीने या पेट में जलन या दर्द • हार्ट अटैक • हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

आयुष्मान काई धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन



डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रात: 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली



डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393



डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रात: 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

# सलारपुर में तेंदुआ की दहशत, अकेले खेत पर जाने से कतरा रहे किसान

## वन विभाग की टीम क्षेत्र में बनाई है डेरा, रात में की जा रही गश्त

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** तेंदुआ को घेरने को लगाई गई वन विभाग की दोनों टीमों को अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है जबकि क्षेत्र के लोग भय के चलते घरों से नहीं निकल रहे हैं। पुलिस के साथ ग्रामीण और वन विभाग के कर्मचारी सलारपुर क्षेत्र में गश्त कर रहे हैं। वन अधिकारी आशंका जता रहे हैं कि तेंदुआ इधर से निकल चुका है इसलिए उसकी लोकेशन नहीं मिल रही है।

आंवला रोड स्थित सलारपुर औद्योगिक इलाके में 23 मार्च की रात को एक तेंदुआ एक फैक्ट्री के बाहर बैठा देखा गया था। फैक्ट्री कर्मचारी ने तेंदुआ का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इसके साथ ही फैक्ट्री गेट पर लगे सीसीटीवी फुटेज में भी तेंदुआ देखा गया था। तेंदुआ होने की सौ प्रतिशत पुष्टि हो जाने के बाद वन विभाग भी हरकत में आ गया। वन विभाग ने 24 मार्च को इस इलाके में खोजबीन की मगर कहीं तेंदुआ नहीं मिला। न ही उसके पद चिह्न दिखाई दिए। 25 मार्च को भी तेंदुआ इस इलाके में देखा गया। जबकि वन विभाग की टीम को यहां तेंदुआ नहीं दिखा।



सलारपुर क्षेत्र में तैनात वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

- **औद्योगिक क्षेत्र में दिखे तेंदुआ का वायरल हुआ था वीडियो**

वन विभाग ने दो टीमें इस क्षेत्र में तैनात कर दी हैं। एक टीम दिन में काम करती है जबकि दूसरी टीम रात को सक्रिय रहती है। इसके साथ ही पुलिस भी रोड पर गश्त करती है। तेंदुआ होने की खबर आस पास के गांवों को मिली तो लोगों में डर फैल गया। लोगों ने घरों से निकलना भी बंद कर दिया है। रात को फसलों की रखवाली करने वाले किसान भी घर से नहीं निकल रहे हैं। आंवला रोड पर शाम के समय लोग साइकिल या मोटर साइकिल से नहीं निकल रहे हैं। ग्रामीणों ने अपने पशुओं को भी घरों में ही बांधना शुरू कर दिया है। भय का आलम यह है कि स्कूल जाने वाले बच्चे भी अकेले स्कूल नहीं जा रहे हैं। कुछ ने स्कूल जाना भी बंद कर दिया है। रात को लोग सड़कों पर पहरेदारी करते हैं। छतों पर भी ग्रामीण जागते रहते हैं।

> बुधवार की शाम को भी तेंदुआ होने का शोर मचा था। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, इधर-उधर खोजबीन की तो कहीं तेंदुआ नहीं मिला। लगता है कि तेंदुआ इधर से निकल चुका है। इसलिए उसकी लोकेशन नहीं मिल रही है। तेंदुआ कभी भी एक स्थान पर नहीं टिकता है। वह इधर उधर छिपता रहता है। यहां सतर्कता बढ़ जाने से वह निकल गया है। फिर भी वन विभाग की दो टीमें सलारपुर क्षेत्र में गश्त कर रही हैं। ग्रामीणों की सूचना पर त्वरित अमल किया जा रहा है। ग्रामीणों को सतर्क रहने को कहा गया है।
>
> -आकांक्षा अग्रवाल, रेंजर शहर क्षेत्र

सलारपुर फैक्ट्री क्षेत्र के आस पास खेत हैं। जहां जंगल भी नहीं है। इसलिए तेंदुआ को छिपने की जगह नहीं है। रात को फैक्ट्री क्षेत्र में सन्नाटा रहता है। इसलिए संभव है कि तेंदुआ किसी फैक्ट्री के खंडहर में छिपा बैठा हो। ग्रामीणों का कहना है कि अभी तेंदुआ इसी इलाके में है।

# टीबी मरीजों को गोद लेकर उपलब्ध कराई पोषण पोटली

**बदायूं,अमृत विचार :** विश्व क्षयरोग दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को कलेक्ट्रेट में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसकी शुरुआत जिलाधिकारी मनोज कुमार द्वारा की गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिला अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी, उपजिलाधिकारी एवं ममता एनजीओ, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के मेंबर डॉ. सत्यपाल ने हस्ताक्षर किए।

हस्ताक्षर अभियान के बाद क्षय रोगियों को गोद लेने की प्रक्रिया शुरू की गयी। जिलाधिकारी ने दो टीबी के मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली दी। रेड क्रॉस सोसाइटी के मेंबर डॉ. सत्यपाल ने 70 टीबी के मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली उपलब्ध कराई। डॉ. विनेश कुमार द्वारा क्षय रोग की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रमों में विशेष सहयोग के लिए डॉ. सत्यपाल का धन्यवाद दिया। हस्ताक्षर अभियान में आसिफ रजा, संदीप राजपूत, सूरजपाल, सुदेश सक्सेना, विमल पाठक, प्रेमचंद, सर्वेश, राजीव, शुभम, सोमेन्द्र, बृजेश राठौर, शंकर,शैलेश, गुलशन आदि कर्मचारी रहे।

# होली मिलन समारोह में महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समां बांधा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** ब्राह्मण महिला जागृति मंच द्वारा एक होटल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। देर शाम तक चले आयोजन में महिलाओं ने उत्साह और उमंग के साथ सहभागिता की। सभी ने एक दूसरे को होली की बधाई दी। गीत, नृत्य, चुटकुले, रोचक गेम्स, सरप्राइज आदि से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम का आरंभ सहायक वाणिज्य कर अधिकारी आकांक्षा पांडेय ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर वृंदावन के कलाकारों ने मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत किये, फूलों की होली में सभी ने आनंद लिया। संस्था की ओर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अर्चना मिश्रा, मधु शर्मा, सुनीती उपाध्याय, साक्षी, लक्ष्मी, सलोनी पाठक ने गीत प्रस्तुत किये। रंजना शर्मा, रितु कपिल, काजल दुबे, नीलिमा शर्मा आदि ने नृत्य प्रस्तुत किये। विभिन्न गेम्स में प्रतिभाग करने पर जीतने वाली महिलाओं को उपहार दिए गये। आयोजन समिति की सदस्य सुनीति उपाध्याय, ऋचा अशेष, सलोनी पाठक, श्रुति शंखधार, माला पाराशर, पारुल वशिष्ठ, नीलू शर्मा व तनु श्रोत्रिय ने कार्यक्रम सम्पन्न कराया। इस अवसर पर मंजुल शंखधार, रजनी मिश्रा, मीनू राज, अर्चना मिश्रा, सुषमा भट्टाचार्य, रितु कपिल, मधु शर्मा, अनुपम शर्मा, नीतू शर्मा, छवि त्रिवेदी, मंजू मिश्रा, नीतू शर्मा, रीता पाण्डेय, रेनू त्रिवेदी, काजल दुबे, अनुराधा, रंजना शर्मा, निधि शर्मा, अनुपम शर्मा, साक्षी शर्मा, उपासना शर्मा, राशी पाठक, सुरभि पाराशर, शिखा दीक्षित, अंकिता शंखधार, स्वाति, भावना, दीक्षा दुबे, लक्ष्मी शंखधार, रितु शर्मा, लवली आदि उपस्थित रहीं।



होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।

# रेडीनेस कार्यक्रम से खेल खेल में पढ़ेंगे नौनिहाल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों के बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई कराई जाएगी। इसके लिए स्कूलों में विद्या ज्ञान प्रवेश के साथ ही रेडीनेस कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस अभियान से बच्चों के बौद्धिक विकास में वृद्धि होगी। वहीं दूसरी ओर कक्षा एक से दो तक के बच्चों को एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई कराई जाएगी।

एक अप्रैल से शुरू होने वाले नवीन सत्र में प्रवेश प्रक्रिया को प्रारंभ किया जाएगा। साथ ही रेडीनेस कार्यक्रम को भी चलाया जाएगा। इस बार विद्यालयों में कक्षा एक व दो में एनसीईआरटी की पुस्तकें विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके लिए प्रत्येक विद्यालय में एक शिक्षक को नोडल शिक्षक के रूप में नामित किया जाएगा। विद्यालय में नव प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को नोडल अध्यापक कला, क्राफ्ट से संबंधित कहानी, वाचन, कविता के माध्यम से कक्षा का वातावरण तैयार करेंगे। बच्चों को आउटडोर खेल के साथ आपस में मिलकर कार्य करने की सीख शिक्षकों द्वारा दी जाएगी। इस कार्यक्रम की डायट प्राचार्य, एआरपी, एसआरजी, खंड शिक्षा अधिकारी व ब्लॉक व जिला स्तरीय कमेटी मॉनिटरिंग करेंगे। जिला समन्वयक पीसी श्रीवास्तव ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारियों को गाइड लाइन उपलब्ध करा दी गई।

- **बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में चलाया जाएगा रेडीनेस कार्यक्रम**
- **नए सत्र से कक्षा एक और दो के बच्चों को एनसीईआरटी की किताबों से कराई जाएगी पढ़ाई**

> नए सत्र में कक्षा एक से दो तक के बच्चों को इस बार एनसीईआरटी किताबों से पढ़ाई कराई जाएगी। साथ ही स्कूलों में रेडीनेस कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। विद्यालय में गतिविधियां संचालित कराने के लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है।
>
> -स्वाती भारती, बीएसए

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम




वार्षिकोत्सव में डांस करते बच्चे।

**वजीरगंज।** कस्बा स्थित कन्या उच्च प्राथमिक पाठशाला में वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बैंक ऑफ बड़ौदा के मैनेजर ने बच्चों की सुविधा को देखते हुए कंप्यूटर प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि बैंक ऑफ बड़ौदा बैंक के मैनेजर कुलदीप पाल, सभासद सुमित कुमार, एआरपी अंबिका सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। वार्षिक उत्सव के दौरान स्कूल के बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में इंचार्ज प्रधानाध्यापिका सपना वार्ष्णेय, आयुषी, खुशनम, मुस्कान आदि मौजूद रहीं।

# डीएम ने रोपित पौधों की रिपोर्ट मांगी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** इस मानसून पौधों को लगाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए डीएम ने वन विभाग को दो बड़े स्थलों का चयन करने के लिए कहा है। साथ ही उनसे पूर्व में लगाए गए पौधों की सत्यापन रिपोर्ट भी मांगी है। जिसे दस दिनों में वन विभाग को देनी होगी।

कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि गत वर्ष किए गए पौधरोपण अभियान में से संबंधित सत्यापन रिपोर्ट दस दिनों के अंदर उपलब्ध कराई जाए। जनपद में वृहद पौधरोपण के लिए 55 हेक्टेयर के एक स्थल व अन्य स्थल पर पौधरोपण करने के स्थान चिह्नित करने के लिए भी वन विभाग के अधिकारियों को आदेशित किया। इसके अलावा उन्होंने ईवी चार्जिंग स्टेशन, बैटरी वाहनों की जानकारी संबंधित अधिकारियों से मांगी। जिलाधिकारी ने बिल्सी, बिसौली व बदायूं के चार नालों के विभिन्न पैरामीटर पर आख्या उपलब्ध कराने को कहा। सीडीओ केशव कुमार ने बताया कि शहर के नालों का सैंपल टेस्टिंग के लिए उत्तर प्रदेश पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा भेजा गया है। बैठक में एडीएम प्रशासन रेनू सिंह, जिला वन अधिकारी प्रदीप कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### पीड़ित परिवार से मिला संयुक्त प्रतिनिधिमंडल



**बदायूं।** जनहित सत्याग्रह मोर्चा, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन, राष्ट्रीय दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक महासंघ एवं पावर कारपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ का एक संयुक्त प्रतिनिधि मंडल बाबा कालोनी में हुई दर्दनाक घटना के पीड़ित परिवार से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। परिवार की हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मोर्चा के अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह ने बच्चों के पिता विनोद सिंह से घटना के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा घटना में अब तक हुई पुलिस प्रशासन की कार्रवाई के बारे में भी जानकारी ली। विनोद सिंह ने बताया कि प्रशासन उनकी मदद कर रहा है। लेकिन चिंता का विषय यह है कि घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। प्रतिनिधि मंडल में प्रेमपाल सिंह, हर्षवर्धन, ठाकुर धीरेंद्र कुमार सिंह, डॉ. सतीश, टीटू पटेल, नरेंद्र सिंह आदि लोग शामिल रहे।

### टैलेंट शो में बाल कलाकारों ने किया प्रदर्शन



**रुदायन।** लिटिल स्टार मोशन पिक्चर के बैनर तले नगर में टैलेंट शो का आयोजन किया गया। जिसमें नगर एवं दूरदराज के दर्जनों बाल एवं युवा कलाकारों ने अपनी कला को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का आरंभ वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम को चार भागों में सिंगिंग, डांसिंग, मॉडलिंग एवं एक्टिंग में विभाजित किया गया था। भाजपा नेता ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्रीय कलाकारों की कला को उभारना व उन्हें मंच प्रदान करना है। ऐसे कार्यक्रम होते रहने से स्थानीय कलाकारों का मनोबल बढ़ेगा और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम आयोजक कुलदीप प्रजापति, उदयवीर सिंह व हेमंत पाल रहे। संचालन अशोक कुमार ने किया। इस अवसर पर हरी शंकर गुप्ता, मनोज गुप्ता, नीरज गुप्ता, अशोक यादव, विद्यारतन चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अजय गुप्ता, अंसार अली, जितेंद्र गोला, भीष्मपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### किंडरगार्टन अपग्रेडिंग सेरेमनी में थिरके बच्चे



**बदायूं।** टिथोनस इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को किंडरगार्टन अपग्रेडिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। प्री नर्सरी से कक्षा दो तक के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साह पूर्वक भाग लिया। दीप प्रज्जवलन तथा सरस्वती वंदना के बाद बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथियों ने प्री- प्राइमरी विंग को छोड़ प्राइमरी विंग में प्रवेश कर रहे विद्यार्थियों को कन्वोकेशन ड्रेस में सर्टिफिकट देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबंधक शरद बंसल ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रधानाध्यापक दीपक अग्रवाल ने कहा कि यह अपग्रेडिंग सेरेमनी विद्यार्थियों के हौसलों को बुलंद करने मकसद से करवाई गई है।

### पूर्व बीईओ को दी विदाई, नवागत का किया स्वागत




**बदायूं।** बीआरसी असरासी पर प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा कादरचौक के तत्वाधान में पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी अमूल कुमार अग्रवाल का विदाई तथा नवागत खंड शिक्षा अधिकारी दिलीप कुमार कनौजिया का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार पांडेय, पंकज कुमार राजन जिला उपाध्यक्ष, भरत सिंह कोषाध्यक्ष तथा मोरध्वज जिला संयुक्त मंत्री की उपस्थिति में मेहमानों का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जाकिर अली खां तथा देवेंद्र कुमार ने किया। ब्लॉक अध्यक्ष विवेक कुमार द्विवेदी, ब्लॉक मंत्री सुभाष सागर, नवेद, रामवीर सिंह यादव, स्मृति परमार ने अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। शाहनवाज, जमीर अहमद, सर्वेश राठौर, सुनील कुमार ने शिक्षकों व कर्मचारियों को सम्मानित किया।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

रमज़ान मुबारक
29 मार्च 2024 अठ्ठारहवां रोज़ा इफ्तार 6:33
30 मार्च 2024 उन्नीसवां रोज़ा सहरी 4:41
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
लाइफ केयर हॉस्पिटल
निकट बी.आर.बी. स्कूल, बरेली रोड, बदायूँ
मो. इमरान चौधरी
डायरेक्टर
विशेष सुविधाएं :
● हड्डी के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा। ● महिलाएं के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा। ● बी.पी., शुगर व डेंगू के मरीजों के लिए विशेष इलाज की सुविधा। ● आई.सी.यू. की सुविधा।
24 घण्टे मेडीकल व इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
9758669652, 8474913186

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# आरटीई के तहत दिया दाखिला, अब रोका रिजल्ट

## निजी स्कूलों में कक्षा 8 की परीक्षा कर चुके हैं उत्तीर्ण, अभिभावकों ने बीएसए से की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** आरटीई के तहत निजी स्कूलों में कक्षा आठ तक की पढ़ाई पूरी कर चुके बच्चों का कुछ स्कूलों द्वारा रिपोर्ट कार्ड रोक दिया गया है। उनसे एनुअल चार्ज के तहत धनराशि की मांग की जा रही है। वहीं दूसरी ओर लॉटरी प्रक्रिया के तहत चयनित बच्चों का भी स्कूलों द्वारा प्रवेश लिए जाने में आनाकानी की जा रही है। जिसकी शिकायत अभिभावकों ने बीएसए से की है।

जिले में एक हजार से अधिक स्कूलों में दस हजार से अधिक बच्चे आरटीई के तहत पढ़ाई कर रहे हैं। निजी स्कूलों में आरटीई के तहत अध्ययनरत तीन हजार से अधिक बच्चे कक्षा आठ में उत्तीर्ण हुए हैं। हाल ही में कुछ स्कूलों में वार्षिक परीक्षाओं की समाप्ति के बाद रिपोर्ट कार्ड बच्चों में वितरण किया जा रहा है। परंतु आटीई के तहत कक्षा आठ तक की पढ़ाई पूरी कर चुके बच्चों का निजी स्कूलों द्वारा रिपोर्ट कार्ड रोक दिया गया। उनसे एनुअल चार्ज के तहत धनराशि की मांग की जा रही है। जिसका अभिभावकों द्वारा विरोध किया गया। उसके बाद भी स्कूल संचालकों के द्वारा बच्चों को रिपोर्ट कार्ड नहीं दिया गया। इस पर अभिभावकों ने बीएसए कार्यालय पहुंचकर शिकायत की है। आवास विकास निवासी शिवानी ने कहा कि उनकी बेटी शहर के एक निजी स्कूल में निःशुल्क शिक्षा के तहत पढ़ाई कर रही थी। इस साल उसने कक्षा आठ की परीक्षा उत्तीर्ण की है। बताया कि स्कूल में वार्षिक परीक्षा समाप्त होने के बाद रिपोर्ट कार्ड वितरण किया रहा है। उनकी बेटी को स्कूल प्रबंधन द्वारा रिपोर्ट कार्ड नहीं दिया। यह कहकर उसे भेज दिया कि पहले एनुअल चार्ज जमा कराईए। वहीं रुपेंद्र ने बीएसए से शिकायत करते हुए कहा कि स्कूल आवंटित होने के बाद उनके बच्चे का प्रवेश नाम में त्रुटि होने की वजह से नहीं लिया गया।

> जो स्कूल नि:शुल्क शिक्षा के तहत बच्चों का प्रवेश नहीं ले रहे हैं और पहले से अध्ययनरत बच्चों का रिपोर्ट कार्ड जारी नहीं कर रहे हैं। उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। अगर इसके बाद भी उनके द्वारा आदेशों का पालन नहीं होता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> –स्वाती भारती, बीएसए

# रिपोर्ट कार्ड के बजाए विद्यालयों में भेज दी फोटो स्टेट कॉपी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- रिपोर्ट कार्ड की फोटो स्टेट कॉपी तेजी से हो रही वायरल, शिक्षकों के व्हाटसअप ग्रुप में हो रही चर्चा
- शासन से भेजी गई धनराशि विभाग ने बीआरसी को की गई थी आवंटित

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग में एक नया खेल सामने आया है। परीक्षा के बाद बच्चों में वितरण के लिए रिपोर्ट कार्ड छपवाने के बजाए परियोजना से भेजे गए रिपोर्ट कार्ड के फॉर्मेट की फोटो कॉपी स्कूलों में भेज दी गई। जिसका फोटो किसी ने शिक्षकों के ग्रुप में वायरल कर दिया। रिपोर्ट कार्ड की फोटोकॉपी वायरल होने के बाद शिक्षकों की बीच इसकी चर्चा हो रही है। वायरल हो रही रिपोर्ट कार्ड की फोटो कॉपी जगत विकास खंड की बताई जा रही है।

परिषदीय स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों के बीच वार्षिक परीक्षा के बाद रिपोर्ट कार्ड छपवाने के लिए दो रुपए प्रति कार्ड के हिसाब से शासन द्वारा पांच लाख से अधिक का बजट बेसिक शिक्षा विभाग को भेजा था। शासन से मिली धनराशि को बीएसए द्वारा बीआरसी केंद्रों पर आवंटित कर दी। उनके द्वारा सभी बीईओ को रिपोर्ट कार्ड मानक के अनुसार छपवाने के आदेश दिए थे। बताया जा रहा है कि रिपोर्ट कार्ड छपवाने के स्थान पर राज्य परियोजना निदेशक द्वारा भेजे गए रिपोर्ट कार्ड का प्रिंट निकाल कर शिक्षकों को दे दिए गए। रिपोर्ट कार्ड की फोटो स्टेट कॉपी एक शिक्षक द्वारा शिक्षकों के व्हाट्सएप ग्रुप में डाल दी। जो कि वायरल हो गई। वहीं नाम न छापने की शर्त पर कुछ शिक्षकों ने बताया कि भेजी गई फोटो कॉपी पर ही रिजल्ट बनाना शुरू भी कर दिया गया है।


व्हाटसएप ग्रुप में वायरल रिपोर्ट कार्ड की फोटो स्टेट कॉपी।

> रिपोर्ट छपवाने के लिए ब्लॉक के कर्मचारियों को निर्देश दिए गए थे। अगर उनके द्वारा रिपोर्ट कार्ड न छपवा कर उसकी फोटो स्टेट कॉपी स्कूलों में भेजी गई हैं तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। –रमेश चंद्र जौहर, बीईओ जगत।

> रिपोर्ट कार्ड की फोटो स्टेट कॉपी स्कूलों में भेजने की जानकारी नहीं है। जानकारी कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> –स्वाती भारती, बीएसए

# बकाया वसूलने गई टीम के साथ ग्रामीणों ने की मारपीट

- बिल्सी के गांव गड़रपुर का मामला, पुलिस जांच में जुटी

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव गड़रपुर में गुरुवार की दोपहर बकाया बिजली बिल वसूलने गई टीम के साथ गांव के कुछ लोगों ने गाली-गलौच करते मारपीट कर दी। जिसके बाद टीम ने इसकी सूचना पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

स्थानीय बिजलीघर पर तैनात टीजी टू राजेश कुमार अपनी टीम के साथ उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पांच हजार रुपए से अधिक धनराशि की बकाया अदा न करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्र के गांव गड़रपुर गए थे। गांव के कुछ लोगों से बकाया धनराशि को वसूल कर एवं कनेक्शन विच्छेदन कर लौट रहे थे तभी गांव कुछ लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने में वह मारपीट करने पर उतारू हो गए। इस दौरान टीम के सदस्य यासीन के दो डंडे भी मार दिए। जिसके बाद 112 पुलिस को फोन पर सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गांव के लोगों को शांत किया। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

# इमरजेंसी में बढ़ाया गया स्टाफ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला अस्पताल में चुनाव को लेकर की गयी व्यवस्था
- डीएम की इजाजत के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे कर्मचारी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिला अस्पताल में डॉक्टरों और कर्मचारियों की छुट्टी रद कर दी गई हैं। साथ ही निर्देशित किया गया है कि यदि किसी को अपरिहार्य कारणों से बाहर जाना है तो जिलाधिकारी से अनुमति लेनी होगी। यदि बिना अनुमति के कोई कर्मचारी बाहर जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार शुरू होने वाला है। नेताओं की चुनावी रैलियां आयोजित की जाएंगी। अधिक भीड़भाड़ को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिला अस्पताल में किसी भी डॉक्टर या अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी को छुट्टी नहीं दी जाएगी। कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति लिए मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। इसके लिए 27 मार्च से सभी को लिखित आदेश पारित कर दिया गया है। आदेश की कापी डॉक्टरों और कर्मचारियों को दे दी गयी है। जिसकी जहां ड्यूटी लगाई गई है वह वहीं पर तैनात रहेगा। अस्पताल में अब हर दिन निरीक्षण किया जाएगा, जिससे यह पता लगाया जा सके कि कौन कहां पर ड्यूटी कर रहा है। यदि कोई कर्मचारी गैर हाजिर मिलता है तो उसका एक दिन का वेतन काटा जाएगा साथ ही विभागीय कार्रवाई की जाएगी। चुनाव प्रचार के दौरान कहीं पर दुर्घटना होने पर जिला अस्पताल में उसे त्वरित उपचार देने के लिए अस्पताल प्रशासन पूरी तरह तैयार है। इसके साथ ही रोज आने वाले मरीजों को समय पर दवाएं मिल सकें इस पर भी विशेष नजर रखी जा रही है।

जिला अस्पताल की इमरजेंसी में स्टाफ की संख्या बढ़ा दी गयी है। अब इमरजेंसी में प्रत्येक शिफ्ट में एक डॉक्टर, एक फार्मासिस्ट, एक स्टाफ नर्स, दो वार्ड ब्यॉय, और एक स्वीपर रहेगा। फार्मासिस्ट और स्टाफ नर्स को बढ़ाया गया है। यह स्टाफ 24 घंटे इमरजेंसी में रहेगा। अस्पताल की व्यवस्था पर विशेष नजर रखने के जिलाधिकारी के आदेश हैं। जिलाधिकारी कभी भी यहां का जायजा ले सकते हैं।

> लोकसभा चुनाव के समय कहां किसी जगह पर दुर्घटना हो जाए, इसलिए जिलाधिकारी के आदेश पर सभी की छुट्टियां रद कर दी गयी हैं। यदि किसी को जरूरी कार्य से कहीं जाना है तो जिलाधिकारी की अनुमति लेनी जरूरी होगी। जिला मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। अस्पताल में सभी तरह की दवाएं मौजूद हैं मरीजों को किसी तरह की परेशानी नही होने दी जाएगी।
> –डा. कप्तान सिंह – सीएमएस।

# बैठक में अनुपस्थित रहे ड्रग इंस्पेक्टर का जवाब तलब

**बदायूं, अमृत विचार:** डीएम ने गुरुवार को नारकोटिक कोऑर्डिनेशन की बैठक ली। जिसमें ड्रग इंस्पेक्टर अनुपस्थित रहे। उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही ओवर रेटिंग और अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के आदेश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

जिलाधिकारी मनोज कुमार ने अधिकारियों से कहा कि अफीम की खेती बिना अनुमति न होने पाए। लाइसेंस धारकों को ही अफीम की खेती करने के लिए आदेशित किया जाए। बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहे ड्रग इंस्पेक्टर से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश ने दिए। साथ ही आबकारी विभाग को ओवर रेट और अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने के लिए कहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रेनू सिंह, जिला आबकारी अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सिविल लाइन क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की तहरीर पर दर्ज हुई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** एक युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने शादी के लिए कहा तो युवक ने उसे धमकाया। युवती के परिजनों ने युवक के घर जाकर शिकायत की तो उसके परिजनों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दुष्कर्म और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि हेमंत कुमार ने उसे शादी का झांसा देकर प्रेम जाल में फंसा लिया और यौन शोषण करता रहा। युवती ने परिजनों को बताने की बात कही तो हेमंत उसे धमकाता रहा। इसके बाद युवती ने अपनी मां को जानकारी दी। मां ने युवती के भाइयों को इस बारे में बताया। युवती के परिजन 18 मार्च को आरोपी हेमंत कुमार के घर गए। युवक के परिजन युवती के परिजनों से गाली-गलौज करने लगे। जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद युवती ने परिजन के साथ कोतवाली जाकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। हेमंत को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। बाकी आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## शौच को गई महिला से दुष्कर्म की कोशिश, रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं।** शौच को खेत पर गई महिला को एक युवक ने पकड़ लिया। अश्लीलता करते हुए तमंचे के बल पर दुष्कर्म की कोशिश की। विरोध करने पर महिला को पीटा। पीड़िता के पति ने तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि 26 मार्च को सुबह लगभग पांच बजे उनकी पत्नी खेत पर शौच के लिए गई थी। गांव निवासी पुत्तन तमंचा लेकर पहुंच गया। उनकी पत्नी से अश्लीलता की। तमंचा दिखाते हुए उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की। महिला चिल्लाई तो पुत्तन ने उसे पीट दिया। शोर सुनकर ग्रामीण आ गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

## बिल्सी कोतवाल को कोर्ट ने किया तलब

**बदायूं।** सीजेएम मोहमद साजिद ने प्रभारी निरीक्षक बिल्सी को आदेश का अनुपालन न करने पर तलब किया है। 6 अप्रैल तक लिखित जवाब प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। जवाब न देने पर न्यायालय के आदेश की अवहेलना किए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली बिल्सी में सरकार बनाम सौदान सिंह की एनसीआर दर्ज की गई थी। इस मामले में सीजेएम ने नोटिस जारी किया था। पूछा था कि इस प्रकरण में हस्तलिखित नकल दाखिल की गई थी, जिस पर किसी के हस्ताक्षर नहीं है। 2 सितंबर 2023 को सीजेएम ने प्रभारी निरीक्षक को आदेश किया था कि एनसीआर की सत्यापित प्रति न्यायालय में दाखिल करें। फिर भी थाना प्रभारी द्वारा न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं किया गया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**विजय नगला।** जनपद संभल के कस्बा बहजोई निवासी अर्जुन 35 वर्ष पुत्र महेंद्र प्रसाद, धर्मवीर 25 वर्ष पुत्र छोटेलाल बाइक से गुरुवार की शाम करीब सात बजे थाना बिनावर क्षेत्र के गांव बिलहत में अपने रिश्तेदारों से होली मिलने जा रहे थे। गांव सिकरोड़ी बिलहत रोड पर सामने से आलू की बोरी लदा ट्रैक्टर आ रहा था तभी दोनों की आमने-सामने की टक्कर हो गयी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गये। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस को देख ट्रैक्टर चालक मौके से भाग गया।

## तिहाड़ जेल में बंद मिला 25 हजार का इनामी

**मुजरिया।** मुजरिया थानाध्यक्ष आरती कौशिक ने बताया कि कोतवाली बिसौली क्षेत्र के मोहल्ला मल्यान नई बस्ती निवासी राशिद पुत्र असीर अहमद शातिर अपराधी है। उस पर लूट आदि के कई मुकदमे चल रहे हैं। वह फरार चल रहा है। जिसके चलते एसएसपी ने दो फरवरी को उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई थीं। वह दिल्ली के मुस्तफाबाद में रहता था। जहां लूट की घटना में वह तीन महीने पहले तिहाड़ जेल भेजा गया था। वह जेल नंबर चार में बंद है। तीस हजारी कोर्ट में मुकदमा चल रहा है।

## अंधविश्वास में किशोरी ने गले पर मारा ब्लेड

**बदायूं।** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला मीरा सराय गिहार बस्ती निवासी किशोरी बीमार चल रही थी। परिजनों के अनुसार चिकित्सकों को दिखाने के बाद भी उसे आराम नहीं मिला था। किसी ने हवा का चक्कर बताया तो उसे हकीम के पास ले गए थे। फिर भी कोई फायदा नहीं हुआ। अंधविश्वास में आकर किशोरी ने गुरुवार शाम अपने गले में ब्लेड मार लिया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

## भाई से कहासुनी के बाद युवक ने पीया तेजाब

**बदायूं।** थाना उसावां क्षेत्र के वार्ड एक निवासी रूमराम के बेटे विकास की किसी बात को लेकर अपने भाई से कहासुनी हो गई थी। जिससे आहत होकर विकास ने घर में रखा तेजाब पी लिया। उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# मनरेगा कार्य में लगी ट्रैक्टर ट्राली रोकी, रुपये मांगने का आरोप

संवाददाता, कुंवरगांव

- गांव में सीसी रोड निर्माण के लिए ट्रैक्टर ट्राली से डाली जा रही थी मिट्टी

**अमृत विचार:** सालारपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव में सीसी रोड का निर्माण हो रहा है। इसके लिए मिट्टी डाली जा रही है। मिट्टी कार्य में लगी ट्रैक्टर ट्राली को थाना पुलिस ने रुकवा दिया। जिससे काम प्रभावित हो गया। ग्राम प्रधान ने पुलिस कर्मियों पर रुपये मांगने का आरोप लगाते हुए थाना प्रभारी से शिकायत की है।

गांव हुसैनपुर करौतिया के ग्राम प्रधान शहंशाह आलम ने बताया कि गांव में सीसी रोड का निर्माण हो रहा है। इस कार्य के लिए मिट्टी डाली जा रही है। मिट्टी लाने के लिए बीडीओ से परमिशन ली गई है। चालक गजेंद्र सिंह ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी ला रहा था।। उन्होंने आरोप लगाया कि मिट्टी ला रही ट्रैक्टर ट्राली को गांव बावट के पास थाना पुलिस द्वारा सिपाही भेजकर रुकवा दिया। आरोप है उक्त सिपाही द्वारा चालक से रुपये मांगे।

प्रधान ने आरोप लगाया कि ट्रैक्टर चालक ने परमिशन पर मिट्टी लाने की बात कही तो ट्रैक्टर ट्राली को खड़ा करवा दिया। जिससे सड़क निर्माण का काम प्रभावित हो गया है। बताया कि इसकी जानकारी थाना प्रभारी को दी गई है। इसके बाद भी मिट्टी डालने का काम शुरू नहीं हो सका।

इस संबंध में खंड विकास अधिकारी दुर्गा प्रसाद ने बताया ग्राम पंचायतों में होने वाले निर्माण कार्य में मिट्टी की आवश्यकता होने पर ब्लॉक से परमिशन दी जाती है। अगर पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को रोका है तो यह गलत है। इसकी जानकारी की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी राजेंद्र बहादुरी का कहना है कि मामले की जानकारी मिली है। सिपाही द्वारा रुपये मांगने के आरोपी की जांच कराई जाएगी। मनरेगा कार्य में लगी किसी भी ट्रैक्टर ट्रॉली को नहीं रोका जाएगा।

# ट्रेन से कटकर नगर पालिका के संविदाकर्मी की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गुरुवार दोपहर लगभग 12 बजे कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में हुआ हादसा


मृतक अभय कुमार।

**अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में कासगंज-बरेली रेलवे लाइन पर ट्रेन से कटकर बिसौली नगर पालिका में तैनात संविदाकर्मी की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और जीआरपी पहुंची। जीआरपी दारोगा ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के भाई ने एक युवक पर रुपयों के लिए परेशान करने का आरोप लगाया। पोस्टमार्टम के बाद लालपुल स्थित शमशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों ने देर शाम तक तहरीर नहीं दी।

शहर के गन्ना दफ्तर के पीछे मोहल्ला पटेल नगर निवासी अभय कुमार उर्फ चित्रांश (27) पुत्र मनोज सक्सेना बिसौली नगर पालिका में कंप्यूटर ऑपरेटर पद पर तैनात थे। उनकी शादी लगभग एक साल पहले हुई थी। उनकी पत्नी मोनी गर्भवती है। वर्तमान में वह चुनाव कार्यालय में ड्यूटी कर रहे थे। गुरुवार सुबह वह घर से कलेक्ट्रेट जाने के लिए निकले थे। दोपहर लगभग 12 बजे नेकपुर रेलवे क्रासिंग के पास ट्रेन से कटकर अभय कुमार की मौत हो गई। लोगों के अनुसार वह कासगंज से बरेली जा रही ट्रेन के आगे कूदे थे। जीआरपी ने पोस्टमार्टम कराया। सूचना मिलने पर पहुंचे मृतक के छोटे भाई ने बताया कि अभय कुमार ने रुपये उधार लिए थे। उन्हें रुपयों के लिए परेशान किया जा रहा था। शाम तक परिजनों ने तहरीर नहीं दी है। जीआरपी प्रभारी पिंकी चौहान ने बताया कि युवक की ट्रेन से कटकर मौत हुई थी। ट्रेन के चालक से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि युवक गुजर रहा था और ट्रेन की चपेट में आ गया। उझानी क्षेत्र के जीआरपी के दारोगा ने पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम कराया था। परिजनों की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# 29 व 31 को भी खुलेगा उप निबंधक कार्यालय

**बदायूं, अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है। शासन की ओर से विभाग को बजट आवंटित किया जा रहा है। बजट जारी होने के बाद विभागों के द्वारा लक्ष्य की पूर्ति की जा रही है। इधर अवकाश होने के कारण कामकाज प्रभावित होगा। इसी स्थिति को देखते हुए अवकाश के दिनों में उप निबंधन कार्यालय खोलने के आदेश महानिरीक्षक की ओर से दिए गए हैं। सहायक महानिरीक्षक निबंधन तेज सिंह यादव ने बताया कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक शत प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण किया जाए, इसके लिए अवकाश के दिनों में भी निबंधन कार्यालयों को खोलकर लेखपत्रों का निबंधन किया जाएगा। जिससे एक ओर जनता को छुट्टी के दिन भी इसी वित्तीय वर्ष में अपने लेखपत्रों की रजिस्ट्री कराने का मौका मिले एवं विभाग का भी लक्ष्य पूर्ण हो जाए। 29 मार्च को गुड फ्राइडे और 31 को रविवार की छुट्टी में भी जनपद के समस्त उप निबंधक कार्यालय खुले रहेंगे एवं सामान्य दिन की तरह ही कार्य किया जायेगा।

# वर्दी पहनकर रौब झाड़ने वाले के खिलाफ चार्जशीट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दो मार्च को कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी को पकड़ा था

**अमृत विचार :** पुलिस की वर्दी पहनकर खुद को सिपाही बताते हुए रौब झाड़ने वाले और उगाही के फिराक में लगे युवक के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। दो मार्च को रंगेहाथ पकड़कर जेल भेजा था। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है।

सिविल लाइन पुलिस को दो मार्च को सुबह सूचना मिली कि वर्दी पहने एक युवक मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग स्थित पटेल चौक प्रिंस ढाबे पर है। जो खुद को सिपाही बताते हुए लोगों पर रौब झाड़ता घूम रहा है। लगता है कि वह किसी से वसूली करने की फिराक में है। प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई पुलिस बल के साथ पटेल चौक पहुंचे। जहां एक युवक पुलिस की वर्दी पहने खड़ा था। वह प्रभारी निरीक्षक को देखकर सकपका गया। मांगने पर उसने पुलिस का परिचय पत्र दिखाया। प्रभारी निरीक्षक ने जांच की तो परिचय पत्र फर्जी निकला। युवक ने अपना नाम जिला बागपत के थाना सिंघावली अहीर क्षेत्र के गांव रामनगर निवासी हरीश गिरी पुत्र राजेश गिरी बताया। उसके पास से एक कार बरामद हुई। प्रभारी निरीक्षक उसे हिरासत में लेकर कोतवाली आए। पुलिस ने उसका मोबाइल फोन में फोटो चेक किए तो हैरत में आ गए। कई उपनिरीक्षक और पुलिस की गाड़ियों के साथ उसके फोटो थे। पुलिस ने आरोपी हरीश गिरी के खिलाफ धोखाधड़ी, लोकसेवक की पोशाक का प्रयोग करने, कूटरचना आदि के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया था। मामले की विवेचना में आरोपी के खिलाफ साक्ष्य जुटाए। कोर्ट में आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है।

खबरें पेज 7 पर भी पढ़ें...

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।



ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202



बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें दर्द रहित उपचार
सैक्स रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज



डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली। मो. 9259082174


## देशी शराब के 20 क्वार्टर के साथ एक गिरफ्तार

कासगंज। थाना सिढ़पुरा ने एक आरोपी को अवैध देशी शराब के 20 क्वार्टर के साथ गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर राधेश्याम सिंह ने बताया कि आरोपी पन्नालाल निवासी मोहल्ला सुभाष नगर कस्बा व थाना सिढ़पुरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद किए हैं। उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत नियमानुसार विधिक कार्रवाई की गई।


डॉ. अमन रस्तोगी
BAMS, MD
Consultant Physician



- शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात
- पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है।
- पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
- घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार।
- सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
- पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।

लाईफ लाइन क्लीनिक
कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली मो. 6398965384



गुप्त रोगी मिलें
डा. मौर्य
जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन
बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651



प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर



RMC BAREILLY Excellence towards profession
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन



दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।

| लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन | हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन |
|---|---|
| 1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी) | 1) ऐशरमैन का इलाज |
| 2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी) | 2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी) |
| 3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी) | 3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन) |
| 4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच | 4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना |
| 5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन | 5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी) |
| 6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन | |

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल


# काली नदी में उतराता मिला अधेड़ का शव

## 24 मार्च से परिजन कर रहे थे तलाश

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- सिंकद्राराऊ के नरहरपुर निवासी के रूप में हुई शिनाख्त

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में काली नदी में एक अधेड़ का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कासगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला भीम व गांव मोहनी के पास काली नदी में ग्रामीणों ने गुरुवार की दोपहर एक अधेड़ का शव उतराता देखा। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त की। सिकंदराराऊ से परिजन मौके पर पहुंचे। पुत्र पवन ने शव की शिनाख्त अपने पिता सतीश पुत्र नेत्रपाल निवासी गांव नरहरपुर थाना सिंकद्राराऊ के रूप में की। मृतक के पुत्र ने बताया कि उसके पिता मानसिक रूप से कुछ विक्षिप्त थे। वह बीती 24 मार्च को अचानक घर से कहीं चले गये थे।

बाद में परिजनों ने उनको तलाश किया, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। जानकारी कोतवाली पुलिस को भी दी थी। उसने बताया कि गुरुवार को पिता का शव कासगंज कोतवाली क्षेत्र की काली नदी में मिला है। इधर, पुलिस ने शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी रामवकील ने इस बात की पुष्टि की है।

# झोलाछाप पर लगाया 50 हजार का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पिछले साल नवंबर माह में झोलाछाप के इलाज से चली गई थी बच्चे की जान
- स्थाई लोक अदालत ने दिया न्याय, पीड़ित परिवार को 50 हजार की क्षतिपूर्ति देने का आदेश

**अमृत विचार :** एक बच्चे की जान पिछले साल नवंबर माह में झोलाछाप ने ले ली थी तो पिता ने स्थाई लोक अदालत में न्याय के लिए प्रार्थना पत्र अदालत में दिया। अदालत ने मामले में संज्ञान लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी और झोलाछाप को नोटिस जारी किए। उसके बाद अदालत ने अपना फैसला सुना दिया है।

प्रार्थना पत्र पटियाली क्षेत्र के गांव गिरधारीपुरा निवासी ध्रुव ने स्थाई लोक अदालत में दाखिल किया। इसमें उन्होंने लिखा कि उनका एक साल का बेटा देवांश बीमार हो गया। उसे बुखार आया तो दरियावगंज में एक चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे। चिकित्सक सलीम खान के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। उन्होंने बेटे को दवा दी तो हालत और बिगड़ने लगी। जब उनसे कहा गया कि हालत बिगड़ रही है तो कह दिया कि इलाज चल रहा है, शांत बैठो। इलाज की एवज 10 हजार रुपये भी जमा कर लिए। उसके बाद बच्चे की जान चली गई। पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर स्थाई लोक अदालत ने नोटिस जारी किया। सीएमओ ने अपने जवाब में लिख दिया कि निरीक्षण किया गया तो दुकान बंद पाई गई और संबंधित सलीम का कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है। इसके बाद दोनों पक्षों को सुना गया। झोलाछाप न्यायालय में उपस्थित हुआ। बच्चे के पिता ने 10 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति मांगी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद, सदस्य बसंत शर्मा एवं डॉ. सपना अग्रवाल ने संयुक्त रूप से अपना फैसला सुनाया और 50 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति पीड़ित के परिवार को देने के आदेश जारी कर दिए। एक माह में धनराशि स्थाई लोक अदालत के स्टेट बैंक के खाते में झोलाछाप को जमा करनी होगी।

> स्थाई लोक अदालत में प्रार्थना पत्र आया। दोनों पक्षों को सुना गया। सीएमओ और झोलाछाप को नोटिस जारी किए गए। फिर निर्णय लिया गया कि क्षतिपूर्ति दिलाई जाए। 50 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति देने के आदेश दिए गए हैं।
>
> – **बसंत शर्मा, सदस्य,** स्थाई लोक अदालत

# अधिकारी फोन पर सी-विजिल ऐप को करें डाउनलोड

- लोस चुनाव को लेकर अफसरों को सी विजिएल ऐप का दिया गया ट्रेनिंग

**कासगंज, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों को सी-विजिल ऐप का प्रशिक्षण दिया गया। एडीएम ने प्रशिक्षणार्थियों को ऐप की व्यवस्था बताई और अनिवार्य रूप से एंड्रोयड फोन में ऐप डाउनलोड करने के निर्देश दिए। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को सी-विजिल ऐप का प्रशिक्षण दिया गया। उपजिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम राकेश कुमार पटेल ने निर्देश दिए हैं कि सभी संबंधित अधिकारी सी-विजिल ऐप को अनिवार्य रूप से डाउनलोड कर के समय-समय पर जारी निर्वाचन आयोग के आदेशों का समय सीमा में क्रियान्वयन करना पूरा करें। उन्होंने उड़नदस्ता एवं स्थायी निगरानी टीम को सी-विजिल ऐप के स्टेप वाई स्टेप तकनीकी पहलुओं के बारे में बताया कि निर्धारित समय में ही आपको सावधानी व जवाबदेही के साथ समस्त बिन्दुओं को एप में फीड करना है। सी-विजिल ऐप एक ऐसा ऐप है जिसमें यदि कोई व्यक्ति आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है, तो उसकी सूचना लाइव वीडियो रिकार्डिंग/फोटो लेकर अपलोड कर सकते हैं।

# कस्बे की सड़कों पर क्यों हो रहे गड्ढे, जांच करेगी टीम

## कस्बा क्षेत्र में सड़क और पुलियों की हालत बनी है जर्जर, 14 सभासदों ने भी कर रखी थी शिकायत, अपर जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचार :** गंजडुंडवारा कस्बे की सड़कों और पुलियों की हालत बदहाल है। इनमें से कुछ तो दुर्घटना को बढ़ावा दे रही है। इस कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आश्चर्यवाली बात यह है कि कुछ स्थानों पर सड़कों का पैच वर्क कराया गया था बावजूद ये सड़कें कुछ ही माह में उखड़ गईं। मामले में जब पालिका प्रशासन से शिकायत के बावजूद समाधान नहीं हुआ तो अब लोगों ने डीएम से सड़क और जर्जर पुलियों को दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। अब मामले में अपर जिलाधिकारी ने पांच सदस्यीय कमेटी गठित करने का आदेश दिया है, जो इन खामियों की जांच करेगी।

लोगों का कहना है कि इन सड़कों को देखकर यह पता नहीं लग रहा है कि सड़क में गड्ढे या गड्ढों में सड़क है। ऐसे में इन गड्ढों वाली सड़कों और टूटी पुलियों की हालत ऐसी बन चुकी है कि थोड़ी सी चूक दुर्घटना का रूप ले सकती है। हास्यास्पद तो यह है कि नगर पालिका प्रशासन को यह सब दिखाई दे रहा है। लाखों खर्च कर बनाई इन सड़कों एवं कुछ ही समय पूर्व कराए गए पुलियों के निर्माण एवं सड़कों के पेंच कार्यों की दशा और दुर्दशा को देखने वाला कोई नहीं है। दिन के समय में तो फिर भी गनीमत है, पर रात का सफर तो बिल्कुल ही भगवान भरोसे है। गली कूचे की तो स्थिति और भी खराब हैं।

ज्यादातर वार्डों की सड़क और पुलिया टूटी हुई हैं। पालिका प्रशासन से शिकायत के बाद जब समस्या का समाधान न हुआ तो लोगों ने जिलाधिकारी से सड़कों के निर्माण कराए और जर्जर पुलियों को दुरुस्त कराए जाने को लेकर कदम उठाने की मांग की है। इन शिकायतों को लेकर पालिका के 11 सभासदों ने डीएम से शिकायत की थी जिसके बाद अब प्रशासन ने सुध ले ली है।



मोहल्ला शिवपुरी में टूटी पुलिया। ● अमृत विचार



मोहल्ला खेरू में निर्माण के कुछ महीने बाद ही जर्जर हुई पुलिया।



कस्बा के गांधी रोड की जर्जर सड़क। ● अमृत विचार



हाथठेला पर फल आदि बेचकर जीवन यापन करता हूं। वार्ड नंबर 19 में सड़कें बहुत खराब है जिससे ठेला निकालने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। मांग है कि इन्हें जल्द सही कराया जाए। – खलील अहमद



शेरवानी स्कूल के सामने की सड़क जर्जर हालत में है लेकिन पालिका के जिम्मेदार इसकी सुध लेने को तैयार ही नही है। लोगों को इस सड़क से गुजरने में काफी समस्या होती है। – अमित उपाध्याय



कस्बा क्षेत्र में जर्जर सड़कें एवं पुलिया हादसे को दावत दे रही है। वहीं, कुछ माह पूर्व कराए गए पुलियाओं एवं सड़कों के निर्माण में गिट्टी उखड़ गई हैं। अब मामले में डीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। – अमित गौतम



मोहल्ला शिवपुरी की पुलिया टूट चुकी है। गली में आने जाने पर भी परेशानी झेलनी पड़ रही है लेकिन कोई देखने वाला नही है। पालिका प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। – वैभव तोमर

> सड़कों की दुर्दशा एवं घटिया निर्माण की बात है तो उसे दुरुस्त कराने को पालिका के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया जाएगा। वहीं, पालिका के विरुद्ध बहुत शिकायतें प्राप्त हो रही थी। जिस की जांच को पांच सदस्यीय जांच कमेटी का गठन भी किया जा चुका है। – आरके पटेल, अपर जिलाधिकारी

### टूटी पुलिया व जर्जर सड़कों की स्थिति

- शेरवानी स्कूल के सामने मोहनपुर बाईपास रोड पर
- पालिका चौराहे पर टूटी सड़क जो कि सही कराने के कुछ माह में ही उखड़ गई
- मोहल्ला धनपाल की जर्जर सड़क
- सर्राफा बाजार की जर्जर सड़क
- सब्जी मंडी की जर्जर सड़क
- गांधी रोड की जर्जर सड़क

### तमंचा-कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**कासगंज।** सदर कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर रामवकील सिंह ने बताया कि अभियुक्त वीरपाल निवासी पीपल वाली गली गंगेश्वर कॉलोनी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। इसके कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा 12 बोर व दो कारतूस 12 बोर बरामद किए हैं।

### मादक पदार्थ के साथ एक पकड़ा

**कासगंज।** इंस्पेक्टर रामवकील सिंह ने बताया कि आरोपी आशीष गुप्ता निवासी मोहल्ला जय-जयराम अहीर पाड़ा को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से पुलिस ने 5.1 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पूछताछ के बाद आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है।

# जिला अस्पताल में 1200 के ऊपर पहुंचे मरीज

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** मौसम बदलने के साथ ही सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार और वायरल बुखार के साथ दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। गुरुवार को जिला अस्पताल में 1252 मरीजों ने पर्चे बनवाए। 790 मरीजों के रक्त की जांच हुई। चिकित्सक कक्ष के बाहर रोगियों की भीड़ लगी रही।

जिला अस्पताल में गुरुवार को ओपीडी 1252 रही। पिछले कुछ दिनों से यहां आने वाले मरीजों की संख्या कम थी लेकिन अब जब मौसम में बदलाव के साथ मरीजों की संख्या फिर से बढ़ने लगी है। गुरुवार को ओपीडी में वायरल फीवर और खांसी के ज्यादा मरीज रहे जबकि पिछले दिनों संख्या कम थी, लेकिन अब फिर से मरीजों की संख्या में इजाफा होने लगा है। वायरल फीवर के रोगियों की संख्या बढ़ रही है। बाल रोग विशेषज्ञ डा. कैलाश बाबू ने बताया कि इन दिनों सर्दी-खांसी के साथ वायरल फीवर के मामले बढ़ रहे हैं। वायरल फीवर में बिना चिकित्सक की सलाह के दवा नहीं लेनी चाहिए।

**रक्त की जांच को लगी भीड़ :** जिला अस्पताल में गुरुवार को मरीजों की संख्या इजाफा हुआ। सुबह नौ बजे से ही पर्चा काउंटर पर भीड़ लगने लगी। पर्चा कटवाने के बाद चिकित्सक के कक्ष में दिखाया। पैथालॉजी में भी मरीजों को जांच कराने के लिए जूझना पड़ा। गुरुवार को 790 मरीजों के रक्त की जांच हुई।



जिला अस्पताल के कक्ष में चिकित्सक से परामर्श लेते रोगी। ● अमृत विचार

- **790 मरीजों की हुई रक्त जांच, डॉक्टरों ने बेहतर स्वास्थ्य को दिया परामर्श**
- **चिकित्सक कक्ष के बाहर लंबी कतार में अपनी बारी का इंतजार करते रहे**

### न बरतें लापरवाही चिकित्सक की लें सलाह

फिजिशियन चेस्ट रोग विशेषज्ञ डा. कर्मवीर राजपूत ने बताया कि मौसम बदल रहा है। तापमान में दिन प्रतिदिन बढोतरी हो रही है। ऐसे में लापरवाही बरतेंगे तो बीमार पड़ सकते हैं। उन्होंने खानपान के विशेष ध्यान रखने की बात कहीं। चिकित्सक रोहतास यादव ने बताया कि मौसम के बदलाव के इस दौर में एहतियात बरतने की जरूरत है। बदलते मौसम में एक दम से कपड़ों का त्याग न करें और ठंडे पेय पदार्थों से बचे।

### आंकड़ों की नजर से

| | |
|---|---|
| ओपीडी | 1252 |
| रक्त की जांच | 790 |
| मलेरिया | 30 |
| टायफाइड | 25 |

> जिला अस्पताल में रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है। रक्त की जांचें की गई हैं। चिकित्सकों ने परीक्षण कर रोगियों को दवा उपलब्ध कराई है। मौसम बदल रहा है। लोगों को एहतियात बरतने की जरूरत है। – डा. राजीव अग्रवाल, सीएमओ

# बिरयानी खा रहे युवक पर चाकुओं से हमला, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** कस्बा अमांपुर में बिरयानी खा रहे युवक पर हमलावरों ने चाकुओं से प्रहार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने एक नामजद सहित सात अज्ञात हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

अमांपुर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी अजय कुमार ने पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने लिखा कि वह 26 मार्च की शाम पांच बजे एक गेस्ट हाऊस के सामने ठेले पर बिरयानी खा रहे थे। तभी मोहल्ला प्रताप नगर निवासी रवि अपने सात अज्ञात साथियों के साथ वहां आ गए। सभी शराब के नशे में धुत्त थे। आसपास के लोगों से यह लोग अभद्रता करने लगे। जब इसका विरोध किया तो हमलावरों ने चाकू उठा लिया और अजय पर जानलेवा हमला किया। अजय को गंभीर चोटें आई हैं। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार से लौटने के बाद अजय ने एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। अमांपुर के थाना प्रभारी हरिभान सिंह राठौर ने बताया कि युवक पर जानलेवा हमला हुआ। उसकी तहरीर के आधार पर एफआइआर दर्ज कर ली गई।

## सामान्य जानकारी एवं शिकायत के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**कासगंज, अमृत विचार :** उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम राकेश पटेल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन के निर्वाचन की घोषणा करते ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है तथा जिला निर्वाचन कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 40 में हर समय सक्रिय रहेगा। उन्होंने बताया कि किसी भी सामान्य जानकारी एवं शिकायत के लिए कंट्रोल रूम के नंबरों- 05744-297228, 05744-272088, 05744-272105 टोल फ्री नंबर- 1950 पर की जा सकती है।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक
डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरुष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 31 मार्च 2024, रविवार
21 अप्रैल 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अमृत विचार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
• अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
• इंजियोग्राफी
• एंजियोप्लास्टी
• पेसमेकर
• टी.एम.टी.
• होल्टर टेस्ट (Holter Test)
• बैलून बाल्वोटामी
• इकोकार्डियोग्राफी
• कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
• इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)
हृदय रोग के लक्षण
• क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
• क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
• क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
• क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
• क्या चलने पर घबराहट होती है?
• क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?
इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज): 1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज): 1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

FUTURE
GROUP OF INSTITUTIONS
Learn · Assimilate · Transcend
•Tele Callers (F)
•Business Executives(M)
•Social Media Exe.(F)
Graduate/MBA(Preferred)
Fluent in English
Salary Negotiable
WALK IN INTERVIEW
31 March, 2024
11:00am to 4:00pm
City Office: D-46, IInd Floor, Butlar Plaza, Bareilly
Ph.:9917480040

अमृत विचार
क्लासीफाइड
आवश्यकता है
लड़के व लड़कियों की आफिस कालिंग हेतु व फील्ड कार्य हेतु।
सैलरी+इन्सेन्टिव
गेट नंबर 1 महानगर बरेली गोल चक्र नियर PNB एटीएम के पास
9045350563, 9258469345

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र तालिब को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **मैकू अहमद पुत्र स्व. मसीब अहमद निवासी मो. बनवारीपुर कस्बा तिलहर जिला शाहजहांपुर**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम तालिब था जिसे बदलकर अब मैंने तालिब बेग रख लिया है। भविष्य में मुझे तालिब बेग के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। तालिब बेग पुत्र मो. मियां निवासी चक महमूद पुराना शहर, बरेली

सूचना
हमने अपने बड़े पुत्र रामनिवास व उसकी पत्नी रीना देवी को उनके गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण क्षुब्ध होकर अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए इनको अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारा व हमारे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **राजकुमार पुत्र श्री नन्हे लाल एवं श्रीमती माया देवी पत्नी श्री राजकुमार, निवासी ग्राम विलास नगर, थाना भुता, जिला बरेली**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## शहर में आज

- बसौड़ा पूजन पर शहर के मंदिरों पर श्रद्धालुओं द्वारा मां शीतला का जलाभिषेक सुबह पांच बजे से।
- ली पर्व को लेकर एक दिवसीय परंपरागत मेले का आरंभ ढोलना के गांव कुढ़ार में सुबह 10 बजे से।
- गुड फ्राइडे को लेकर नदरई गेट स्थित सीएनआई सदर चर्च में कार्यक्रम एवं प्रवचन दोपहर 12 बजे से।

## एक नजर

### जिले में 12 अप्रैल को जारी होगी निर्वाचन की अधिसूचना

**कासगंज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी रूप से सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। चुनाव आयोग द्वारा जनपद एटा एवं कासगंज तृतीय चरण में चुनाव संपन्न होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार पटेल ने अवगत कराया है कि जनपद में निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने की तिथि 12 अप्रैल, नाम निर्देशन के लिए अंतिम तिथि 19 अप्रैल, नाम निर्देशनों की जांच 20 अप्रैल, नाम वापसी के लिए अंतिम तिथि 22 अप्रैल, मतदान का दिनांक 7 मई तथा मतगणना 4 जून को संपन्न होगी।

### युवक ने किया खुदकुशी का प्रयास

**मिरहची।** थाना क्षेत्र के गांव बक्सीपुर निवासी 25 वर्षीय चन्द्रसेन पुत्र कप्तान सिंह शराब पीकर घर में गाली गलौज करने लगा। इस पर परिजनों ने उसको डांट दिया। इसी बात पर उसने घर पर ही गमछा से फंदा लगाकर जान देने की कोशिश की। आनन फानन में उसको फंदे से उतारकर अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने उपचार देने के पश्चात हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

### वारंटी पकड़ा गया

**कासगंज।** थाना सिकंदपुर पुलिस ने न्यायालय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इंस्पेक्टर बृजपाल सिंह ने बताया कि वारंटी नन्हे उर्फ पीतम सिंह निवासी ग्राम खड़ुईया थाना सिकंदरपुर वैश्य को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। जहां से जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

### शुरू हुआ सर्वे: कासगंज में विकसित होने लगी कछुए की कॉलोनी, कछुए के अंडों को सहेजा जाएगा

# विलुप्त हो रहीं कछुए की प्रजाति को मिलेगा नया जीवन

गजेंद्र चौहान, कासगंज

**अमृत विचार :** संरक्षण के अभाव में जीव जंतुओं की कई प्रजातियां धीमे-धीमे विलुप्त होती जा रही हैं। ऐसे में कुछ जिम्मेदारों ने गंभीरता दिखाई है। डब्ल्यू डब्ल्यू एफ( वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड ) एवं वन विभाग ने संयुक्त रूप से प्रयास करते हुए कासगंज में कछुआ कॉलोनी विकसित करने का काम शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश के हस्तिनापुर, शाहजहांपुर, और अलीगढ़ के बाद अब कासगंज में ही कछुआ कॉलोनी विकसित की जा रही है। कासगंज की है कॉलोनी सबसे आधुनिक रहेगी और इसके बाद अन्य जिलों में भी यहां किए गए प्रयासों से सीख लेकर कार्य किया जाएगा। फिलहाल सर्वे भी शुरू कर दिया गया है।



गंगा क्षेत्र का निरीक्षण करते डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के अधिकारी। ● अमृत विचार

- **शाहजहांपुर, हस्तिनापुर, अलीगढ़ और कासगंज में ही बनाई जा रही कछुआ कॉलोनी**

कछुआ कॉलोनी विकसित करने का प्रयास काफी लंबे समय से किया जा रहा था। गंगा किनारे कछुआ के अंडे किसानों की अनदेखी के कारण नष्ट हो जाते थे। किसान गंगा नदी के किनारे खेती करते हैं और पालेज लगाते हैं। इस दौरान कृषि यंत्र का प्रयोग करते हैं तो उन्हें कछुओं के अंडों का ध्यान नहीं रहता। यही कारण रहा है कि धीमे-धीमे कछुए की प्रजाति नष्ट होती जा रही है, क्योंकि कछुआ सदैव नदी और नहरों के किनारे ही पाया जाता है। नहरों में तो कछुआ अपनी क्रांतिक अवस्था के बाद पहुंचता है, लेकिन मुख्य रूप से उसका जन्म नदी किनारे बालू में होता है। कछुए की प्रजाति अंडे से विकसित होती है। एक बार में कई अंडे देते हैं, लेकिन इन अंडों की पहचान किसान नहीं कर पाते और वे अपने कृषि कार्य के दौरान इन अंडों को नष्ट कर देते हैं। वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड की टीम ने एक सर्वे के दौरान काफी समय पहले पाया कि किसानों को यदि जागरुक कर दिया जाए तो विलुप्त होती है कछुए की प्रजाति बचाई जा सकती है। इसके लिए उत्तर प्रदेश के चार जिलों का चयन किया गया। जिसमें शाहजहांपुर, हस्तिनापुर, अलीगढ़ और कासगंज शामिल हैं। इन जिलों में कछुआ की कॉलोनी बनाई जा रही है। हस्तिनापुर और शाहजहांपुर में कॉलोनी विकसित भी की जा चुकी है। कासगंज में इसकी स्थापना का काम शुरू हो गया है।

### कॉलोनी में जन्मेंगे, तालाब में पलेंगें और गंगा में बढ़ेंगे

डब्ल्यू डब्ल्यू की टीम का प्लान काफी बेहतर है, क्योंकि जो कॉलोनी बनाई जा रही है उसमें अंडों से निकलकर कछुए जन्म लेंगे। मई, जून तक इन अंडों से कछुए निकल आएंगे। उसके बाद कछुआ के बच्चों को एक तालाब में छोड़ जाएगा। जिसमें वे पलेंगें, क्योंकि नदी में इनको छोड़ गया तो बह जाएंगे और परिवार से बिछड़ जाएंगे, लेकिन जब यह विकसित हो जाएंगे तो आगामी सर्दी के मौसम के नवंबर माह में गंगा नदी में छोड़ दिया जाएगा और अपने परिवार के साथ वह यहां अपना जीवन जिएंगे।

### नदी को नया जीवन देते हैं कछुए

विशेषज्ञों का कहना है कि कछुए नदियों को नया जीवन देते हैं। यह नदियों में प्राकृतिक रूप से प्रदूषण करने वाले वाली वस्तुओं को नष्ट कर देते हैं और इन्हीं के कारण नदियां अविरल रहती हैं। इनका पानी स्वच्छ रहता है। कछुआ नदी मित्र होते हैं।

### हर परिवार का अलग होगा घर

वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड की टीम गंगा नदी किनारे सर्वे कर रही है और देख रही है कि कितने अंडे कहां-कहां हैं। कितनी संख्या में कछुआ को बचाया जा सकता है। इसी के आधार पर छोटे-छोटे घर बनाए जाएंगे। हर परिवार का अपना अलग घर होगा। जितने परिवार होंगे, उन परिवारों की अलग-अलग निगरानी रहेगी और इनके संरक्षण के लिए दिन-रात कर्मचारियों की तैनाती रहेगी। इस तरह बनेगी कॉलोनी विशेषज्ञों का कहना है कि कछुए की प्रजाति धीमे-धीमे इसलिए विलुप्त हो रही है कि बालू में अंडे देने वाले कछुए को तापमान भी संतुलित नहीं मिल पा रहा है। तापमान को संतुलित करने के लिए कॉलोनी में पूरे इंतजाम किए जाएंगे। जीव जंतु इन अंडों को नुकसान न पहुंचाएं, इसके लिए प्रत्येक परिवार के घर पर बांस की जाली का सुरक्षा चक्र रहेगा।

> कछुए की कॉलोनी विकसित की जा रही है। काम शुरू हो गया है। सर्वे भी शुरू हो गया है। इन दिनों कछुआ के अंडे तलाशे जा रहे हैं। मई, जून तक अंडों से बच्चे निकल आएंगे। फिर एक तालाब में इन बच्चों को छोड़ा जाएगा। जब यह विकसित हो जाएंगे तो उन्हें गंगा नदी में छोड़ दिया जाएगा। कछुआ नदी मित्र हैं।
>
> **-राजेश बाजपेई,** सीनियर कोऑर्डिनेटर डब्ल्यू डब्ल्यू एफ

साथ ही किसानों को जागरूक किया जा रहा है और उन्हें प्रशिक्षण देने के अलावा कछुआ का सर्वे किया जा रहा है कि किस-किस क्षेत्र में कछुए कितने-कितने अंडे दे रहे हैं और इन अंडे को कहां किस तरह संरक्षित किया जाना है। फिलहाल कॉलोनी विकसित करने का काम गंगा नदी किनारे गांव दतलाना के समीप किया जा रहा है।

# यात्रियों की जान खतरे में डाल रहे आटो चालक

## कार्रवाई न होने से मनमानी हावी, क्षमता से अधिक यात्रियों को भरते हैं

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** ई-रिक्शा और ऑटो चालक की मनमानी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते यात्रियों की जान जोखिम में ये डाल रहे हैं। लटकाकर और क्षमता से अधिक यात्रियों को भरकर यात्रा करा रहे हैं। कार्रवाई न होने से इनके हौसले बुलंद है।

जिला मुख्यालय से सोरों, कासगंज, अमांपुर, ढोलना, नदरई, मिरहची, ईस्माईलपुर, सलेमपुर, किलौनी, आदि मार्गों पर ई-रिक्शा चालकों और ऑटो चालकों की मनमानी दिखाई देती है। इनके चालक क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठा लेते हैं। उसके बावजूद भी लटका यात्रा कराते हैं। उनकी यह मनमानी हादसे का जनक बन सकती है। पूर्व में कई हादसे हो भी चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार हादसों के समय तो जागते हैं उसके बाद फिर गहरी नींद सो जाते हैं। विशेषकर पर्वों पर जब यात्रियों की भरमार होती है तो यह वाहन चालक यात्रियों की जान जोखिम डालकर उन्हें यात्रा कराते हैं। वैसे तो यातायात पुलिस जिम्मेदार है, लेकिन वह आंखें मूंदे रहती है। कारण चाहे जो भी हो, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी से ऑटो और ई-रिक्शा चालकों के हौसले बुलंद रहते हैं। यही कारण है कि यह मुख्यालय से लेकर कस्बों तक यही हाल देखने को मिल जाते हैं।



कासगंज-पचलाना मार्ग पर ऑटो पर लटक कर यात्रा करते यात्री।



कासगंज –किसरौली मार्ग पर ई-रिक्शा पर कुछ इस तरह यात्रा करते यात्री।

### स्वयं जागरूक हों यात्री

शहर के सामाजिक संस्था के सदस्यों ने कहा कि छोटे आर्थिक लाभ के लिए भले ही ऑटो और ई-रिक्शा चालक अधिक यात्रियों को बैठाकर उनकी जान जोखिम में डालते हों, लेकिन यात्रियों की जिम्मेदारी बनती है कि वह स्वयं जिम्मेदार नागरिक का परिचय दें। क्षमता के अनुसार ई-रिक्शा और ऑटो में यात्री बैठें। इससे यातायात नियमों का पालन तो होगा ही साथ ही खुद की जान को भी जोखिम नहीं होगा।

> ई-रिक्शा और ऑटो चालकों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। चूंकि त्योहारी सीजन है। यात्रियों की संख्या अधिक हो जाती है तो देखने में आता है कि यात्री स्वयं नहीं मानते हैं और लटककर यात्रा करते हैं। आम दिनों में पुलिस सख्त रहती है।
>
> **– लक्ष्मण सिंह,** टीएसआई

# बार के पूर्व अध्यक्ष और सचिव का निलंबन स्थगित

**अलीगंज, अमृत विचार :** अलीगंज बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सचिव का निलंबन स्थगित कर दिया गया है। यह निलंबन आदेश उप्र. बार काउंसिल की ओर से 15 मार्च को जारी किया गया था। इस मामले को लेकर उप्र. बार काउंसिल में सुनवाई चल रही है। तय तारीख पर पूर्व अध्यक्ष मुनीश्वर दयाल दुबे और पूर्व सचिव महेंद्र सिंह नहीं पहुंचे थे। जिस पर 15 मार्च को उप्र. बार काउंसिल के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ ने दोनों को बार काउंसिल से निलंबन का आदेश जारी कर दिया। एल्डर्स कमेटी अलीगंज के चेयरमैन बलवीर सिंह राठौर ने बताया कि उप्र. बार काउंसिल का आदेश मिला है। पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सचिव उप्र बार काउंसिल के अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत हुए। अपने समर्थन में तथ्य प्रस्तुत किए। बताया कि अस्वस्थता की वजह से वह पूर्व की नियत तारीख पर नहीं आ सके थे। इस आधार पर निलंबन आदेश स्थगित कर दिया है। मामले के निस्तारण के लिए 9 अप्रैल की तारीख तय की है।

# मौसम बदलते ही विदाई ले गए मेहमान परिंदे



दरियावगंज झील का फाइल फोटो। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** हिमालय क्षेत्रों से होते हुए सात समुंदर पार से आने वाले मेहमान परिंदे इस बार कम ही आए और जो आए वे अब अलविदा कासगंज कह गए। जैसे-जैसे मौसम में बदलाव आने लगा है और तापमान बढ़ रहा है वैसे-वैसे मेहमान परिंदे अब सर्द क्षेत्रों की ओर रूख कर गए। कई महीनों से यहां कलरव कर रहे पक्षियों की अठखेलियां कम हो गई हैं।

पक्षियों को सर्द मौसम पसंद है। नवबंर में लंबी उड़ान भरकर विदेशों से पहुंचे पक्षियों की अठखेलियां दरियावगंज झील और गंगा-भागीरथी वन में आकर्षण का केंद्र बनी रही, लेकिन धीमे-धीमे अब मौसम बदल रहा है। बारिश के दिन छोड़ सामान्य दिनों की बात करें तो तापमान तेजी के साथ बढ़ता है। ऐसे में मेहमान पक्षी अब विदाई ले गए हैं। विदेशों से आए पक्षी परपल, मौरेन, प्रोवाइन, हरनेड सहित तमाम प्रजातियों के पक्षियों ने यहां रौनक बढ़ाई। वन विभाग ने इन पक्षियों के संरक्षण के लिए प्रयास किए। अब यह पक्षी मौसम का आभास कर ठंडे क्षेत्रों की ओर चले गए। कुछ प्रजातियां घर लौट गईं।

## सार-संक्षेप

### होली पर्व पर गिले शिकवे किए जाते हैं दूर



**अलीगंज, अमृत विचार :** नगर के मैनपुरी रोड स्थित एसपीएस गेस्ट हाउस में गुरुवार को विधायक सत्यपाल सिंह के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद मुकेश राजपूत भी पहुंचे। होली मिलन समारोह के दौरान क्षेत्रीय जनता के साथ विधायक और सांसद ने मिलकर गुलाल की होली खेली और शुभकामनाएं दीं। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा होली का त्योहार बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है। होली का त्योहार हिंदुओं का सबसे बड़ा त्योहार होता है, इसी त्योहार पर गले शिकवे गिले मिलकर दूर हो जाते हैं। इस दौरान भाजपा नेता सचिन यादव, डॉ. सुबोध यादव, ब्लॉक प्रमुख अलीगंज के प्रतिनिधि अशोक रत्न शाक्य, पालिका अलीगंज के प्रतिनिधि सुजीत कुमार गुप्ता बॉबी, नगर पंचायत राजा का रामपुर के प्रतिनिधि अर्जुन सिंह राठौर सिम्पल, जितेंद्र प्रताप सिंह राठौर, भाजपा नेता गोपाल शर्मा, लोकपाल सिंह शाक्य, राजेश गुप्ता, प्रधान विष्णु मिश्रा, सोनू राठौर, सूरज राठौर, मनोज राठौर, भानु प्रताप सिंह, बिट्टू राठौर, शिवा तोमर, सौरभ चौहान, जिला कार्यवाहा एटा बबलू प्रधान प्रतिनिधि नदराला, अरसद खान व्यवसायी हैदराबाद सहित बड़ी संख्या में लोग।

### होली मिलन समारोह: एक-दूसरे को लगाया तिलक



**कासगंज, अमृत विचार :** गुरुवार को नलकूप खंड कासगंज की जिलेदारी अशोक नगर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नलकूप खंड के सभी नलकूप चालक, सींच पर्यवेक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित हुए। इसमें महीपाल सिंह ने कहा कि यह पर्व वसंत के आगमन और सर्दियों के अंत का प्रतीक है। होली बुराई पर अच्छाई की जीत को उत्साह से मनाने का पर्व है। इस दिन लोग गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं। जिलाध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि होली प्यार और सद्भावना का पर्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार होलिका दहन की अग्नि जीवन के दु:खों और कष्टों से मुक्ति दिलाती है। रविंद्र पाल मिश्र, जिलेदार, सुनील कुमार मिश्र जिलेदार, गिर्राज किशोर उपाध्यक्ष, विजय मंत्री, देवेंद्र पांडेय कोषाध्यक्ष, हिमांशु उपाध्याय, अजय, रामवीर सिंह मंडल मंत्री, कैलाश, जीवाराम आदि रहे।

# सार्वजनिक अवकाशों में भी खुलेंगे सभी उपनिबंधक कार्यालय

**कासगंज, अमृत विचार:** डीएम सुधा वर्मा ने बताया कि स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग राजस्व प्राप्ति का एक मुख्य स्रोत है। शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि शासन द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति हो। महानिरीक्षक निबन्धन, उत्तर प्रदेश द्वारा अवकाश के दिनों में भी कार्यालय खोलकर अधिकाधिक राजस्व प्राप्ति के लिए निर्देशित किया गया है। इस क्रम में स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को आवंटित निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति के लिए 29 मार्च गुड फ्राइडे को एवं रविवार 31 मार्च 2024 को सार्वजनिक अवकाशों में भी जनपद कासगंज स्थित सभी उप निबन्धक कार्यालयों को खुलवाकर रजिस्ट्रीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

# आगरा में भर्ती घायल युवक की हालत बनी है नाजुक

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** मलावन थाना क्षेत्र में बुधवार को बड़े भाई के साले को छोटे भाई ने गोली मार दी थी। आगरा में उपचार चल रहा है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। फिलहाल, मामले का आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर है।

घायल अंकित की बहन अंजना ने बताया कि उसका बहनोई शिवप्रताप निगोह हसनपुर थाना मलावन का निवासी है। वह व उसकी ससुराल के अन्य लोग आए दिन बहन रमन देवी को परेशान करते हैं। जिसको लेकर कई बार समझाया भी गया, मगर नहीं मानते। मंगलवार की रात को भी रमन के साथ मारपीट की गई थी। जिसकी सूचना उसने फोन के माध्यम से दी थी। बुधवार की सुबह वह लोग जब समझाने पहुंचे तो पंचायत के दौरान ही शिवप्रताप के पिता दिनेश सिंह व भाई तेजप्रताप ने गोली चला दी। इसमें एक गोली अंकित की पीठ में लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, अंकित के पिता सतेंद्र व मां मुन्नी देवी को भी इन लोगों ने पीट-पीटकर घायल कर दिया। अंकित का आगरा में इलाज चल रहा है।

### 24 घंटे में नहीं पकड़े गए आरोपी

अंकित के दूसरे बहनोई गुनवीर सिंह ने बताया कि लगातार खून चढ़ाया जा रहा है। पुलिस 24 घंटे से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी आरोपी को नहीं पकड़ सकी है। क्षेत्राधिकारी सकीट संजय सिंह ने बताया कि घायल के पिता सतेंद्र की तहरीर पर मामला पंजीकृत कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश जारी है। जल्द ही इनको गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# जिला जज, डीएम और एसपी ने जेल परिसर का निरीक्षण कर देखी व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** गुरुवार को जिला न्यायाधीश एवं डीएम, एसपी द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया।

जिला न्यायाधीश सैय्यद माऊज़ बिन आसिम एवं डीएम सुधा वर्मा व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का पहुंचकर कारागार में निरुद्ध बंदियों के समस्याओं को सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता एवं कारागार की सफाई व्यवस्था ठीक पाई गई। कारागार अस्पताल के निरीक्षण के दौरान बंदियों को उचित उपचार देने को कहा। हास्पिटल, बैरक, मेस, जेल परिसर आदि की सघन चेकिंग की गई। इसके बाद कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं-सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। सभी कारागार कर्मियों को सख्त हिदायत दी कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाने पाए। निरीक्षण के दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अपर जिला जज अभय प्रताप सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नाहिद सुल्ताना, न्यायिक मजिस्ट्रेट रूबी, न्यायिक मजिस्ट्रेट आकांक्षा सहित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



जिला कारागार का निरीक्षण कर आते जिला न्यायाधीश सैय्यद माऊज बिन आसिम, डीएम, एसपी व अन्य न्यायिक अधिकारी। ● अमृत विचार

- **कहा-जेल परिसर में न जाने पाए कोई भी प्रतिबंधित सामग्री लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई**

# विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए देश भक्ति कार्यक्रम

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार :** नगरिया के सेंट वीएन पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक और देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

सेंट वीएन पब्लिक स्कूल मिर्जापुर नगरिया में बुधवार को वार्षिकोत्सव विद्यालय परिसर में प्रबंधक सुरेश सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसका आरंभ अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबी कश्यप ने किया।

विद्यार्थियों ने गणपति वंदना, सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, धरती कहे पुकार, हॉलीडे सांग, डांडिया नृत्य, होली सांग, द स्टोरी ऑफ उरी अटैक सहित अनेक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसमें प्रत्येक कक्षा के टाप पांच विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विधायक हरिओम वर्मा और विधान परिषद सदस्य रजनीकांत माहेश्वरी ने बच्चों की सराहना की।



देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

- **सेंट वीएन पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव**
- **उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी किए गए सम्मानित**

पूर्व छात्रा डॉली सोलंकी का एकलव्य केंद्रीय आवासीय विद्यालय में चयन होने पर सम्मानित किया गया। संचालन विद्यालय संचालक मनोज चौहान ने किया। स्वामी कल्याणानंद, नूर मोहम्मद, देवेंद्र बघेल, विद्याराम मौर्य, दिनेश गुप्ता, सुरेश गुप्ता, भोजराज प्रधान, विजय सोलंकी प्रधान आदि रहे।

# अभियान चलाकर बीमारियों से बचाव को करेंगे जागरूक

**अलीगंज, अमृत विचार :** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का आरंभ एक अप्रैल को हो रहा है। अभियान का समापन 30 अप्रैल को होगा। इस अभियान के तहत लोगों को वेक्टर जनित बीमारियों से बचने के बारे में जागरूक किया जाएगा। बीपीएम दिव्यांशी भदोरिया ने विकासखंड में बैठक के दौरान बताया कि इस अभियान के संचालन में स्वास्थ्य विभाग के साथ ही 12 अन्य विभाग भी शामिल हैं।

स्वास्थ्य विभाग इसमें नोडल विभाग की भूमिका में है। बताया कि 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार, इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस, कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों और कुपोषित बच्चों का नाम और पता सहित संपूर्ण विवरण ए कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगी। उन्होंने सभी गांवों में विशेष साफ-सफाई को कहा है।

# पोर्टल पर नहीं दिखे बंटे हुए आयरन सिरप, लगाई फटकार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** गर्भवती महिलाओं में हीमोग्लोबिन की कमी न रहे। इसके लिए उन्हें आयरन सिरप बांटे गए, लेकिन ये सिरप पोर्टल पर दर्ज नहीं किए गए। बुधवार को अलीगढ़ में बैठक हुई। जहां कमिश्नर ने फटकार लगाई और पोर्टल पर विवरण भरने के निर्देश दिए।

1 अप्रैल से विशेष संचारी रोग अभियान शुरू हो रहा है। इसको लेकर अलीगढ़ में कमिश्नर चैतरा वी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक हुई। कमिश्नर ने स्वास्थ्य अधिकारियों को बताया कि संचारी रोग अभियान चलाने की जरूरत क्यों पड़ रही है। जबकि स्वास्थ्य विभाग लगातार कार्य करता है। इस दौरान गर्भवती महिलाओं के बारे में सीएमओ से जानकारी ली। सीएमओ ने टीकाकरण से लेकर खून की कमी से पीड़ित गर्भवती महिलाओं को आयरन सूक्रोज चढ़ाने आदि के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में आशा व एएनएम ने करीब 40 हजार आयरन सिरप गर्भवती महिलाओं को बांटे हैं। कमिश्नर ने पोर्टल पर आयरन सिरप के बारे में जानकारी ली, लेकिन पोर्टल पर चढ़े नहीं मिले। इस पर सीएमओ से नाराजगी जताई। तत्काल ई-कवच पोर्टल पर इसे पूरा करने के निर्देश दिए।

### सीएमओ ने आशाओं को दिए निर्देश

सीएमओ डॉ. उमेश त्रिपाठी ने बताया कि आयरन के सीरप पोर्टल पर अंकित नहीं थे। कमिश्नर ने नाराजगी जताई और विवरण को दर्ज कराने की बात कही। आशाओं को विवरण ई-कवच पोर्टल पर अंकित करने के निर्देश दिए हैं।

## धोखाधड़ी कर 73 हजार रुपये ठग लिए, रिपोर्ट दर्ज

**सकीट, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव धुमी निवासी राजीव पुत्र रनवीर सिंह ने बताया कि मोबाइल नं. 9934149333 और 8101211055 के धारक द्वारा धोखाधड़ी करके पीड़ित से 73 हजार 911 रुपये ठग लिए। जानकारी होने पर पीड़ित ने साइबर थाने में जाकर तहरीर दी है। मामले में साइबर थाने के एसएचओ दयानारायण त्रिपाठी ने मोबाइल धारक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक आरोपित पुलिस पकड़ से दूर थे।

## दहेज के लिए विवाहिता को जिंदा जलाने का प्रयास

संवाददाता, एटा

- तहरीर पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का ससुरालीजनों द्वारा प्रयास किया गया। बहन द्वारा उसको बचा लिया गया। मामले में चार ससुरालीजनों के खिलाफ कोतवाली देहात में मामला दर्ज कराया गया है।

कोतवाली देहात के गांव नगला गलू निवासी अनार सिंह के पुत्र शनि के साथ रुबी की शादी हुई थी। रुबी ने पुलिस को बताया कि पिता ने हैसियत के अनुसार दानदहेज दिया था लेकिन ससुरालीजन दहेज से खुश नहीं हुए। अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। आरोप है कि शनि समेत चार ससुरालीजनों द्वारा दहेज के लिए उसके साथ न सिर्फ मारपीट कर उत्पीड़न किया, बल्कि पेट्रोल डालकर जिंदा उसको आग लगा दी गई। हत्या के प्रयास की घटना को देख उसकी बहन पहुंच गई और उसने बचा ली। कोतवाली देहात थानाध्यक्ष ने बताया है कि पीड़िता की तहरीर पर पति शनि समेत चार ससुरालीजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### वरुण गांधी ने तोड़ी चुप्पी, पीलीभीत वासियों के लिए पत्र लिखकर प्रकट कीं भावनाएं


# पीलीभीत से रिश्ता खत्म नहीं होगा, मैं आपका था, हूं और रहूंगा...

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- वरुण ने पत्र को अपने ट्विटर एकाउंट पर किया शेयर लेकिन आगामी निर्णय का नहीं किया कोई जिक्र

**अमृत विचार:** पीलीभीत संसदीय सीट पर भाजपा से टिकट कटने के बाद वरुण गांधी को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं हैं। हर कोई उनके निर्णय को लेकर कयास लगाने में जुटा है। मगर पर्चा खरीदने के बाद नामांकन न कराने पर यह तो साफ हो गया कि वरुण गांधी ने पार्टी का निर्णयस्वीकार कर लिया। वह भाजपा का चुनाव प्रचार करेंगे या फिर कुछ और फैसला लेंगे? इसे लेकर अभी तक स्पष्ट नहीं किया है। बहरहाल वरुण गांधी ने पीलीभीत वासियों के लिए एक पत्र लिखकर अपने ट्विटर एकाउंट पर साझा किया है। इस पत्र में उन्होंने पीलीभीत से रिश्ता कायम रखने के बारे में लिखा है।

वरुण गांधी ने पीलीभीत वासियों के लिए प्रणाम के साथ पत्र की शुरुआत की है। लिखा कि आज यह पत्र लिखते हुए उन्हें अनगिनत यादों ने भावुक कर दिया। मुझे वो तीन साल का छोटा सा बच्चा याद आ रहा है, जो अपनी मां की उंगली पकड़कर


वरुण गांधी।

1983 में पहली बार पीलीभीत आया था। उसे कहां पता था कि एक दिन यह धरती उसकी कर्म भूमि और यहां के लोग उसका परिवार बन जाएंगे। वर्षों तक पीलीभीत की महान जनता की सेवा करने का मौका मिला। महज एक सांसद के तौर पर नहीं, बल्कि एक व्यक्ति के तौर पर भी मेरी परवरिश और मेरे विकास में पीलीभीत से मिले आदर्श सरलता और सहृदयता का बहुत बड़ा योगदान है।

उन्होंने लिखा कि पीलीभीत में रहने वाले लोगों का प्रतिनिधि होना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान रहा और पूरी क्षमता से आपके हितों के लिए आवाज उठाई। एक सांसद के तौर पर मेरा कार्यकाल भले समाप्त हो रहा हो, पर पीलीभीत से मेरा रिश्ता अंतिम सांस तक खत्म नहीं हो सकता। इस सफर को नहीं भुलाया जा सकता। सांसद के रूप में नहीं तो बेटे के तौर पर सही, आजीवन सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। मेरे दरवाजे पीलीभीत वासियों के लिए हमेशा पहले की तरह खुले रहेंगे। मेरा और पीलीभीत का रिश्ता प्रेम और विश्वास का है, जो किसी राजनीतिक गुणा-भाग से बहुत ऊपर है। मैं आपका था, हूं और रहूंगा।

बता दें कि 1989 से लेकर 2019 तक हुए नौ लोकसभा चुनावों में छह बार मेनका गांधी और दो बार वरुण गांधी पीलीभीत से सांसद चुने गए थे। इस बार भाजपा ने उनका टिकट काट दिया है। हालांकि भाजपा ने मेनका गांधी को सुल्तानपुर से अपना उम्मीदवार बनाया है।

## मुजरिया क्षेत्र में नहीं हटाए चौराहों पर लगे प्रचार बैनर


फोटो 08 बीडीएन 208 मुजरिया तिराहे पर यात्री शेड में लगा चुनावी पोस्टर।

संवाददाता, मुजरिया

**अमृत विचार:** मुजरिया क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लंघन हो रहा है। यहां विभिन्न दलों के लगे चुनावी प्रचार पोस्टर आचार संहिता की खिल्ली उड़ा रहे हैं। जिन्हें अभी तक थाना पुलिस द्वारा हटाया नहीं गया है।

मुजरिया चौराहे पर बिल्सी मार्ग पर थाना की चारदीवारी के किनारे यात्री शेड बना हुआ है। जिस पर चुनाव चिह्न के साथ प्रधानमंत्री, सांसद और अन्य नेताओं के फोटो वाला पोस्टर लगा हुआ है। ऐसा ही चुनावी प्रचार पोस्टर कोल्हाई हाईवे मार्ग पर सहकारी संघ के सामने बने यात्री शेड में लगा है। जिसे अभी तक हटाया नहीं गया है। जबकि आचार संहिता लगने दौरान ही प्रचार सामग्री को हटाने और उन्हें ढकने के निर्देश संबंधितों को दिए गए हैं। इसके बाद भी यात्री शेड में लगे पोस्टरों को अभी तक हटाया नहीं जा सका है।

# बाइकों की भिड़ंत में पति की मौत, पत्नी घायल

### ससुर के निधन के बाद मिर्जापुर से गमी से शामिल होकर लौट रहे थे आकाश

संवाददाता, अलीगंज

- ससौता-दोषपुर के निकट दूसरी बाइक से हो गई टक्कर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में ससौता गांव के पास तेज रफ्तार बाइक ने दूसरी बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक संवार दंपती घायल हो गए। इलाज को जाते समय पति की मौत हो गई, जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हुई है। उसको मेडिकल कॉलेज से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

जनपद कासगंज के पटियाली थाना क्षेत्र के ग्राम थाना दरियावगंज निवासी आकाश पुत्र रामनिवास की शाहजहांपुर जनपद के मिर्जापुर थानान्तर्गत गांव दोषपुर निवासी मोहन सिंह के घर में ससुराल है। उसके ससुर मोहन सिंह का निधन हो गया था। होली पर्व पर गमी में ससुर के घर रामनिवास पत्नी रिन्की के साथ गया था और बुधवार की सायं वह पत्नी के साथ बाइक पर सवार


मृतक आकाश।

होकर ससुराल से लौट रहे थे।

जैसे ही अलीगंज के गांव ससौता दोषपुर के समीप पहुंची कि तभी दूसरी बाइक से भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में आकाश, रिन्की समेत तीन लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल में दाखिल कराया गया। आकाश की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

**सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल :** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम मरथरा निवासी अजीत चैहा पुत्र रविन्द्र सिंह की बाइक में नगला सेमरा के पास ट्राला ने टक्कर मार दी। हादसे में अजीत घायल हो गया।उसको भाई अमित ने अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं दूसरी ओर रिजोर थाना क्षेत्र के गांव फफोतू निवासी मोहन बाबू पुत्र रामस्वरूप की मोपेड पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में मोहन बाबू समेत दो लोग घायल हो गए। दोनों का मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है।

### नाली में घुसा ट्रक दीवार से टिका, बड़ा हादसा टला



**अवागढ़।** सकरौली थाना क्षेत्र के इसौली जलेसर मार्ग स्थित गांव बाकलपुर में बुधवार रात में एक ओवरलोड ट्रक सड़क किनारे नाली में घुस कर मकान की दीवार पर टिक गया। मकान में परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। वहीं नाली के ठीक ऊपर हाईटेंशन लाइन जा रही है और पास में ही सड़क किनारे ही ट्रांसफार्मर भी रखा हुआ है। अगर ट्रक बगल में लगे ट्रांसफॉर्मर से टकरा जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। बाकलपुर गांव में खराब सड़क के कारण जलभराव की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत की गई तब जाकर लोक निर्माण विभाग ने चार महीने पहले बाकलपुर में सड़क किनारे नाली निर्माण शुरू किया जिसमें अनियमितता बरतते हुए मानक के विपरीत निर्माण कार्य कराया गया तथा निर्माण में बालू का ज्यादा इस्तेमाल किया गया है। ठेकेदार ने नाली और सड़क के बीच में गिट्टी डालने की जगह रेत डाल दिया है जिससे ट्रक ड्राइवर को अंदाजा नहीं लग सका और दूसरे वाहन को साइड देने के चक्कर में ट्रक नाली में घुस गया। गांव के निवासी रमेशपाल सिंह जादौन, वीरपाल सिंह, अमर सिंह, रामलाल आदि ने सड़क को गड्ढा मुक्त कराये जाने की मांग की है।

## जलेसर बा विद्यालय में 9 व 11वीं में छात्राओं को मिलेगा प्रवेश

संवाददाता, जलेसर

- अब तक यहां आठवीं तक की छात्राओं को पढ़ाया जाता था
- शासन के आदेश के बाद यहां भवन का निर्माण कार्य हुआ पूरा

**अमृत विचार :** जलेसर ब्लॉक क्षेत्र की छात्राओं के लिए खुशखबरी है। उन्हें नए शैक्षिक सत्र में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में 9वीं व 11वीं कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। अभी तक विद्यालय में कक्षा आठवीं तक की छात्राओं को पढ़ाया जाता था।

सरकार छात्राओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है। वर्ष 2023 में शासन से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों को उच्चीकृत करने की बात कही गई। इसके बाद से जलेसर व निधौलीकलां में संचालित विद्यालयों में भवन का निर्माण कराया गया। जलेसर में भवन का निर्माण पूरा हो गया है। इस भवन को हैंडओवर लेने की प्रक्रिया चल रही है।

जबकि निधौलीकलां में भवन का निर्माण पूरा होने को है। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा संजय मिश्रा ने बताया कि जलेसर में नए शैक्षिक सत्र के दौरान विद्यालय में छात्राओं को 9वीं व 11वीं में प्रवेश दिया जाएगा। विद्यालय में भवन जो बनकर तैयार किया गया है, उसे कमेटी के माध्यम से हैंडओवर में लिया जाएगा।

**सकीट में हो रही 10वीं तक की पढ़ाई**

जिले में सकीट क्षेत्र में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 10वीं तक पढ़ाई होती है। यहां पहले से भवन तैयार था तो कक्षाएं शुरू कर दी गईं थी। हॉस्टल आदि की सुविधा यहां पहले से ही थी।

## न्यायाधीश और जिलाधिकारी ने जेल में पुस्तकालय किया आरंभ

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश रविन्द्र कुमार प्रथम, जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने जनपद कारागार का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान जेल में निरुद्ध कैदियों को सुविधाओं आदि के संबंध में जानकारी ली। न्यायाधीश ने बंदियों से पूछताछ करते हुए कहा कि जिन कैदियों को केसों के निस्तारण में पैरवी करने के लिए सरकारी अधिवक्ता की आवश्यकता है तो वे लिखित रूप में प्रार्थनापत्र देकर अवगत करा सकते हैं। न्यायाधीश ने इस दौरान जनपद कारागर में पुस्तकालय का फीता काटकर आरंभ किया।

उन्होंने कहा कि जनपद कारागार में कैदियों के हितों के लिउ सराहनीय कार्य किया गया है। किताबों के माध्यम से अच्छे विचार कैदियों के मन में आएंगे, जिससे कैदियों में


फीता काटकर पुस्तकालय का आरंभ करते हुए जिला जज रविन्द्र कुमार, डीएम प्रेमरंजन संह, एसएसपी राजेश कुमार सिंह व अन्य। • अमृत विचार

- न्यायाधीश, डीएम, एसएसपी ने कारागार का निरीक्षण कर लिया जायजा

सकारात्मक सोच विकसित होगी। डीएम ने कहा कि जेल में कैदियों के खानपान, स्वास्थ्य का बेहतर ढंग से ख्याल रखा जाए। उन्होंने इस दौरान जेल में अस्पताल का भी निरीक्षण किया और भर्ती मरीजों से वार्ता की। डीएम ने कहा कि जेल में बेहतर ढंग से साफ सफाई कराई जाए, संचारी रोगों को दृष्टिगत रखते हुए जेल में फॉगिंग, एंटी लार्वा का छिड़काव भी सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर सीजेएम कामायनी दुबे, जेल अधीक्षक अमित चौधरी, क्षेत्राधिकारी विक्रांत द्विवेदी, जेलर पीके कश्यप, चिकित्साधिकारी उत्सव जैन आदि मौजूद रहे।

## कुल्हाड़ी से किया जानलेवा हमला

**जैथरा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम बनियाढारा निवासी भानु पुत्र कैलाश का कहना है कि क्षेत्र के गांव मोहकमपुर निवासी जसवीर सिंह पुत्र यादराम सिंह समेत तीन लोगों ने उसके व उसके रिश्तेदारों को बनियाढारा गांव में घेर लिया। आरोपितों ने कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया। मारपीट कर चोटिल कर दिया गया। दूसरे मामले में अवागढ़ थाना क्षेत्र के गांव भैसना निवासी देवजीत पुत्र मुन्नालाल का कहना है कि गांव के निवासी केशव पुत्र मेध सिंह समेत छह लोगों द्वारा एकराय होकर पीड़ित के घर में घुसकर उसकी भाभी व भाइयों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। जिस घटना में भाभी फूलश्री बेहोश हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## 87 वाहनों के किए चालान 81500 रुपये जुर्माना वसूला



यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले बाइक सवारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए टीएसआई अनिल कुमार वर्मा। • अमृत विचार

संवाददाता, एटा

- एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने चलाया अभियान

**अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलाकर बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल पर सवार होकर चलने वालों को यातायात के नियम के संबंध में यातायात प्रभारी अनिल कुमार वर्मा ने जानकारी दी। उन्होंने बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 87 वाहनों के चालान कर 81500 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। वहीं लोगों को जागरुक किया गया।

## फुसलाकर दो किशोरियों को भगाया

**एटा, अमृत विचार :** रिजोर थाना क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को बताया है कि उसकी 16 वर्षीय बेटी गांव में मौजूद थी। आरोप है कि तभी सकीट क्षेत्र ने गांव सलेमपुर निवासी धुरव पुत्र राजेन्द्र आ गया और फुसलाकर बेटी को भगा ले गया।

आरोपित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, दूसरी अलीगंज क्षेत्र के एक गांव की निवासी महिला का आरोप है कि कासगंज के गंजडुण्डवारा थाना क्षेत्र के गांव अल्लाहपुर निवासी सोनू पुत्र नंदकिशोर उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अगवा कर ले गया है। कही पर सुराग नहीं लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**कोर्ट नोटिस**

**सम्मन वास्ते करार वाद अमूर तनको तलवो आर्डर 5 कायदा 1 व 5 व अदालत सिविल जज सीनियर डिवीजन एटा** मूतवाद सं0 01 सन् 2018

श्री सन्देश शर्मा वनाम श्रीमती विमलारानी श्रीमती नीरू पुत्री श्री ऋषी कुमार पत्नी अशोक प्रसाद निवासी 55 सिविल लाइन्स बरेली।

हरगाह वादी ने आपके नाम एकनालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप तारीख 18.04.2024 वक्त दस वेज असालतन था मार्फत वकील के जो हालात मुकद्दमा से वाकई वाकिफ किया गया हो जो ऐसे सवालों का जवाव दे सके। कुल मुकद्दमा का जवाव दे सके या उसके साथ कोई सख्श हो जो ऐसे सवालो का जवाव दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिम है कि जुमला दस्तावेज को आप उसी रोज पेश करे जिस पर कि जवाव देही के दस्तावेज पेश करना चाहते हो। आपको इत्तला दी जाती है कि अगर व रोज मशकूर न हो तो आपको गैर हाजिरी में और फैसला होगा। व सख्श मेरे और मुहर अदालत से आज व तारीख 19.08-2024 ई0 को जारी किया गया। न्यायालय को आज्ञा से मुन्सरिम

**न्यायालय सिविल जज सी0डि0 एटा**

**सूचना**

सर्व साधारण को इस प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि मैं, श्रीमती तारा बी पत्नी मो. नसीम कुरैशी निवासी खिन्नी मस्जिद आजम नगर बरेली, उत्तर प्रदेश अपनी संपत्ति जिसका विवरण नीचे अनुसूची में है, उसका स्वामित्व विलेख जमा करके बंधक ऋण लेना चाहता हूं हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से, जिनका पंजीकृत कार्यालय है: 167-169, दूसरी मंजिल अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई और शाखा कार्यालय :- पहली मंजिल, एसआरपी कॉम्प्लेक्स, कर्मचारी नगर, मिनी बाई पास रोड, ऑप. आईसीआईसीआई बैंक, बरेली, उत्तर प्रदेश। यदि किसी को उपरोक्त आशयित बंधक के सम्बन्ध में कोई आपत्ति, दावा, हित, विवाद है, तो वह हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, बरेली शाखा के शाखा प्रबंधक से बताए गए पते पर या पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रमाण के साथ संपर्क कर सकता है। इस प्रकाशन की तारीख से सात (7) दिनों के भीतर अपनी आपत्तियां/दावे/विवाद/विवादों का विवरण, प्रस्तुत कर सकते हैं ऐसा न करने पर बंधक की प्रक्रिया इस प्रकार आगे बढ़ेगी जैसे कि इसके संबंध में कोई तीसरे पक्ष के दावे/आपत्तियां/विवाद अनुसूचित संपत्ति पर न हों और उसके बाद किसी दावे/आपत्ति/विवाद पर विचार नहीं किया जाएगा। संपत्ति की अनुसूची:- 41.81 वर्ग मीटर, वाकै मोहल्ला कटधर, बरेली, उत्तर प्रदेश जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है:- पूर्व में - वकिया आराजी वायान पश्चिम में- रास्ता गली 8फिट चौड़ी उत्तर में - मकान ताज व मकान सद्दीक दक्षिण में- रास्ता 18 फिट चौड़ा जिसे आसमा पत्नी इस्लाम व सुमैया पत्नी आरिफ ने ताराबी पत्नी मोहम्मद नसीम कुरैशी के पक्ष में पंजीकृत विलेख एस.आर.ओ. बरेली में किताब 1,जिल्द: 14266,पृष्ठ-345-362 क्रमांक: 6411, दिनांक: 9.5.23 को दर्ज किया। यहां संपर्क करें:- हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, पहली मंजिल, एसआरपी कॉम्प्लेक्स, कर्मचारी नगर, मिनी बाई पास रोड, ऑफ.आईसीआईसीआई बैंक, बरेली, उत्तर प्रदेश।

## तत्कालीन मुख्य अभियंता भी ठेकेदार को लाभ देने में दोषी

बरेली कार्यालय

- सड़क बनाने को लेकर बदायूं की फर्म को सेतु का ठेका देने का मामला

**अमृत विचार :** सड़क का कार्य करने वाली बदायूं की फर्म को सेतु बनाने का ठेका देने वाले पीडब्ल्यूडी के तत्कालीन मुख्य अभियंता शासन स्तर पर हुई जांच में फंस गए हैं। ठेकेदार का पंजीकरण करते समय अनुभव प्रमाण पत्रों का सही परीक्षण नहीं करने पर उन्हें आंशिक रूप से दोषी माना गया है, जबकि तथ्यों को छिपाकर विभाग को गुमराह कर गलत तरीके से पंजीकरण कराकर कार्य करने के लिए ठेकेदार को दोषी मानते हुए पंजीकरण निरस्त करने के निर्देश प्रमुख अभियंता वीके श्रीवास्तव ने चीफ इंजीनियर संजय कुमार तिवारी को दिए हैं। उधर, मुख्य अभियंता ने भी जांच में ठेकेदार को दोषी मान पंजीकरण निरस्त करने की कार्रवाई की संस्तुति कर रिपोर्ट शासन को भेज दी है।

दरअसल, पीडब्ल्यूडी के अफसरों पर बीते साल बदायूं के ठेकेदार सतीश चंद्र दीक्षित को नियम विरुद्ध अनुभव प्रमाण पत्र पर करोड़ों रुपये का फायदा पहुंचाने के आरोप लगे थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार, सांसद धर्मेंद्र कश्यप के अलावा केसरिया हिंदू वाहिनी के जिलाध्यक्ष राकेश सक्सेना ने मामले की शिकायत शासन में की थी। फर्म ने सेतु निर्माण में ए क्लास का रजिस्ट्रेशन नियम विरुद्ध तरीके से कराकर बदायूं में अरिल नदी सेतु का टेंडर ले लिया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**विजय नगला।** ट्रैक्टर की टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया है। जनपद संभल के कस्बा बहजोई निवासी अर्जुन 35 वर्ष पुत्र महेंद्र प्रसाद, धर्मवीर 25 वर्ष पुत्र छोटेलाल बाइक से गुरुवार की शाम करीब सात बजे थाना बिनावर क्षेत्र के गांव बिलहत में अपने रिश्तेदारों से होली मिलने जा रहे थे। गांव सिकरोड़ी बिलहत रोड पर सामने से आलू की बोरी लदा ट्रैक्टर आ रहा था तभी दोनों की आमने-सामने की टक्कर हो गयी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गये। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस को देख ट्रैक्टर चालक मौके से भाग गया।

## महिला की लाश की दूसरे दिन भी नहीं हुई शिनाख्त

**मिरहची, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव सिरसा टिप्पू स्थित हजारा नहर में मिले महिला के सिर कटी शव की शिनाख्त दूसरे दिन भी नहीं हो सकी। बुधवार को दोपहर क्षेत्र के एटा-कासगंज मार्ग स्थित सिरसाटिप्पू हजारा नहर में एक 25 से 30 वर्षीय महिला का शव पड़ा मिला था। उसका सिर कटा हुआ था।

सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी सदर अमित कुमार राय, फील्ड यूनिट व डॉग स्क्वायड टीम द्वारा साक्ष्य जुटाए गए। सीओ ने महिला के शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन बुधवार को पहचान कराने में पुलिस सफल नहीं हो सकी। गुरुवार को भी शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया। पुलिस उपाधिक्षक व थानाध्यक्ष ने मृतका के शव को जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवा दिया है। लोगों का मानना है कि महिला की हत्या करने के पश्चात शव को यहां लाकर फेंका गया है। इसीलिए शव की शिनाख्त नहीं हो पा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि महिला के शव की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए शव की फोटो डीसीआरबी के माध्यम से अन्य जनपदों में भेजे गए हैं।

## विलुप्त हो रही 52 किमी. लंबी काक नदी

संवाददाता, एटा

- मनरेगा और सिंचाई विभाग ने मिलकर कराया था कार्य
- नदी का हो पुनरुद्धार तो किसानों को मिले सिंचाई का लाभ

**अमृत विचार :** जिले में काक नदी लगभग विलुप्त हो गई है। इसका अस्तित्व एक-दो स्थानों पर नाले के रूप में रह गया है। इसको पुनर्जीवन देने का खाका कई बार खींचा गया है। मनरेगा और सिंचाई विभाग ने मिलकर इस पर काम कर चुका है। बावजूद कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकल सका।

करीब 21 साल पहले तक इस नदी में पानी का बहाव अच्छा था। सफाई की कमी और अतिक्रमण के चलते यह धीरे-धीरे अवरुद्ध होती गई। ऐसे में नदी जगह-जगह नाले का रूप लेती गई तो कई जगह इसका अस्तित्व ही समाप्त हो गया। इसको पुनर्जीवन देने के लिए सिंचाई विभाग और मनरेगा ने जुटकर सफाई सिल्ट निकाली थी। तैयार की गई योजना के तहत ग्राम पंचायत के माध्यम से इसकी सिल्ट सफाई का काम कराया गया था। साथ ही पटरियों पर खड़ी झाड़ियों को कटवाकर साफ कराया गया था। लेकिन इसमें पानी का बहाव नहीं हो सका।

**यह है उद्गम स्थल :** जिले में काक नदी का उद्गम स्थल मारहरा ब्लॉक का नयाबांस


काक नदी का फाइल फोटो।

ताल है। गिरौरा गांव से होते हुए शीतलपुर ब्लॉक में कुसाढ़ी, सकीट ब्लॉक में करीब 9 गांव से होते हुए यह नदी मैनपुरी जिले में ईशन नदी में मिल जाती है। जिले में इसकी कुल लंबाई 52 किलोमीटर है। इस नदी से काफी गांव जुड़ते हैं, जिन्हें पहले पानी मिलता था।

इनमें रेवाड़ी, नन्दपुर बेलामाई, नैनपुर, नगला काजी, मुबारिकपुर निवरुआ, कमालपुर मई, इशारा पूर्वी, भगवन्तपुर, मजरा जात सकीट शामिल हैं। जिले में काक नदी का अस्तित्व ही अब खत्म हो गया है।

**पुनरुद्धार को वर्षों से नदी की नहीं कराई गई सफाई**

गिरौरा के जयवीर सिंह कहते है कि पहले इसमें पानी चलता था तो सिंचाई के लिए काफी मदद मिलती थी। अगर इसकी सफाई हो तो किसानों को काफी फायदा मिलेगा। रेवाड़ी के नरेन्द्र बोले कि काक नदी जिले में नाले की तरह ही रह गई है। सफाई नहीं होने की वजह से पानी नहीं आता है। सफाई हो तो कई गांव के किसानों को फायदा मिले। कमालपुर मई के प्रशांत कहते है कि प्रशासन अगर इस नदी की सफाई कराए तो किसानों के लिए काफी राहत भरा काम होगा। पानी फिर से आने से सिंचाई करने का खर्चा भी बचेगा। भगवंतपुर के हरीश ने कहा कि काक नदी की कई सालों से सफाई नहीं कराई गई जिसकी वजह से इसका अस्तित्व गायब होता जा रहा है। इसका पुनरुद्धार होना चाहिए।

## मौसम बदलने के साथ बढ़ा बीमारियों का खतरा

**एटा ,अमृत विचार :** मौसम परिवर्तन के कारण बढते मच्छरों के प्रकोप के कारण बीमारियों का खतरा मंडराने लगा है। प्रतिदिन जिला अस्पताल के अलावा पीएचसी एवं सीएचसी पर सेकडों की संख्या में मरीजों के आने से चिकित्सक भी परेशान हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मच्छर रोधी दवा के छिडकाव की मांग की है। मांग करने वालों में उदयवीर सिंह, मनीराम, राजकुमार, विजेन्द्र, महीपाल, एमपी कश्यप, अनार सिंह आदि प्रमुख हैं।

**कार्यालय बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली**

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कीरत एसोसिएट्स पार्टनर श्री हरपीत छाबड़ा द्वारा गाटा संख्या-533/1, 534, 569 (पार्ट), 570, 571/1,2 ,572 पार्ट एवं 573 पार्ट करमपुर चौधरी, नैनीताल मार्ग, बरेली पर "होटल" भवन निर्माण की स्वीकृति हेतु ऑन लाइन मानचित्र संख्या-बी.डी.ए./बी.पी./23-24/0603 प्रस्तुत किया गया है। बरेली महायोजना-2031 के अनुसार प्रश्नगत स्थल पर भू-उपयोग बरेली नैनीताल मार्ग के उपरान्त 100 मीटर तक व्यवसायिक एवं तदोपरान्त "आवासीय" आवासीय भू-उपयोग दर्शित है। भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2008 यथा संशोधित (2011, 2016, 2023) के प्रस्तर 5.1 (II) तथा महायोजना जोनिंग रेगुलेशन्स के 2.14 के अनुसार आवासीय भू-उपयोग में होटल क्रिया अनुमन्य है। भवन उपविधि के ही प्रस्तर 5.6 के अनुसार आवासीय भू-उपयोग में होटल अनुमन्यता से पूर्व आम जनता से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किया जाना है। अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति/सुझाव देने है, तो अपना आपत्ति/सुझाव विज्ञप्ति प्रकाशन के एक माह के अन्दर मानचित्र लिपिक श्री मोहित कुमार 9568006436 को प्राप्त करा सकते हैं।

**उपाध्यक्ष, बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली**

नारुन्तुद : स्यान्न नृशंसवादी न हीनत : परमभ्याददीत।
ययास्य वाचा पर उद्विजेत न तां वदेदुषतीं पापलोक्याम् ॥

दूसरे के मर्म को चोट न पहुंचाए, चुभने वाली बातें न बोले, घटिया तरीके से दूसरे को वश में न करें, दूसरे को उद्विग्न करने एवं ताप पहुंचाने वाली, पापी जनों के आचरण वाली बोली न बोलें।


## संपादकीय

# वैश्विक चुनौती

दुनिया एक ओर बढ़ी हुई खाद्य मांग को पूरा करने की वैश्विक चुनौती का सामना कर रही है, वहीं 78 करोड़ लोगों को भरपेट भोजन नहीं मिलता। भोजन बर्बादी एक वैश्विक त्रासदी है। खाद्य हानि और बर्बादी को खाद्य सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण के लिए एक गंभीर खतरे के रूप में पहचाना जाता है। पोषण संबंधी असुरक्षा के संदर्भ में खाद्य बर्बादी एक गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि इससे मानव उपभोग के लिए भोजन की उपलब्धता कम हो जाती है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की एक नई रिपोर्ट दर्शाती है कि एक तरफ, एक-तिहाई मानव आबादी, खाद्य असुरक्षा से जूझ रही है, वहीं हर दिन, एक अरब आहार खुराकों के समतुल्य खाद्य सामग्री बर्बाद हो जाती है। इस वजह से ना केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है बल्कि जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता हानि और प्रदूषण की चुनौतियां भी गहरी हो जाती हैं। यूएन एजेंसी की 'खाद्य अपशिष्ट सूचकांक' रिपोर्ट बताती है कि 2022 में लगभग एक अरब टन भोजन बर्बाद हो गया। करीब 20 फीसदी भोजन कूड़े में फेंक दिया जाता है। औसतन, हर व्यक्ति एक वर्ष में 79 किलोग्राम भोजन की बर्बादी के लिए जिम्मेदार है। यह विश्व में भूख से प्रभावित हर व्यक्ति के लिए हर दिन 1.3 आहार खुराकों के समतुल्य है। भोजन बर्बादी की चुनौती महज संपन्न देशों तक सीमित नहीं है और इस विषय में धनी व निर्धन देशों के बीच की दूरी कम हो रही है।

भारत में घरेलू भोजन की बर्बादी सालाना प्रति व्यक्ति लगभग 50 किलोग्राम या 68.76 मिलियन टन होने का अनुमान है। कृषि मंत्रालय के मुताबिक भारत में हर वर्ष लगभग 50,000 करोड़ रुपये का भोजन बर्बाद हो जाता है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के अनुसार भारत में उत्पादित भोजन का एक तिहाई हिस्सा खाने से पहले ही बर्बाद या खराब हो जाता है। यह गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि इससे पता चलता है कि लोग न केवल जानबूझकर भोजन बर्बाद करते हैं, बल्कि उन्हें इसके बारे में पता भी नहीं चलता है। यूएन एजेंसी की रिपोर्ट यह भी बताती है कि खाद्य बर्बादी के स्तर और औसत तापमान में सीधा संबंध है। गर्म जलवायु वाले देशों में घर-परिवारों में प्रति व्यक्ति ज्यादा मात्रा में भोजन बर्बाद होता है, चूंकि वहां ताजा भोजन खाने की प्रवृत्ति है और खाद्य संरक्षण के लिए शीतलन उपकरण का अभाव हो सकता है। भोजन हानि और बर्बादी, 10 प्रतिशत वैश्विक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। भोजन की बर्बादी एक आर्थिक और पर्यावरणीय संकट है जिस पर हमें तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है और इस समस्या से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को इस दिशा में काम करना चाहिए। अच्छा खाना हर नागरिक का जितना अधिकार है, उतना ही हमारी जिम्मेदारी भी है कि इसे बर्बाद न करें।

# वर्षा जल संचयन के साधनों को रखना होगा जीवंत



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

दुखद है कि बरसात की हर बूंद को सारे साल जमा करने वाली गांव-कस्बे की छोटी नदियां बढ़ती गरमी, घटती बरसात और जल संसाधनों की नैसर्गिकता से लगातार छेड़छाड़ के चलते या तो लुप्त हो गईं या गंदे पानी के निस्तार का नाला बना दी गईं। देश के चप्पे-चप्पे पर छितरे तालाब तो हमारा समाज पहले ही चट कर चुका है। कुएं तो बिसुरी बात हो गए।

इस बार भी अनुमान है कि मानसून की कृपा देश पर बनी रहेगी,ऐसा बीते दो साल से हुआ, उसके बावजूद बरसात के विदा होते ही देश के बड़े हिस्से में बूंद-बूंद के लिए मारामारी शुरू हो जाती है। जानना जरूरी है कि नदी-तालाब-बावड़ी-जोहड़ आदि जल स्रोत नहीं हैं,ये केवल जल को सहेज रखने के खजाने हैं,जल स्रोत तो बारिश ही है और जलवायु परिर्तन के कारण साल दर साल बारिश का अनियमित होना, बेसमय होना और अचानक तेज गति से होना घटित होगा ही। आंकड़ों के आधार पर हम पानी के मामले में पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा समृद्ध हैं,लेकिन चिंता का विषय यह है कि पूरे पानी का कोई 85 प्रतिशत बारिश के तीन महीनों में समुद्र की ओर बह जाता है और नदियां सूखी रह जाती हैं।

यह सवाल हमारे देश में लगभग हर तीसरे साल खड़ा हो जाता है कि 'औसत से कम' पानी बरसा या बरसेगा, अब क्या होगा? देश के 13 राज्यों के 135 जिलों की कोई दो करोड़ हेक्टर कृषि भूमि प्रत्येक दस साल में चार बार पानी के लिए त्राहि-त्राहि करती है। असल में इस बात को लोग नजरअंदाज कर रहे हैं कि यदि सामान्य से कुछ कम बारिश भी हो और प्रबंधन ठीक हो तो समाज पर इसके असर को गौण किया जा सकता है।

जरा देश की जल-कुंडली भी बांच ली जाए। भारत में दुनिया की कुल जमीन या धरातल का 2.45 क्षेत्रफल है। दुनिया के कुल संसाधनों में से चार फीसदी हमारे पास हैं व जनसंख्या की भागीदारी 16 प्रतिशत है। हमें हर साल औसतन 110 सेंटीमीटर बारिश से कुल 4000 घन मीटर पानी प्राप्त होता है,जो कि दुनिया के अधिकांश देशों से बहुत ज्यादा है। यह बात दीगर है कि हमारे यहां बरसने वाले कुल पानी का महज 15 प्रतिशत ही संचित हो पाता है। शेष पानी नालियों-नदियों से होते हुए समुद्र में जाकर मिल जाता है और बेकार हो जाता है। जाहिर है कि बारिश का जितना हल्ला होता है,उतना उसका असर पड़ना चाहिए। हां, एक बात सही है कि कम बारिश में भी उग आने वाले मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, कुटकी आदि की खेती व इस्तेमाल सालों-साल कम हुआ है,वहीं ज्यादा पानी मांगने वाले सोयाबीन व अन्य केश क्राप ने खेतों में अपना स्थान बढ़ाया है। इसके चलते बारिश पर निर्भर खेती बढ़ी है। तभी थोड़ा भी कम पानी बरसने पर किसान रोता दिखता है। यह आंकड़ा वैसे बड़ा लुभावना लगता है कि देश का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 32.80 लाख वर्ग किलोमीटर है,जबकि सभी नदियों को सम्मिलित जलग्रहण क्षेत्र 30.50 लाख वर्ग किलोमीटर है। भारतीय नदियों के मार्ग से हर साल 1645 घन किलोलीटर पानी बहता है,जो सारी दुनिया की कुल नदियों का 4.445 प्रतिशत है।



नदियों की जीवन स्थली कहा जाने वाला उत्तराखंड हो या फिर दुनिया की सबसे ज्यादा बरसात के लिए मशहूर मेघालय छोटी नदियों के साल-दर-साल लुप्त होने का सिलसिला जारी है। प्रकृति तो हर साल कम या ज्यादा,पानी से धरती को सींचती ही है,लेकिन असल में हमने पानी को लेकर अपनी आदतें खराब कीं। जब कुएं से रस्सी डालकर पानी खींचना होता था या चापाकल चलाकर पानी भरना होता था तो जितनी जरूरत होती थी, उतना ही जल उलींचा जाता था। घर में टोंटी वाले नल लगने और उसके बाद बिजली या डीजल पंप से चलने वाले ट्यूबवेल लगने के बाद तो एक गिलास पानी के लिए बटन दबाते ही दो बाल्टी पानी बर्बाद करने में हमारी आत्मा नहीं कांपती है।

देश के उत्तरी हिस्से में नदियों में पानी का अस्सी फीसदी जून से सितंबर के बीच रहता है,दक्षिणी राज्यों में यह आंकड़ा 90 प्रतिशत का है। जाहिर है कि शेष आठ महीनों में पानी की जुगाड़ न तो बारिश से होती है और न ही नदियों से। दुखद है कि बरसात की हर बूंद को पूरे साल जमा करने वाली गांव-कस्बे की छोटी नदियां बढ़ती गरमी, घटती बरसात और जल संसाधनों की नैसर्गिकता से लगातार छेड़छाड़ के चलते या तो लुप्त हो गईं या गंदे पानी के निस्तार का नाला बना दी गईं। देश के चप्पे-चप्पे पर छितरे तालाब तो हमारा समाज पहले ही चट कर चुका है। कुएं तो बिसुरी बात हो गए। बाढ़-सुखाड़ के लिए बदनाम बिहार जैसे सूबे की 90 प्रतिशत नदियों में पानी नहीं बचा। गत तीन दशक के दौरान राज्य की 250 नदियों के लुप्त हो जाने की बात सरकारी महकमे स्वीकार करते हैं। सनद रहे बिहार में पानी के लिए हत्या का आंकड़ा देश में सर्वाधिक है। अभी कुछ दशक पहले तक राज्य की बड़ी नदियां-कमला, बलान, फल्गू, घाघरा आदि कई-कई धाराओं में बहती थीं,जो आज नदारद हैं। झारखंड के हालात कुछ अलग नहीं हैं,यहां भी 141 नदियों के गुम हो जाने की बात फाइलों में तो दर्ज हैं,लेकिन उनकी चिंता किसी को नहीं। राज्य की राजधानी रांची में करमा नदी देखते ही देखते अतिक्रमण के घेर में मर गई। हरमू और जुमार नदियों को नाला तो बना ही दिया है। यहां चतरा, देवघर, पाकुड़, पूर्वी सिंहभूमि जैसे घने जंगल वाले जिलों में कुछ ही सालों में सात से 12 तक नदियों की जल धारा मर गई।

नदियों की जीवन स्थली कहा जाने वाला उत्तराखंड हो या फिर दुनिया की सबसे ज्यादा बरसात के लिए मशहूर मेघालय छोटी नदियों के साल-दर-साल लुप्त होने का सिलसिला जारी है। प्रकृति तो हर साल कम या ज्यादा,पानी से धरती को सींचती ही है,लेकिन असल में हमने पानी को लेकर अपनी आदतें खराब कीं। जब कुएं से रस्सी डालकर पानी खींचना होता था या चापाकल चलाकर पानी भरना होता था तो जितनी जरूरत होती थी, उतना ही जल उलींचा जाता था। घर में टोंटी वाले नल लगने और उसके बाद बिजली या डीजल पंप से चलने वाले ट्यूबवेल लगने के बाद तो एक गिलास पानी के लिए बटन दबाते ही दो बाल्टी पानी बर्बाद करने में हमारी आत्मा नहीं कांपती है। हमारी परंपरा पानी की हर बूंद को स्थानीय स्तर पर सहेजने, नदियों के प्राकृतिक मार्ग में बांध, रेत निकालने, मलवा डालने, कूड़ा मिलाने जैसी गतिविधियों से बचकर, पारंपरिक जल स्रोतों-तालाब, कुएं, बावड़ी आदि के हालात सुधारकर, एक महीने की बारिश के साथ सालभर के पानी की कमी से जूझने की रही है।

अब कस्बाई लोग बीस रुपए में एक लीटर पानी खरीदकर पीने में संकोच नहीं करते हैं तो समाज का बड़ा वर्ग पानी के अभाव में कई बार शौच व स्नान से भी वंचित रह जाता है। हम यह भूल जाते हैं कि प्रकृति जीवनदायी संपदा यानी पानी हमें एक चक्र के रूप में प्रदान करती है और इस चक्र को गतिमान रखना हमारी जिम्मेदारी है। इस चक्र के थमने का अर्थ है हमारी जिंदगी का थम जाना। प्रकृति के खजाने से हम जितना पानी लेते हैं उसे वापस भी हमें ही लौटाना होता है। इसके लिए जरूरी है कि विरासत में हमें जल को सहेजने के जो साधन मिले हैं,उनको मूल रूप में जीवंत रखें। केवल बरसात ही जल संकट का निदान है।

## प्रसंगवश

# अपनी-अपनी पोथी की व्याख्या



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारत के लगभग सभी विश्वविद्यालयों के इस्लामिक स्टडीज तथा अरबी के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। सेमिनार था-अकीदत के रंग हिंद तहजीब के संग। मकसद था-इस्लाम पर देशज प्रभाव को रेखांकित करना, लेकिन मकसद तो भटक गया। बात शुरू हुई थी इंडियन इस्लाम से, लेकिन उद्घाटन करने वाले वीसी ने ही चर्चा को इंडियन इस्लाम से मोड़कर इस्लामिक इंडिया बना दिया। अब वहां कुरान के शब्दों को बार-बार दोहराते हुए कहा जा रहा था-यह ईश्वरीय आदेश है। देशज प्रभाव की चर्चा किसको करनी थी? जो भी वक्ता आता, वह प्रकारांतर से इसी सूत्र का विस्तार कर देता। वही एक बात, फिर वही एक बात। एक ही बात को सुनते-सुनते जब थक गया तब मैंने अपने साथ ही बैठने वाले प्रतिभागी प्रोफेसर से (जो कश्मीर से थे) पूछा-ईश्वर केवल अरबी में ही क्यों बोला? या फिर सभी को वह एक ही भाषा सिखा देता। क्यों उसने भिन्न-भिन्न भाषाएं बना दीं? माना कि कुरान ईश्वर वाणी है, किंतु आप यह बताएं कि वेद ईश्वर-वाणी क्यों नहीं है? गीता ईश्वर वाणी क्यों नहीं है? बाइबिल ईश्वर वाणी क्यों नहीं है? समणसुत्तं ईश्वर-वाणी क्यों नहीं है? अवेस्ता ईश्वर वाणी क्यों नहीं है? गुरु ग्रंथ साहब या त्रिपिटक ईश्वर वाणी क्यों नहीं है? वे इसका उत्तर मुझसे ही पूछने लगे। चर्चा लंबी थी। 'संसार में प्रत्येक सांस्कृतिक समूह के पास सामूहिक जीवन का नियमन करने के लिए अपना एक ईश्वरी संविधान है, ईश्वरीय वाणी है। बाइबिल हो या कुरान या अवेस्ता या वेद या गुरु ग्रंथ साहब, त्रिपिटक, समणसुत्तं अथवा कोई अन्यः वहां के लोकमानस ने विभिन्न सांस्कृतिक समूहों ने इन्हें समष्टि विश्वास के साथ ईश्वरवाणी की प्रतिष्ठा दी है, इसलिए ये ईश्वरवाणी हैं। ईश्वरवाणी की प्रतिष्ठा लोकमानस करता है।

संसार में अपनी-अपनी पोथी या ईश्वरवाणी सभी सांस्कृतिक समूहों के पास है, लेकिन अपनी-अपनी पोथी या ईश्वरवाणी की व्याख्या प्रत्येक युग में होती रही। धर्म संस्थान की आलोचना प्रत्यालोचना निरंतर होती रहती है। ऐसा न होता तो मानव जीवन उस अंधकार युग में ही जी रहा आता। वे प्रोफेसर साहब सहमत तो हुए, किंतु बोले कि- 'मैं अपनी परिस्थिति में यह कह नहीं सकूंगा।'

# ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए



डॉ. अमित वर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

इस दिशा में पिछले माह ही भारत ऊर्जा सप्ताह गोवा में आयोजित किया गया जिसमें यह भारत की सर्वोच्च और एकमात्र विशिष्ट ऊर्जा प्रदर्शनी और सम्मेलन रहा।

समाज और अर्थव्यवस्था की स्थिरता और सामर्थ्य के लिए ऊर्जा संसाधनों की महत्वपूर्ण आवश्यकता को हम सभी समझ रहे हैं,क्योंकि यह हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए हमारी जिम्मेदारी की तरह हो गया है। प्रकृति पर सौर और जल विद्युत ऊर्जा दोनों ही आविष्कारी और सामर्थ्य पूर्ण ऊर्जा स्रोत हैं,जो स्थायी,प्रदूषण मुक्त और संवेदनशील ऊर्जा के लिए संभावनाएं प्रदान करते हैं।

सौर ऊर्जा और जल विद्युत के उपयोग से भारत स्वतंत्र और सामर्थ्य पूर्ण ऊर्जा स्रोतों की दिशा में अग्रसर हो रहा है,जो लंबे समय तक सतत ऊर्जा आपूर्ति की गारंटी प्रदान करता है। इसके अलावा यह प्रदूषण को कम करने में भी मदद करता है जिससे वातावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है। इस प्रकार सौर ऊर्जा और जल विद्युत न केवल ऊर्जा संक्रांति के लिए महत्वपूर्ण हैं,बल्कि ये विकास के लिए भी एक महत्वपूर्ण चरण हैं,जो भारत को ऊर्जा स्वतंत्रता और संरचनात्मक सुरक्षा की दिशा में आगे बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

ऊर्जा आवश्यकताओं में आत्मनिर्भरता हासिल करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रमुख फोकस क्षेत्र रहा है। सौर ऊर्जा,सूर्य से प्राप्त होने वाली ऊर्जा,हमारे प्राकृतिक संसाधनों में से एक है। इसकी प्राप्ति समय के साथ निरंतर रहती है और इसका उपयोग बिना किसी प्राकृतिक संसाधन की अनियंत्रित उपज किए हमेशा चला जा सकता है। इससे हम ग्लोबल वार्मिंग और अन्य पर्यावरणीय संकटों का सामना कर सकते हैं। सौर ऊर्जा का उपयोग हमें विद्यमान ऊर्जा स्रोतों के उचित उपयोग के प्रति अधिक संवेदनशील बनाता है। यह हमें ऊर्जा की स्थिरता में सुधार करने का अवसर प्रदान करता है और भविष्य के लिए बेहतर संभावनाएं सिद्ध करता है। इस प्रकार सौर ऊर्जा और जल विद्युत दोनों ही हमारे समाज और पर्यावरण के लिए आवश्यक हैं,जो हमें एक सुरक्षित,स्थिर और सामर्थ्यवान भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करते हैं। इसलिए हमें इन ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए और उन्हें विकसित करने के लिए प्रयास करना चाहिए।

इस दिशा में पिछले माह ही भारत ऊर्जा सप्ताह गोवा में आयोजित किया गया जिसमें यह भारत की सर्वोच्च और एकमात्र विशिष्ट ऊर्जा प्रदर्शनी और सम्मेलन रहा। यह मंच भारत के ऊर्जा पारगमन लक्ष्यों के लिए संपूर्ण ऊर्जा मूल्य श्रृंखला को एक मंच प्रदान करेगा और उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा। प्राकृतिक सौर ऊर्जा स्रोतों की स्वाभाविक उपस्थिति और अवैज्ञानिक उपयोग के संबंध में भारतीय सभ्यता एक प्रमुख योगदान कर रही है। इसे ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक लागू किया जा सकता है। इसमें सौर ऊर्जा पैनल, सौर ऊर्जा उत्पादन प्लांट्स, और सौर ऊर्जा को बैटरी स्टोरेज में भी संभावनाएं शामिल हैं। जल विद्युत भी एक महत्वपूर्ण साधन है,जो ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित और स्थायी बनाता है। हाइड्रोपावर प्लांट्स और मिनी हाइड्रोपावर स्थल जल विद्युत के प्रमुख उदाहरण हैं। ये स्थल सीमित जल स्रोतों का उपयोग करते हैं और साथ ही प्रदूषण को भी कम करते हैं। भारत में सौर ऊर्जा और जल विद्युत के विकास के लिए कई उदाहरण हैं,जैसे कि कायाकल्प विद्युत योजना, जो विशेष रूप से महानगरों एवं कुछ बड़े शहरों के लिए सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है।

पिछले दिनों भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो तथा भारत सरकार के ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय के ऊर्जा विभाग और भूटान की शाही सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन के हिस्से के रूप में भारत का लक्ष्य ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा विकसित स्टार लेबलिंग कार्यक्रम को बढ़ावा देकर घरेलू क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने में भूटान की सहायता करना है। भूटान की जलवायु स्थिति के अनुरूप बिल्डिंग कोड तैयार करने में भारत के अनुभव के आधार पर मदद की जाएगी।

ऊर्जा लेखा परीक्षकों के प्रशिक्षण को संस्थागत बनाकर भूटान में ऊर्जा पेशेवरों के एक समूह के निर्माण की परिकल्पना की गई है। यह समझौता ज्ञापन विद्युत मंत्रालय द्वारा विदेश मंत्रालय (एमईए) और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के परामर्श से तैयार किया गया है। यह समझौता ज्ञापन भारत और भूटान के बीच ऊर्जा दक्षता एवं ऊर्जा संरक्षण से संबंधित सूचना, डेटा और तकनीकी विशेषज्ञों के आदान-प्रदान को सक्षम करेगा। इससे भूटान को बाजार में ऊर्जा कुशल उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

## सोशल फोरम

# अकर्मण्यता को प्रोत्साहन



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हमारे से पहले जेनरेशन के प्रोफेसर, जो हमारे शिक्षक या शिक्षक तुल्य रहे, क्यों जर्नल्स में लिखने और प्रकाशित करने में शिथिल या रुचि कृपण रहे। कुछ एक ने किताबें जरूर लिखीं,पर वे किताबें किसी कक्षा के सिलेबस की सेवा में थीं,न कि विषय की सेवा में। हमारे एक विद्वान शिक्षक ने लिखा है कि उन दिनों (1930) तक जर्नल्स समसामयिक रिसर्च और नए ज्ञान के वाहक हो चुके थे और इस मामले में किताबें पीछे छूट चुकी थीं, किंतु उन महोदय के काम को देखें तो स्पष्ट है कि उन्होंने जर्नल्स में लिखने में कोई रुचि नहीं दिखलाई। क्या वह विभागाध्यक्ष होकर इतने संतृप्त हो गए थे कि कुछ नया करने, लिखने,को नहीं था?

ध्यातव्य है कि नहीं लिखने वाले अपने विद्यार्थियों को भी लिखने को नहीं कहते। इसका असर कई जेनरेशन तक रह सकता है और अकर्मण्यता को प्रोत्साहित कर सकता है। मुझे ऐसा लगता है कि सदियों की बाबू-साहबी की मातहती और गुलामी ने भारतीय मनोवृत्ति, खासकर कलेक्टिव अनकॉन्सस पर गहरा प्रभाव डाला है। हम जब तक अंडरडॉग रहते हैं,रोते हैं,शिकायत करते हैं,निंदा करते हैं,एकोमोडेट करते हैं,सिमट-सिकुड़ कर जीते हैं, लेकिन हम ज्यों ही बेहतर स्थिति में आते हैं तो वही करने लगते हैं जिसके विरुद्ध हमें शिकायत थी। हम जागीरदार की तरह व्यवहार करने लगते हैं। हमारा व्यवहार उन सामंती आर्किटाइप का हो जाता है। इसीलिए सरकारी नौकरी पाने वालों, एडमिनिस्ट्रेटिव पोस्ट पर नियुक्त लोगों, सत्ता से जुड़े लोगों, विभागाध्यक्षों, कुलपतियों आदि का व्यवहार प्रायः बाबू-साहबी हो जाता है। रिसर्च और पढ़ना-लिखना तो उनके काम हैं,जिन्हें मंजिल पानी है। जिन्हें मंजिल मिल गई वे ये छोटे काम क्यों करें?

अगर हम यूरोप और भारत की तुलना करें तो हम पाएंगे कि यूरोप नवप्रवर्तन, अन्वेषण, वैज्ञानिक अनुसंधान, जोखिम उठाना और उद्यम का लाभार्थी रहा है,लेकिन भारत ने सदियों से देखा है कि उसके सामंत, नौकरशाह, शासक मजे में रहे हैं और बाकी जनता पैरों में लौटती रही है। अतः एक भारतीय जब बेहतर स्थिति में आता है तो अपनी पूर्व पहचान को छिपाना चाहता है,जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

-फेसबुक वॉल से

# नैतिक- अनैतिक सत्य भी बदलता है



डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

यह सामान्यजनों के लिए देवर-भाभी के बीच आदर्श मिसाल है,लेकिन इसी रामायण में जिक्र है कि सुग्रीव ने अपने भाई बाली के मरने पर बाली की पत्नी यानी अपनी भाभी से विवाह रचा लिया था। रामायण के रचयिता वाल्मीकि भी इस बात का समर्थन करते हैं,लेकिन जब बाली ने सुग्रीव की पत्नी से ब्याह किया था तो बाली खलनायक हो गया था।

नैतिकता और चरित्र बस परिस्थिति जन्य होते हैं। काल,भूगोल और परिस्थितियों के अनुसार इनके मायने बदलते रहते हैं। रामायण में एक घटना है कि जब लक्ष्मण को माता सीता की पहचान के लिए उनके कर्ण फूल दिखाए जाते हैं तो वे उन्हें पहचानने से इंकार कर देते हैं कि उन्होंने तो मां सीता का चेहरा कभी देखा ही नहीं,उन्होंने तो सिर्फ उनके चरणों को देखा है,वे उनकी बिछीया पहचान सकते हैं।

यह सामान्यजनों के लिए देवर-भाभी के बीच आदर्श मिसाल है,लेकिन इसी रामायण में जिक्र है कि सुग्रीव ने अपने भाई बाली के मरने पर बाली की पत्नी यानी अपनी भाभी से विवाह रचा लिया था। रामायण के रचयिता वाल्मीकि भी इस बात का समर्थन करते हैं,लेकिन जब बाली ने सुग्रीव की पत्नी से ब्याह किया था तो बाली खलनायक हो गया था। रावण के मरने के बाद उसके भाई विभीषण ने भगवान श्रीराम की उपस्थिती में मंदोदरी से शादी की थी जो उसकी भाभी थी। आज भी समाज में कई उदाहरण देखने को मिल जाते हैं,जब बड़े भाई की मृत्यु होने पर विधवा भाभी की शादी देवर से करवा दी जाती है।

बड़ी बहन के मरने पर छोटी बहन की शादी उसके जीजा से करवा दी जाती है। समाज ने नारी की मर्जी कब पूछी है? समाज हमेशा बस अपनी मर्जी थोपना जानता है। मुस्लिमों में पुरुष का बहु विवाह जायज है,लेकिन समाज में कई हिंदू पुरुष मिल जाएंगे जिनकी दो-दो पत्नियां हैं। संविधान इसे मान्यता नहीं देता पर समाज इसका विरोध भी नहीं करता। मुस्लिमों में चचेरी,फूफेरी और ममेरी बहन के साथ शादी आम बात है। ऐसा ही दक्षिण भारत के हिंदुओं में भी देखा जाता है,उनको समाज में यह मंजूर है। यह तो छोड़ो मामा और भांजी तक की शादी का रिवाज है। राजस्थान के पाली,बीकानेर और जैसलमेर के कुछ इलाकों में ऐसा नियम है कि किसी शख्स को किसी की पत्नी पसंद आ गई तो वह उसको मिले दहेज से ज्यादा मोल चुका कर उसे अपने साथ रख सकता है,उससे ब्याह कर सकता है,उनके समाज में इस बात का बुरा नही माना जाता है।

पाली जिले के ही एक समाज में लड़कियों के पैदा होने पर खुशियां मनाई जाती हैं,वह भी इसलिए की बड़ी होने पर जिस्मफरोशी कर वह घर चलाएगी और उसके लिए ग्राहक उसका पिता या भाई ही लाता है। यह सामाजिक नियम मुझे जरूर असहज कर देते हैं। भारत में कुछ दिन पहले तक लिव इन रिलेशनशिप और विवाहेत्तर संबंध असंवैधानिक था,होमो और लेस्बियन सेक्सुएलिटी गैर-कानूनी था,मगर अब यही संवैधानिक है। आपको यह मंजूर हो या न हो खुलेआम आप इसका विरोध नहीं कर सकते है। कानून की अवमानना का मामला बन सकता है। यह सामाजिक दोगलेपन की पराकाष्ठा नहीं तो और क्या है कि एक साली आधी घर वाली हो सकती है, लेकिन एक देवर आधा घर वाला नहीं हो सकता है? एक भाभी मां समान हो सकती है,लेकिन एक जीजा पिता समान नहीं हो सकता है और नैतिकता का पाठ पढ़ाने वाला समाज भी इस बात पर मजे लेता है।

पुरुष ही निर्णय लेता है और नियम बनाता है। दूसरी तरफ परिवार हो या समाज सबकी इज्जत का ठेका सिर्फ महिलाओं ने ले रखा है। सबकी इज्जत बचाने की जिम्मेदारी सिर्फ महिलाओं के सिर पर बंधी है और मजे की बात है कि महिलाओं को इसमे खुशी भी मिलती है,गर्व भी महसूस होता है।

# अयोध्या : आज के नल-नील



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हमें इन सबकी लाज तो रखनी ही चाहिए। पहले इस हवाई अड्डे का नामकरण भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के नाम पर था, किंतु बाद में चुनावी जातीय समीकरण साधने के लिए इसे बदलकर वाल्मीकि के नाम पर कर दिया गया।

निर्माण और शिल्प कर्म की बात जहां आएगी,वहां सनातनी विचारधारा वाला व्यक्ति रामकालीन नल -नील नामक वानर बंधुओं का नाम बड़े आदर से जरूर स्मरण करेगा,जिन्होंने तत्समय समुद्र पर पुल बांध दिया था। यह पुल यानी रामसेतु एक सच्चाई है जिसके अवशेष अभी भी विद्यमान हैं। कवियों ने मग्न होकर गाया,'सिंधु सा विस्तृत और अथाह, एक निर्वासित का उत्साह। दे रही अभी दिखाई भग्न मग्न रत्नाकर की वह राह'। इतना ही नहीं, अब तो अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' मान चुकी है कि यहां कोई मानव निर्मित पुल था।

आध्यात्मिकता के गहरे रंग देते हुए हम यह भले मान लें कि नल-नील को ऋषि का श्राप की शक्ल में वरदान था कि 'तुम्हारे स्पर्श की वस्तु पानी में डूबेगी नहीं और वहीं स्थिर भी रहेंगी',किंतु वास्तविक धरातल पर वे निश्चय ही बहुत कुशल शिल्पकार यानी इंजीनियर रहे होंगे। लाखों वर्ष पूर्व के इस निर्माण के चिह्न अब तक विद्यमान हैं। कितनी मजबूती थी,कितना कौशल था। हम अगर अपने अतीत पर गर्व करते हैं तो क्या गलत है? हालांकि आज के हमारे नल-नील ऐसा काम कर रहे हैं जिससे सिर लज्जा से झुक जाता है। राम की ही नगरी अयोध्या में हवाई अड्डा बन रहा है। निर्माण भी केंद्र सरकार के नियंत्रण वाली 'एयर पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया' कर रही है। अभी तीन महीना नहीं हुए, दिसंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया था। खबर आई कि इसके एक भवन की फाल सीलिंग यानी छत के नीचे का हिस्सा गिर गया। संयोग से उस समय वहां नीचे लोग नहीं थे,अतःमौतें नहीं हुईं। प्राधिकरण के निदेशक ने बड़ी बेशर्मी से बयान दे दिया कि इसे फौरन ठीक कर दिया गया है। अब सवाल उठता है कि हम भक्त तो बहुत बड़े हैं। दर्शनार्थी मुफ्त भी ढोए जा रहे हैं,संख्या का प्रचार मीडिया में हो रहा है,लेकिन राष्ट्रीय और सरकारी चरित्र कहां जा रहा है? कैसी सामग्री लगाई गई? कितना भ्रष्टाचार हो रहा है। आदर्श केवल कागजों पर ही हैं क्या? सरकार के तमाम विभागों के प्रतीकों यानी 'लोगो' में गीता के श्लोकांश लिखे हैं,जैसे वायुसेना के लोगो में अंकित है ' नभः स्पृशं दीप्तं' जो गीता के ग्यारहवें अध्याय में भगवान के विराट रूप वर्णन का अंश है।

हमें इन सबकी लाज तो रखनी ही चाहिए। पहले इस हवाई अड्डे का नामकरण भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के नाम पर था, किंतु बाद में चुनावी जातीय समीकरण साधने के लिए इसे बदलकर वाल्मीकि के नाम पर कर दिया गया। निर्माणकर्ता आधुनिक नल-नीलों ने सोचा होगा कि जब राम का नाम ही इससे हट गया तो अब उनके आदर्श क्यों माने? कमा खा लें।



# राम लहर में कमल खिला


## मोदी असर से झांसी बना भाजपा का किला

मनोज त्रिपाठी, कानपुर।

- पिछले दस लोकसभा चुनावों में छह बार भाजपा, तीन मर्तबा कांग्रेस और सपा ने एक बार यहां से जीत हासिल की
- भाजपा ने सांसद अनुराग शर्मा को दोबारा मैदान में उतारा, कांग्रेस ने 2009 में जीते प्रदीप जैन आदित्य को टिकट थमाया
- लोकसभा क्षेत्र में लगभग एक चौथाई दलित मतदाताओं को देखते हुए बसपा किसी मजबूत दलित चेहरे की तलाश में

**अमृत विचार।** झांसी लोकसभा क्षेत्र बुंलखंड की सबसे महत्वपूर्ण सीट है। 1857 की क्रांति से जुड़े रहे इस शहर की पहचान वीरांगना लक्ष्मीबाई के कारण अगर देश- दुनिया में है, तो झांसी हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की कर्मस्थली और राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जन्मस्थली भी है। झांसी लोकसभा सीट पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। वैद्यनाथ समूह के अनुराग शर्मा वर्तमान में यहां से सांसद हैं। भाजपा प्रत्याशी के रूप में उन्होंने 2019 के चुनाव में सपा के श्याम सुंदर सिंह को मात दी थी। इस बार विपक्षी इंडिया गठबंधन में यह लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में गई है। झांसी लोकसभा क्षेत्र में पांच विधान सभा सीटें बबीना, ललितपुर, झांसी नगर, महरौनी और मऊरानीपुर शामिल हैं, जिनमें मऊरानीपुर और महरौनी सुरक्षित सीटें हैं। इन पांच विससीटों में से चार पर भाजपा, जबकि एक पर सहयोगी पार्टी अपना दल (एस) का कब्जा है।

### पिछले चार चुनावों में प्रमुख दलों को मिले मत (प्रतिशत में)




### झांसी जिला बन रहा बुंदेलखंड के समग्र विकास का इंजन

- आज बुंदेलखंड में विकास की बयार बहाने की कोशिशों के बीच झांसी की तस्वीर भी तेजी से बदल रही है। यहां डिफेंस कॉरिडोर विकसित हो रहा है। शहर में स्मार्ट सिटी के काम चल रहे हैं। रेल कोच नवीनीकरण कारखाने में कोच बनने लगे हैं। ग्लोबल इन्वेंस्टर समिट में आए प्रस्तावों के तहत 100 से अधिक उद्यमी अपना निवेश धरातल पर उतारने का काम शुरू कर चुके हैं। बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) पूरे बुंदेलखंड में विकास की नई इबारत लिखने जा रहा है। बीडा की बदौलत झांसी की तस्वीर नोएडा और ग्रेटर नोएडा जैसी हो जाएगी।
- **दलित मतदाता सबसे ज्यादा** झांसी सीट पर 9,60,595 पुरुष और 10,80,079 महिला मतदाता हैं। दलित मतदाता लगभग 24 प्रतिशत हैं। मुस्लिम नौ फीसदी तो यादव और ब्राह्मण मतदाता भी 20 फीसदी से अधिक होने के कारण निर्णायक भूमिका में हैं। सिख दो फीसदी से कुछ ज्यादा और जैन धर्म के मतदाता तीन फीसदी तक हैं।

### सपा प्रत्याशी थाम चुके भाजपा का दामन

- झांसी लोकसभा सीट से भाजपा ने निवर्तमान सांसद अनुराग शर्मा को दूसरी बार टिकट दिया है। कांग्रेस ने 2009 में चुनाव जीते प्रदीप जैन आदित्य पर दांव लगाया है। उधर बसपा अपनी सोशल इंजीनियरिंग के तहत किसी मजबूत दलित चेहरे की तलाश में है, जबकि सपा से पिछली बार चुनाव लड़े श्याम सुंदर सिंह हाल ही में भाजपा का दामन थाम चुके हैं। इन हालात में इस सीट पर भाजपा को हराना आसान नहीं नजर आ रहा है।
- 2019 के चुनाव में झांसी लोकसभा सीट पर भाजपा ने केंद्रीय मंत्री और फायर ब्रांड नेता उमा भारती की जगह अनुराग शर्मा को मैदान में उतारा था। बसपा के साथ गठबंधन में सपा ने श्याम सुंदर सिंह को टिकट दिया था। भाजपा के अनुराग शर्मा को 8,09,272 और सपा के श्याम सुंदर सिंह यादव को 4,43,589 वोट मिले थे। कांग्रेस के शिवशरण कुशवाहा ने 86,139 वोट पाए थे।

### जीत की हैट्रिक लगाने के लिए भाजपा ने बुना ताना-बाना

- भाजपा लोकसभा क्षेत्र की सभी पांचो विधान सभा सीटों पर आगे रही थी। 2014 में यहां भाजपा की उमा भारती ने सपा के डॉ. चंद्रपाल यादव को एक लाख 90 हजार 467 वोटों से मात देकर जीत हासिल की थी। उमा भारती को 5,75,889 वोट, डॉ. चंद्रपाल यादव को 3,85,422 तथा बसपा की अनुराधा शर्मा को 2,13,792 और कांग्रेस के प्रदीप जैन को 84,089 वोट मिले थे। इस सीट पर 1952 से 1971 तक लगातार कांग्रेस चुनाव जीतती रही लेकिन 1977 में जनता पार्टी की लहर में भारतीय लोकदल यहां कब्जा जमाने में कामयाब रही।
- हालांकि अगले ही चुनाव में फिर से कांग्रेस की वापसी हो गई और 1980 तथा 1984 में इस सीट पर कांग्रेस जीती। भाजपा ने 1989 में पहली बार यहां अपना खाता खोला। इसके बाद 1998 तक हुए लोकसभा के चार चुनावों में लगातार जीत दर्ज की। लेकिन, 1999 में कांग्रेस के हाथों उसे हार का मुंह देखना पड़ा। 2004 के चुनाव में सपा ने इस सीट पर पहली बार अपनी विजय पताका फहराई। 2009 में एक बार फिर कांग्रेस ने जीत हासिल की। इसके बाद 2014 और 2019 में कब्जा जमाने के बाद इस बार भाजपा जीत की हैट्रिक लगाना चाह रही है।

### मिले दो महारथी



मध्य प्रदेश के ईसागढ़ में लोकसभा चुनाव से पहले यादव समाज के सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की।

# ताला नगरी में संघर्ष की त्रिकोणीय चाबी

**अलीगढ़ संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क, कानपुर

### दूसरे दल से आए गुफरान पर बसपा का दांव

- एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष रहे गुफरान नूर ने पाला बदल कर बसपा का दामन थामा तो पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने उन्हें इसका इनाम भी दिया। बसपा ने गुफरान नूर को अलीगढ़ से उम्मीदवार बना दिया। गुफरान को उम्मीद है कि बसपा के परंपरागत मत और मुस्लिम मतों के सहारे वे इस बार मैदान मार लेंगे। 2009 की तरह ही यह सीट बसपा की झोली में वे डाल देंगे। तब बसपा की राज कुमारी चौहान ने यहां से जीत दर्ज की थी। 2014 में बसपा के अरविंद कुमार सिंह और 2019 में बसपा के ही अजित बालियान यहां दूसरे नंबर पर थे। हालांकि दोनों ही चुनाव भाजपा बड़े अंतर से जीती थी।

**अमृत विचार।** ताले के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध अलीगढ़ लोकसभा सीट पर इस बार त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार हैं। अब यह क्षेत्र भाजपा का मजबूत गढ़ बन गया है। पार्टी ने से अपने दो बार के सांसद सतीश गौतम को फिर से मौका दिया है। सतीश जीत की हैट्रिक लगाने के लिए रात- दिन एक किए हैं तो उनकी जीत को रोकने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल समाजवादी पार्टी ने इगलास सीट से चार बार विधायक और एक बार अलीगढ़ के सांसद चौधरी बिजेंद्र सिंह को मैदान में उतार दिया है। सपा की कोशिश मुस्लिम, यादव और जाट वोटों के सहारे भाजपा की हैट्रिक को रोकना है। हालांकि मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए बसपा भी पूरी मजबूती से मैदान में उतर चुकी है। पार्टी ने गुफरान नूर पर दांव लगाया है। अब देखना यह है कि सपा का पीडीए दांव कारगर होता है कि मोदी की गारंटी, राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से उपजी लहर के बीच सतीश यहां तीसरी बार जीतने में कामयाब होते हैं।

अलीगढ़ में भाजपा ने पहली बार राम लहर में 1991 में जीत दर्ज की थी। तब यहां से शीला गौतम उम्मीदवार थीं। शीला लगातार चार बार सांसद बनीं, लेकिन 2004 के लोकसभा चुनाव में जब मतदाताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार के साइनिंग इंडिया के नारे को नकारा तो भाजपा को यहां हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद तब कांग्रेस के चौधरी बिजेंद्र सिंह ने यहां जीत दर्ज की थी लेकिन 2009 में यहां सीट बसपा के खाते में चली गई। हालांकि 2014 की मोदी लहर में सतीश गौतम सीट पर कमल खिलाने में कामयाब हुए। 2019 में जब सपा और बसपा का गठजोड़ हुआ तो लगा कि सतीश गौतम के हाथ से यह सीट निकल जाएगी लेकिन यहां भगवा रंग और भी गाढ़ा हो गया। अब सतीश हैट्रिक लगाने को बेताब हैं। वे सुबह से ही संघ की शाखाओं में स्वयंसेवकों से मिल रहे हैं। पार्कों में मार्निंग वॉकर से से अपने काम, मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। इन सबके बीच वे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की उपलब्धि की चर्चा तो करते ही हैं अनुच्छेद 370 के खात्मे को भी गिनाना नहीं भूलते।

### फिर से मैदान में



अभिनेता गोविंदा गुरुवार को मुंबई में शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हो गये। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे के साथ उन्होंने मीडिया से बात की। गोविंदा पूर्व में कांग्रेस से सांसद रह चुके हैं। 2004 में उन्होंने मुंबई नार्थ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार राम नाईक को हराया था। बाद में गोविंदा नें राजनीति से संन्यास ले लिया था।

**एक नजर**

### रैलियों व साइबर योद्धाओं से भाजपा बनाएगी माहौल

**चुनाव डेस्क।** लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में मिशन-80 का लक्ष्य पाने के लिए भाजपा ने दूसरे चरण के मतदान वाली सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही धुआंधार चुनाव प्रचार का पूरा खाका खींच लिया है। पार्टी रैलियों के साथ ही सोसल मीडिया को प्रचार का बड़ा हथियार बनाएगी। सूबे के 80 लोकसभा क्षेत्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी के साथ स्टार प्रचारकों की 200 से ज्यादा रैलियां करने की योजना बनी है। इसके लिए चार्टर्ड प्लेन और हेलीकॉप्टर बुक करा लिए गए हैं। इसके साथ ही हर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा साइबर योद्धा सम्मेलन भी आयोजित करेगी। इनमें प्रत्येक लोकसभा से एक हजार सोशल मीडिया, आईटी कार्यकर्ता एवं इनफ्लुएंसरों को सूचीबद्ध करके बुलाया जाएगा।

### सपा अभी बदल सकती और भी प्रत्याशी

**चुनाव डेस्क।** समाजवादी पार्टी की प्रदेश में मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पिछली बार 2019 में बसपा से गठबंधन करके चुनाव लड़ना पार्टी के लिए घाटे का सौदा साबित हुआ था। बसपा तो गठबंधन के चलते 10 सीटें जीत गई थी, लेकिन सपा को सिर्फ पांच सीटों पर ही जीत नसीब हो सकी थी। यही वजह है कि इस बार के चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव एक-एक सीट पर सतर्कता बरत रहे हैं। यही वजह है कि अब तक दो सीटों पर सपा अपने घोषित प्रत्याशी बदल चुकी है। अब ऐसे कयास हैं कि पार्टी चार-पांच और सीटों पर प्रत्याशी बदल सकती है।

# भाकपा का प्रदेश में आठ सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला

चुनाव डेस्क, कानपुर

- शाहजहांपुर, फैजाबाद, घोसी आजमगढ़ और राबट्र्सगंज से पार्टी ने घोषित किए प्रत्याशी

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन में शामिल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने उत्तर प्रदेश में आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि इंडिया गठबंधन में उनकी सुनवाई नहीं हो रही थी। भाकपा ने गुरुवार को पांच सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, तीन अन्य सीटों पर जल्द निर्णय लेने की बात कही है।। इसके साथ ही दुद्धी विधानसभा उपचुनाव में भी पार्टी ने प्रत्याशी घोषित कर दिया है। हालांकि भाकपा का कहना है कि प्रदेश में अन्य सभी सीटों पर वह भाजपा को हराने के लिए प्रचार करेगी।

भाकपा के लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्यालय में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व प्रदेश प्रभारी डॉ. गिरीश और राज्य सचिव अरविन्द राज स्वरूप ने बताया कि पार्टी ने शाहजहांपुर से सुरेश कुमार 'नेताजी', फैजाबाद से पूर्व आईपीएस अरविंद सेन यादव, लालगंज (आजमगढ़) से गंगा दीन और घोसी से विनोद राय व राबट्र्सगंज से अशोक कुमार कनौजिया को प्रत्याशी बनाया है।

इसी के साथ पार्टी वाराणसी, धौरहरा, बांदा, बलिया व सलेमपुर लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने को लेकर विचार कर रही है। इनमें से किन्हीं तीन सीटों पर पार्टी प्रत्याशी उतारेगी।

### माकपा ने 44 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

- मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के लिए 44 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी। पार्टी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर साझा की गई सूची के मुताबिक इनमें केरल के 15 उम्मीदवार शामिल हैं। यहां अलाप्पुझा से मौजूदा सांसद एएम आरिफ, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री केके शैलजा और राज्यसभा सदस्य इलामारम करीम शामिल हैं। माकपा ने पश्चिम बंगाल के लिए भी 17 नामों की घोषणा की है, जिनमें मुर्शिदाबाद से मोहम्मद सलीम का नाम भी शामिल हैं। पार्टी की राज्य इकाई ने पहले ही नामों की घोषणा कर दी थी। तमिलनाडु से दो उम्मीदवारों के नाम हैं। मदुरै से मौजूदा सांसद एस वेंकटेशन और डिंडीगुल से आर सचिदानंदम को टिकट दिया गया है। पार्टी ने बिहार, झारखंड, असम, कर्नाटक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना तथा त्रिपुरा के लिए भी एक-एक उम्मीदवार की घोषणा की है।


# मुरादाबाद में मुस्लिम मतदाता लिखते रहे हैं जीत की पटकथा

सलमान खान, मुरादाबाद

- आजादी के बाद से 17 लोकसभा चुनावों में 11 बार यहां से जीते मुस्लिम प्रत्याशी
- भाजपा 2019 में यहां हार गई थी चुनाव, सपा के लिए इस बार सीट बचाने की चुनौती
- बसपा के बाद एआईएमआईएम ने भी मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर बढ़ाई गठबंधन की चिंता

**अमृत विचार।** पीतल नगरी के रूप में पहचान रखने वाले मुरादाबाद में सियासत का घमासान कम नहीं है। लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन सपा प्रत्याशी को लेकर यहां राजनीतिक ड्रामा भले खत्म हो गया है, लेकिन माना जा रहा है कि इसकी गूंज दूर तक जाएगी। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। लेकिन हालिया इतिहास है कि यहां हर लोकसभा चुनाव में अलग पार्टी का सांसद बनता है, जैसे 2019 में सपा जीती, 2014 में भाजपा, 2009 में कांग्रेस से क्रिकेटर मो. अजरूद्दीन सांसद चुने गए थे। इस सीट पर सत्ता की चाबी मुस्लिम वोटरों के हाथ में मानी जाती है। यही वजह है कि 17 चुनावों में 11 बार मुस्लिम चेहरों ने नुमाइंदगी की है। आबादी के लिहाज से यहां हिंदू 53 और मुस्लिम 47 प्रतिशत हैं। इसके चलते पक्ष और विपक्ष दोनों को वोटों का ध्रुवीकरण भाता है।

मुरादाबाद उन सीटों में शामिल है, जिन्हें भाजपा ने 2014 में जीतने के बाद 2019 में गंवा दिया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से सपा-बसपा गठबंधन से सपा के डॉ. एसटी हसन ने जीते थे। उन्हें 6,49,538 वोट मिले थे, जबकि भाजपा के सर्वेश कुमार सिंह 5,51,416 वोटों के साथ दूसरे और कांग्रेस के इमरान प्रतापगढ़ी 59,198 वोट पाकर तीसरे नंबर पर पिछड़ गए थे। इस बार सपा का कांग्रेस से गठबंधन है। पार्टी ने पहले डॉ. एसटी हसन को टिकट दिया था। उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया था। लेकिन सपा नेता आजम खान उनकी प्रत्याशिता के पक्ष में नहीं थे। ऐसे में उनकी समर्थक कही जाने वाली पूर्व विधायक रुचि वीरा ने नामांकन पत्र दाखिल करके सपा का आधिकारिक उम्मीदवार होने का दावा कर दिया। उधर, बसपा ने इरफान सैफी को टिकट दिया है, तो एआईएमआईएम ने भी मुस्लिम प्रत्याशी उतारा है।






सांसद डॉ. एसटी हसन और प्रत्याशी रुचि वीरा।

### दो विधान सभा चुनावों में प्रमुख दलों को मिले वोट (% में)

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 | 39.7 | 47.3 | 9.7 | 1.0 |
| 2017 | 35.9 | 32.5 | 14.6 | 5.6 |

### 2009 में पूर्व क्रिकेट कप्तान अजहर ने की बैटिंग

- भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को कांग्रेस ने 2009 में मुरादाबाद की पिच पर उतारा। जनता ने उन्हें भरपूर समर्थन दिया। अजहर को प्रत्याशी बनाकर 25 साल बाद यहां कांग्रेस ने जीत हासिल की। भाजपा दूसरे और बसपा तीसरे नंबर पर खिसक गई। सपा प्रत्याशी को महज दो प्रतिशत वोट मिले और जमानत गंवा बैठे।

### आजादी के बाद तीसरे चुनाव में ही निर्दलीय को चुनकर चौंकाया

पहले दो चुनावों में कांग्रेस के रामसरन विजयी रहे, लेकिन 1962 में निर्दलीय सैयद मुजफ्फर हुसैन को जनता ने जिताया। 1967 और 71 में जनसंघ ने यहां से जीत हासिल की। 1977 में जनता पार्टी की आंधी में जनता पार्टी के गुलाम मोहम्मद खान सांसद बने। 1980 के चुनाव में भी जनता ने उन्हें ही मौका दिया। 1984 में हुए चुनाव में कांग्रेस ने वापसी की और भाजपा तीसरे नंबर पर पहुंच गई। 1989 और 91 में यहां से जनता दल के टिकट पर गुलाम मोहम्मद खान को फिर मौका मिला, लेकिन 1991 के बाद इस सीट पर भाजपा स्थायी प्रतिद्वंद्वी हो गई।



भाजपा के सर्वेश सिंह। अमृत विचार



बसपा के इरफान सैफी। अमृत विचार

### बसपा कभी जीत नहीं पाई पर बनाती व बिगाड़ती रही खेल

मुरादाबाद की जनता बसपा को छोड़कर सभी प्रमुख दलों के प्रत्याशियों को चुनकर संसद भेज चुकी है। वर्ष1996 से चुनाव में बसपा ने यहां उम्मीदवार खड़े किए, लेकिन वह तीसरे नंबर पर ही रही, हालांकि पहला नंबर तय करने में उसके प्रदर्शन की भूमिका अहम रही। बसपा आज तक इस सीट पर खाता खोलने की संभावना तलाश रही है।

### भाजपा और सपा के बीच सिमटी लड़ाई

90 के दशक में मंडल और कमंडल के प्रयोग के बीच राजनीति में नए खिलाड़ी उभरे। इसके बाद एकाध मौकों को छोड़कर मुरादाबाद में लड़ाई वोटों के ध्रुवीकरण में बदल गई। मुस्लिम-यादव वोटों की जमीन पर खड़ी हुई समाजवादी पार्टी के लिए मुरादाबाद की जमीन माकूल थी। 1996 में यहां से सपा के टिकट पर शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत हासिल कर इसे साबित किया, हालांकि उनकी जीत का अंतर महज दो हजार वोटों का ही था। इस चुनाव में बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार को भी 1.12 लाख वोट मिले। 1998 में फिर सपा और भाजपा में मुकाबला हुआ और इस बार शफीकुर्रहमान बर्क 36 हजार वोटों से जीते। साल 1999 में भाजपा ने इस सीट पर प्रयोग किया और अपना उम्मीदवार खड़ा न करके लोकतांत्रिक कांग्रेस के चंद्रविजय सिंह को समर्थन दिया था। इस चुनाव में सपा के बर्क को 1.53 लाख और बसपा के मोहम्मद अकील को 1.23 लाख वोट मिले। अल्पसंख्यक वोटों के बिखराव के बीच बहुसंख्यक वोटों की बदौलत चंद्रविजय 2.53 लाख वोट से चुनाव जीत गए। 2004 में बर्क ने एक बार फिर यहां साइकिल दौड़ाई और भाजपा को पछाड़ा।

**2014 की मोदी लहर में यहां खिला कमल**

वर्ष2014 में मोदी लहर में मुरादाबाद में भाजपा की जीत का इंतजार खत्म हुआ। चुनाव में मोदी लहर और मुजफ्फरनगर दंगों से बदली हवा के बीच वोटों का जबरदस्त ध्रुवीकरण हुआ। भाजपा के प्रत्याशी सर्वेश सिंह ने लगभग 88 हजार वोटों से जीतकर इस लोकसभा क्षेत्र में कमल खिला दिया। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. एसटी हसन 3.97 लाख वोट पाकर भी चुनाव हार गए।

# जब अटल ने पदमसेन चौधरी को दिल्ली बुलाकर दिया था टिकट

राजू जायसवाल, बहराइच


पदमसेन चौधरी

**अमृत विचारः** बहराइच लोकसभा सीट पर सांसद रुद्रसेन चौधरी के निधन के बाद उनके बेटे पदमसेन चौधरी को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने दिल्ली बुलाकर लोकसभा का टिकट दिया था।

उन्होंने पूर्व मंत्री आरिफ मोहम्मद खान वर्तमान में केरल के राज्यपाल को चुनाव में हराकर जीत दर्ज की थी। कहने को कांग्रेस ने देश में 70 साल राज किया था, लेकिन बहराइच लोकसभा क्षेत्र की जनता ने ज्यादातर भाजपा और उससे जुड़े उम्मीदवार को अपना समर्थन देकर जीत दिलाई। वर्ष 1977 के बाद होने वाले लोकसभा चुनाव की बात करें तो कांग्रेस ने तीन और भाजपा ने चार बार लोकसभा चुनाव में बहराइच सीट से जीत दर्ज की है। वर्ष 2004 के चुनाव में सपा प्रत्याशी ने चुनाव जीता था। वर्ष 1996 में भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन सांसद रूद्र सेन चौधरी का निधन हो गया था। 2 मार्च 1996 को उनका अंतिम संस्कार हुआ। अंतिम संस्कार के पांचवें दिन पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी रुद्रसेन चौधरी के पैतृक आवास मैगला गांव पहुंचे।

**अतीत के झरोखे से**

उन्होंने रुद्रसेन चौधरी के पुत्र पदम सेन चौधरी को कुछ दिन बाद दिल्ली बुला लिया। इसके बाद उन्होंने पदम सिंह चौधरी को बहराइच लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए तैयार किया। वर्तमान में विधान परिषद सदस्य पदम सिंह चौधरी ने बताया कि अटल जी ने सौम्यता के साथ बहराइच लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्हें टिकट मिला। उन्होंने भाजपा के टिकट पर वर्ष 1996 और फिर वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करते हुए पिता की सीट को बचाए रखा।

# मजबूत जड़ व जमीनी पकड़ के नेता थे मित्रसेन

## फैजाबाद से तीन बार सांसद और मिल्कीपुर से छह बार चुने गए थे विधायक, निर्दलीय चुनाव लड़कर दी थी मुलायम सिंह को चुनौती

इंदुभूषण पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** सन 1977 में फैजाबाद (अब अयोध्या) जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट से पहली बार विधायक चुने गए खांटी वामपंथी विचारधारा वाले मित्रसेन यादव आगे चलकर जिले की राजनीति में सबसे मजबूत जड़ और जनता में पकड़ वाले नेता साबित हुए। फैजाबाद लोकसभा सीट से तीन दलों से तीन बार सांसद बनने का उनका रिकॉर्ड है। साथ ही वह जिले की मिल्कीपुर विधानसभा से छह बार विधायक भी चुने गए। और तो और वर्ष 1999 में सपा सांसद रहते मुलायम सिंह यादव ने मित्रसेन का टिकट काट दिया तो मित्रसेन यादव ने मुलायम सिंह यादव को खुली चुनौती देकर निर्दल चुनाव लड़ा और समाजवादी पार्टी की फैजाबाद सीट पर बुरी तरह से जमानत जब्त करवाई। हालांकि वह खुद भी जीत नहीं पाए।

आजादी के बाद से अब तक हुए लोकसभा चुनाव में फैजाबाद संसदीय सीट से समय- समय कुल नौ लोग सांसद चुने गए हैं। सन 1957 में पहले सांसद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजाराम मिश्र चुने गए तो वहीं 2019 के आखिरी चुनाव में मौजूदा सांसद लल्लू सिंह विजयी हुए थे। इस सीट पर सर्वाधिक तीन बार तीन दलों से सांसद चुने जाने का रिकॉर्ड मित्रसेन यादव के नाम है। 1989 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर उन्होंने कांग्रेस के निर्मल खत्री को धूल चटाई थी तो वहीं 1998 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर भाजपा के तब के कद्दावर सांसद विनय कटियार को परास्त किया था। फिर 2004 के लोकसभा चुनाव में मित्रसेन यादव को बहुजन समाज पार्टी ने टिकट दिया और उन्होंने तब के मौजूदा भाजपा सांसद विनय कटियार को शिकस्त दी थी।

फैजाबाद की सियासी जमीन पर अपने दम और जमीनी पकड़


मित्रसेन यादव

1999 के लोकसभा चुनाव में निर्दल लड़कर मित्रसेन यादव ने साबित किया। दरअसल 1998 के लोकसभा चुनाव में मित्रसेन यादव सपा से सांसद चुने गए थे। सांसद रहते हुए मित्रसेन का टिकट 1999 के चुनाव में मुलायम सिंह यादव ने काट दिया और यहां से हीरालाल यादव को टिकट दे दिया। फिर क्या था, मित्रसेन यादव ने न सिर्फ खुली बगावत की बल्कि मुलायम सिंह यादव को चुनौती दे दी कि फैजाबाद में उनके प्रत्याशी की जमानत जब्त करा दूंगा। मित्रसेन यादव निर्दल चुनाव लड़ गए। मुलायम सिंह यादव ने उनके गढ़ मिल्कीपुर में ताबड़तोड़ तीन जनसभाएं कीं लेकिन जब चुनाव का परिणाम आया तो मित्रसेन यादव को 79343 और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हीरालाल यादव को मात्र 85213 वोट हासिल हुए और जमानत बुरी तरह जब्त हो गई।

दरअसल जिले की राजनीति में मित्रसेन यादव की पकड़ अपने जातिगत्व यादव मतदाताओं के साथ-साथ दलित और मुसलमानों में गहरी पैठ थी। वह जिस भी दल से लोकसभा का चुनाव लड़े या विधानसभा का इन जातियों का बहुतायत वोट मित्रसेन के पक्ष में लामबंद हुआ। इसी कूबत पर फैजाबाद संसदीय सीट से तीन बार सांसद चुने जाने का उनका रिकॉर्ड तो है ही, मिल्कीपुर विधानसभा सीट से वह छह बार विधायक चुने गए। और तो और अपनी सियासी जमीन पर अपने बेटे आनंदसेन यादव को जब उन्होंने सियासी मैदान में उतारा तो वह भी तीन बार विधायक अब तक चुने जा चुके हैं। आज की तारीख में रुदौली विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक रामचंद्र यादव को भी पहली बार मिल्कीपुर विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़वाकर मित्रसेन ने उन्हें विधायक बनाया था। फैजाबाद संसदीय सीट से मित्रसेन के बाद विनय कटियार भी तीन बार क्रमशः 1991, 1996 व 1999 में सांसद चुने जा चुके हैं। इसके अलावा कांग्रेस के रामकृष्ण सिन्हा का 1967 और 1971 में दो बार सांसद चुने जाने का रिकॉर्ड है तो वहीं कांग्रेस के निर्मल खत्री क्रमशः 1984 व 2009 में यहां से सांसद चुने गए। भाजपा के लल्लू सिंह हैं जिन्हें 2004 के बाद से भाजपा लगातार इस सीट से टिकट देती रही है।

वह 2004 के चुनाव में मित्रसेन यादव और 2009 के चुनाव में निर्मल खत्री के मुकाबले हारे। लल्लू सिंह 2014 और 2019 में सांसद चुने गए। इस बार फिर 2024 में भी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने लल्लू सिंह पर दांव लगाया है। अगर वह बाजी मार ले जाते हैं तो यह भाजपा की इस सीट पर हैट्रिक होगी।

## ये कर सकेंगे पोस्टल बैलेट से मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊः मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के जिला निर्वाचन अधिकारियों को आयोग के निर्देश सुनिश्चित करने को कहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 12 आवश्यक सेवाओं में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (आकस्मिक एवं एम्बुलेंस सेवा), डाक विभाग, ट्रैफिक पुलिस, रेलवे, विद्युत विभाग, नागरिक उड्डयन विभाग, मेट्रो रेल कारपोरेशन, दूरदर्शन, ऑल इण्डिया रेडियो, भारत संचार निगम लिमिटेड के ऐसे कार्मिक जो मतदान दिवस से सम्बन्धित ड्यूटी पर व मतदान दिवस की कवरेज के आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडिया प्रतिनिधि को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन 12 सेवाओं के कार्मिक मतदान दिवस के दिन ड्यूटी पर होने के कारण पोलिंग स्टेशन पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मतदान करने की स्थिति में न हों, उनकी ओर से फार्म-12 डी भरा जाएगा व विभाग के नामित नोडल अधिकारी से सत्यापित कराकर अधिसूचना जारी होने के पांच दिन के अंदर रिटर्निंग आफिसर के पास जमा किया जाएगा।

# गढ़ बचायें या सम्मान, चक्रव्यूह में घिरा गांधी परिवार

## रायबरेली में प्रत्याशी की घोषणा पर सबकी निगाहें टिकी, घटते जनाधार को लेकर चिंतित हैं दिग्गज


दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। पहले दौर के नामांकन के साथ प्रचार-प्रसार भी प्रत्याशी करने लगे हैं। लेकिन सबकी निगाहें कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले रायबरेली और अमेठी की सीट पर लगी हुई है। इन दोनों सीटों पर अभी तक कांग्रेस ने पत्ते नहीं खोले हैं।

भाजपा ने केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी को अमेठी से प्रत्याशी बना दिया है। रायबरेली सीट के लिए कांग्रेस, भाजपा और न ही बसपा की ओर से किसी उम्मीदवार की घोषणा की गई। सबसे अधिक उलझन कांग्रेस की है। वजह, दोनों सीटों को बचाने की चुनौती। भाजपा के चक्रव्यूह में फंसने के कारण ही पिछली बार अमेठी सीट से हाथ धोना पड़ा। इस बार भाजपा रायबरेली पर भी मजबूत दावा पेश कर रही है। राहुल गांधी पहले ही अमेठी से नहीं लड़ने का संकेत देते हुए लगभग स्मृति ईरानी को वाक ओवर दे चुके हैं। अब रायबरेली में प्रत्याशी की घोषणा में देरी और प्रियंका वाड्रा गांधी की ओर किसी तरह के संकेत नहीं मिलने से कांग्रेस कार्यकर्ता भी हताश होते जा रहे हैं। कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी घोषणा में देरी का फायदा उठाते हुए भाजपा हर दिन खुद को मजबूत कर रही है।

पिछले चुनावों में घटते जनाधार को लेकर कांग्रेस के दिग्गज चिंतित हैं। यही वजह है कि कहीं न कहीं प्रत्याशी घोषणा में देरी हो रही है। यदि गांधी परिवार से प्रियंका वाड्रा गांधी आती है तो कार्यकर्ताओं में भले जान आ जाए। इसके अलावा यदि कोई और उतरता है तो कहीं न कहीं संगठन की कमजोर कड़ियां भी खुलकर सामने आ सकती हैं।

### एक मंच पर सबको लाना भाजपा के लिए चुनौती



जीत के लिए दम भर रही भाजपा की राह भी आसान नहीं है। जिले में भाजपा नेता कई हिस्सों में बंटे हुए हैं। सबको एक मंच पर लाना किसी चुनौती से कम नहीं है। यही वजह है कि अभी तक यहां पर प्रत्याशी की घोषणा नहीं हो सकी। मजबूत दावेदार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के साथ पूर्व सांसद राघवेंद्र सिंह और पूर्व प्रत्याशी एडवोकेट अजय अग्रवाल दावा पेश कर रहे हैं। टिकट किसी को भी मिले, यदि आपसी मतभेद समाप्त नहीं हुआ तो हाल नगर निकाय चुनाव जैसा होने से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है।



**वीआइपी सीट रायबरेली**

### 2014 से घटा जनाधार हवाबाजी करते रहे कांग्रेसी

गांधी परिवार के लिए अमेठी के बाद रायबरेली सबसे सुरक्षित सीट मानी जाती है। वजह, फिरोज गांधी से लेकर इंदिरा गांधी का सीधा आमजनमानस का जुड़ाव होना था। यही वजह है कि पहली बार जब सोनिया गांधी ने रायबरेली से चुनाव लड़ा तो लोगों ने हाथों हाथ लिया। सोनिया के पक्ष में प्रचार की बागडोर लेकर गांव-गांव लोग निकल पड़े। यह जरूर रहा कि इसका श्रेय लेने में पार्टी के नेता नहीं चूके। पोल खुली 2014 से जब चुनाव में जनाधार घटा। इसके बाद भी जिले के दिग्गज कांग्रेसी हवाबाजी करने से बाज नहीं आए। इसके बाद 2019 के चुनाव में भाजपा ने लंबा छलांग लगाते हुए जीत के अंतर को काफी कम कर दिया है। घटते जनाधार का सही मायने में संगठन का भी अहम रोल रहा है। वर्तमान में धरातल पर कम कागजों पर जिले में कांग्रेस कार्यकर्ता अधिक सक्रिय हैं। यह सबकुछ गांधी परिवार भी लगभग समझ चुका है। प्रत्याशी घोषणा में देरी की वजह पहले की तरह सीट महफूज न होना भी है।

### मनोज का आना भाजपा के लिए शुभ संकेत



समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता ऊंचाहार विधायक डा. मनोज कुमार पांडेय द्वारा मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा देना और भाजपा का समर्थन करने से कहीं न कहीं जिले का समीकरण कांग्रेस के लिए गड़बड़ा गया है। ऊंचाहार विधायक डा. मनोज कुमार पांडेय का आना भाजपा के लिए शुभ संकेत माना जा रहा है। राजनीतिक जानकारों की मानें तो इसका असर आगामी लोकसभा चुनाव में पड़ना तय है। अंदर खाने में तो डा. मनोज पांडेय को एक मजबूत दावेदार के रूप में भी पेश किया जाने लगा है। हाल ही में उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेताओं से भी मुलाकात की है।

### अरविंद सेन पर भाकपा ने लगाया दांव

# अयोध्या में वामपंथ बनाम दक्षिण

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या


अरविंद सेन

- **भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के प्रदेश सचिव रह चुके स्वर्गीय मित्र सेन यादव के पुत्र हैं अरविंद सेन**

**अमृत विचार :** वर्तमान सियासत के केंद्र बिंदु अयोध्या में इंडिया गठबंधन को तगड़ा झटका लगा है। गठबंधन में शामिल भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी ने फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतार दिया है। मंदिर आंदोलन के दौर में शायद यह दूसरा मौका है जब सियासी ऊर्जा केंद्र पर वामपंथी दल भाकपा ने अपना प्रत्याशी उतारा है। चुनावी हल्के में इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

भाकपा ने प्रदेश की चार अन्य लोकसभा सीटों शाहजहांपुर(अ.जा.), लालगंज, घोसी, रार्बटसगंज के साथ फैजाबाद लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी उतारा है। इस सीट से कामरेड अरविंद सेन को प्रत्याशी बनाया है। वह पूर्व आईपीएस अफसर हैं। भविष्य में कुछ अन्य सीटों से प्रत्याशी उतारे जाने की संभावना है। प्रदेश में इनकी कुल संख्या सात तक जा सकती है। ऐसा पार्टी सूत्रों से संकेत मिले हैं।

इंडिया गठबंधन ने फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी पहले ही उतार दिया है। प्रत्याशी मिल्कीपुर से सपा विधायक अवधेश प्रसाद को बनाया गया है। सियासी हल्के और पार्टी के अंदरखाने में तरह-तरह की चर्चा है। सियासी हल्के में गठबंधन धर्म न निभाने की बात कही जा रही है तो पार्टी में इंडिया गठबंधन में भाकपा की उपेक्षा किए जाने की बात कही जा रही है। इसे प्रदेश में भाकपा को एक भी सीट न दिए जाने का परिणाम कहा जा रहा है। अन्य सीटों को छोड़ दिया जाए तो अयोध्या के नाते फैजाबाद सीट खास महत्व रखती है। राम मंदिर आंदोलन के चलते इस सीट पर सियासी तौर पर सपा और भाजपा आमने सामने रही है। दोनों की हरसंभव कोशिश रही है कि इस सीट को जीतकर पूरे देश को सियासत का नया संदेश दिया जाए। दोनों के लिए यह सीट नाक का सवाल बनी हुई है। ऐसे में सपा ने इंडिया गठबंधन ने नया प्रयोग किया। सामान्य सीट पर अनुसूचित जाति से आने वाले अवधेश प्रसाद को मैदान में उतारा, लेकिन चुनाव के ठीक पहले भाकपा ने अपना प्रत्याशी देकर जंग का समीकरण बदलने का प्रयास किया। अब एक ओर सपा और भाजपा के बीच सियासी लड़ाई की स्थिति बनेगी तो दूसरी ओर दक्षिण और वामपंथ की वैचारिक लड़ाई को बल मिल सकता है। यह इसलिए भी कि इस सीट पर अतीत में भाकपा का जनाधार भी रहा है। मंदिर आंदोलन के बाद यह दूसरा मौका है जब पार्टी ने अपना प्रयोग दोहराया है। सन् 1989 में भाकपा ने कामरेड मित्रसेन यादव को चुनाव मैदान में उतारा था। उनको दूसरे दलों ने भी समर्थन किया था। उन्होंने यह सीट कांग्रेस से छीन ली थी। वह सांसद बन गए थे। वह अब नहीं रहे तो उनके पुत्र कामरेड अरविंद सेन को मैदान में उतार दिया। बताया गया कि सेवानिवृत्ति के साथ ही पूर्व आईपीएस अरविंद सेन ने इस पर काम करना शुरू कर दिया था। सेवानिवृत्त होने के साथ ही उन्होंने भाकपा की सदस्यता ले ली थी। फिलहाल भाकपा से प्रत्याशी उतारे जाने के बाद नए सियासी समीकरण बनेंगे व बिगडेंगे। जीत-हार से इतर इंडिया गठबंधन को झटका लगा है। हालांकि इंडिया गठबंधन से जुड़े लोग अब नई रणनीति से चुनाव लड़ने की बात करते है।

# बसपा के दांव पर टिकी सपा, भाजपा की उम्मीदें

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** लोकसभा हो या विधानसभा, कभी ऐसी परिस्थिति नहीं बनी जब चुनाव त्रिकोणात्मक या चतुष्कोणात्मक न हुआ हो। दलीय उम्मीदवारों में ऐसी परिस्थिति पहली बार दिख रही है जब गोंडा लोकसभा में बसपा व कांग्रेस सहित अन्य दलों में उत्साह खत्म होता दिख रहा है। कांग्रेस व सपा के मध्य गठबंधन होने के कारण गोंडा से सपा का उम्मीदवार तथा भाजपा से मौजूदा सांसद को ही मैदान में उतारा गया है। लेकिन चुनाव को त्रिकोणात्मक बनाने के लिए पहचान रखने वाली बसपा के मूक प्रदर्शन ने सीधी लड़ाई की रूपरेखा तय कर दी है।

भाजपा का 2019 का प्रदर्शन बेहतर रहा, लेकिन बसपा व सपा के गठबंधन के उम्मीदवार रहे विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह ने सीधी टक्कर दी थी, जबकि कांग्रेस से कृष्णा पटेल मैदान में थीं। पीस पार्टी से मसूद खां ने ताल ठोका था। तीन दलों की लड़ाई में मैदान भाजपा ने मारा था। इसी तरह 2014 में भाजपा से कीर्तिवर्धन सिंह, सपा से नंदिता शुक्ला, बसपा से अकबर अहमद डंपी और कांग्रेस से बेनी प्रसाद वर्मा मैदान में थे। इस चतुष्कोणीय चुनाव में भाजपा के कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव जीते थे। चारों उम्मीदवारों को एक लाख से अधिक मत प्राप्त हुए थे। इसमें भाजपा के कीर्तिवर्धन सिंह को 359643, सपा की नंदिता को 199227, बसपा के अकबर अहमद डंपी को 116178 तथा कांग्रेस के बेनी प्रसाद वर्मा को 102254 मत प्राप्त हुए थे। 2009 में भी चतुष्कोणीय मुकाबला हुआ था। इसमें भाजपा से राम प्रताप सिंह, बसपा से कीर्तिवर्धन सिंह, सपा से विनोद कुमार सिंह उर्फ पंडित सिंह चुनाव मैदान में थे। इसमें कांग्रेस से बेनी प्रसाद वर्मा चुनाव जीत गए थे। 2004 में सपा से कीर्तिवर्धन सिंह, भाजपा से घनश्याम शुक्ला, कांग्रेस से डा विनय कुमार पांडेय मैदान में थे।

इसी तरह 1999 में बीजेपी से बृजभूषण शरण सिंह, सपा से कीर्तिवर्धन सिंह, कांग्रेस से दीप नरायन पांडेय व बसपा से अयोध्या नरेश पांडेय चुनाव मैदान में थे। 1998 में भाजपा, सपा, कांग्रेस व बसपा के उम्मीदवार चुनावों में त्रिकोण या चतुष्कोणीय मुकाबला बनाते देखे गए।

### भाजपा व सपा के अलावा किसी दल का नहीं दिखा प्रचार


कीर्तिवर्धन सिंह


श्रेया वर्मा

- **अभी तक बसपा ने नहीं उतारा उम्मीदवार**
- **सपा और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला होने के संकेत**

गोंडा लोकसभा से इस बार भाजपा व सपा के अलावा किसी अन्य दल के उम्मीदवार की घोषणा नहीं की गई है। बसपा चुप है तो अन्य छोटे क्षेत्रीय दल भी चुप्पी साधे है। कम्युनिस्ट पार्टी ने भी अभी तक चुप है। हालांकि इंडिया गठबंधन में कम्युनिस्ट भी शामिल है। इसके अलावा आप, पीस पार्टी व अन्य दल भी सामने नहीं आए हैं। हो सकता है कि आगे चलकर इसमें किसी दल का उम्मीदवार घोषित हो लेकिन वर्तमान परिदृश्य में सभी परदे के पीछे ही नजर आ रहे हैं।

### गोंडा लोकसभा में विधानसभा वार मतदाता

| विधानसभा | मतदाता | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर |
|---|---|---|---|---|
| गोंडा | 352430 | 187839 | 164561 | 30 |
| मेहनौन | 372559 | 203352 | 172196 | 11 |
| मनकापुर | 333968 | 178042 | 155926 | 00 |
| गौरा | 327327 | 176726 | 150593 | 08 |
| उतरौला | 426913 | 231116 | 195767 | 30 |
| योग- | 1813197 | 977075 | 839043 | 79 |

### 251 बार जेल जाकर लिम्का बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज करा चुके हैं सपा उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा

# दोहरी बिसात के सहारे हैट्रिक पर वार

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** 251 बार जेल जाकर लिम्का बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज कराने वाले सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा इस बार लखनऊ लोक सभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस ने सपा के साथ मिलकर इन्हें देश के रक्षा मंत्री व लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह के खिलाफ उतारा है। सांसद राजनाथ सिंह की हैट्रिक पर रोक लगाने के लिए इण्डिया गठबंधन दोहरी बिसात बिछा रहा है। ऐसे में वोटों की गुणा- गणित किस पक्ष को मजबूत करेगी, ये बड़ा और अहम सवाल बना हुआ है।

आंकड़ों पर गौर करें तो वर्ष 2019 में राजनाथ सिंह को 6,33,026 मत पाकर 56.70 प्रतिशत वोट मिले। ऐसे में दूसरे स्थान पर रहीं सपा की पूनम सिन्हा को 2,85,724 मत मिले, जो 25.59 प्रतिशत रहा। कांग्रेस के प्रमोद कृष्णन को 1,80,011 वोट मिले, इनके वोटों का प्रतिशत 16.12 रहा। चूंकि इस बार आई. एन.डी.आई.ए. गठबंधन से केवल रविदास मेहरोत्रा ही चुनाव मैदान में हैं। ऐसे में गुणा-गणित के बीच सपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों के वोटों को अगर एक साथ जोड़ लिया जाए तब भी ये 42 फीसद का आंकड़ा नहीं छू पा रहें हैं। ऐसे में रविदास मेहरोत्रा से हार-जीत को लेकर बात की गई तो उन्होंने कहा कि वे जमीन से जड़े हुए नेता हैं।

### इस वजह से गठबंधन कर रहा भरोसा

**लखनऊ का सियासी गणित**



वर्ष 2017 के विधान सभा चुनाव में ब्रजेश पाठक के सामने रविदास मेहरोत्रा चुनाव लड़े थे। दोनों के बीच हार-जीत का फासला महज 5 हजार वोट का था। उस समय कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार अगर न उतारा होता तो फिर बृजेश पाठक को शिकस्त का सामना करना पड़ता। इसी आधार पर अखिलेश यादव ने रविदास मेहरोत्रा को पहले लखनऊ लोकसभा सीट इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवार घोषित हुए।

### केकेसी कॉलेज से शुरू हुआ सियासी सफर

रविदास मेहरोत्रा ने लखनऊ के केकेसी कॉलेज से अपना सियासी सफर शुरू किया। पहली बार छात्रसंघ चुनाव लड़ा और उपाध्यक्ष बने। मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी माने जाने वाले रविदास 1989 में लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट से विधायक चुने गए। इसके बाद वर्ष 2012 में दोबारा लखनऊ मध्य से विधायक बने। सपा शासन में कैबिनेट मंत्री के साथ-साथ कई विभागों की जिम्मेदारी भी इन्हें मिल चुकी है।

### कुछ इस तरह से है लखनऊ का जातिगत समीकरण

वर्ष 2011 के आंकड़ों पर गौर करें तो लखनऊ की जनगणना में 71 प्रतिशत हिंदू आबादी मिली। 26 फीसद से कुछ अधिक मुसलमान हैं। तीसरी बड़ी आबादी ओबीसी है, जो 28 प्रतिशत है। इसके बा दअनुसूचित जाति की आबादी है, ये 14 प्रतिशत के करीब हैं। .2 प्रतिशत की आबादी अनुसूचित जनजाति की है। ब्राम्हण और राजपूत वोटरों की संख्या भी है।

### लखनऊ लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र हैं शामिल

गोल्डेन सिटी कही जाने वाली लखनऊ संसदीय क्षेत्र में लखनऊ ईस्ट, लखनऊ वेस्ट, लखनऊ नार्थ, लखनऊ कैंट व लखनऊ सेंट्रल विधानसभाएं शामिल हैं। इनमें वेस्ट व सेंट्रल पर सपा के विधायक हैं। वहीं अन्य तीन सीटों पर भाजपा का कब्जा है।

### लखनऊ सीट से कब कौन जीता

| चुनाव | विजयी | उम्मीदवार |
|---|---|---|
| 1952 | विजय लक्ष्मी पण्डित | कांग्रेस |
| उप चुनाव | श्योराजवती नेहरू | कांग्रेस |
| 1957 | पुलिन बिहारी बनर्जी | कांग्रेस |
| 1962 | बीके धवन | कांग्रेस |
| 1967 | आनंद नारायण मुल्ला | निर्दलीय |
| 1971 | शीला कौल | कांग्रेस |
| 1977 | हेमवती नंदन बहुगुणा | जनता पार्टी |
| 1980 | शीला कौल | कांग्रेस |
| 1984 | शीला कौल | कांग्रेस |
| 1989 | मांधाता सिंह | जनता दल |
| 1991 | अटल बिहारी बाजपेई | भाजपा |
| 1996 | अटल बिहारी बाजपेई | भाजपा |
| 1998 | अटल बिहारी बाजपेई | भाजपा |
| 1999 | अटल बिहारी बाजपेई | भाजपा |
| 2004 | अटल बिहारी बाजपेई | भाजपा |
| 2009 | लालजी टण्डन | भाजपा |
| 2014 | राजनाथ सिंह | भाजपा |
| 2019 | राजनाथ सिंह | भाजपा |

### पिछले चुनावों के नतीजे

**वर्ष 2019**
राजनाथ -6,33,026
पूनम सिन्हा- 2,85,724
प्रमोद कृष्णन- 1,80,011

**वर्ष 2014**
राजनाथ सिंह-5,61,106
रीता बहुगुणा जोशी- 2,88,357
नकुल दुबे-64,449
अभिषेक मिश्र- 56,771

**वर्ष 2009**
लालजी टण्डन-2,04,028
रीता बहुगुणा जोशी- 1,63,127
अखिलेश दास गुप्ता-1,33,610
नफीसा अली-61,457

**वर्ष 2024**
कुल वोटर- 21.47 लाख
पुरुष मतदाताओं की संख्या-11.65 लाख
महिला मतदाताओं की संख्या-9 .82

# फर्जी अंकपत्र पर 35 साल की नौकरी, 31 को है रिटायरमेंट

## नलकूप विभाग में 1984 में हुई थी चालक के पद पर तैनाती

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** नलकूप विभाग में फर्जी अंक पत्र के सहारे नौकरी करने के मामले का खुलासा जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत हुआ है। वर्ष 1984 में नलकूप चालक के पद पर भर्ती हुए कर्मचारियों ने बाराबंकी और मथुरा का भी अंक पत्र दिखाया, लेकिन जिला विद्यालय निरीक्षक और कुल सचिव ने यहां का अंक पत्र होने से इनकार कर दिया।

हुजूरपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत बसंतपुर निवासी दिनेश प्रताप सिंह इस समय नलकूप विभाग में सीट पर्वेक्षक के पद पर तैनात हैं। उनके तैनाती वर्ष 1984 में नलकूप चालक के पद पर हुई थी। गांव निवासी सूर्य प्रताप सिंह ने फर्जी अंक पत्र पर नौकरी करने का आरोप लगाते हुए नलकूप विभाग के अधिशासी अभियंता से जानकारी मांगी थी। जानकारी में जुलाई 2021 को विभाग ने हाईस्कूल में दिनेश प्रताप सिंह द्वारा लगाए गए मार्कशीट की फोटो कॉपी देते हुए विद्यालय का विवरण दिया था। इस पर सूर्य प्रताप सिंह ने बाराबंकी में संचालित एसआरबी कॉलेज लखपेड़ाबाद के मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक से जानकारी ली। बाराबंकी के तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश वर्मा ने एसआरबी कॉलेज वर्ष 1982 में और वर्तमान समय में न संचालित होने की जानकारी दी गई, साथ ही अंक पत्र को फर्जी बताया। जिस पर पुनः सूर्य प्रताप सिंह ने नलकूप विभाग से जानकारी ली तो नलकूप विभाग की ओर से गुरुकुल विश्वविद्यालय मथुरा वृंदावन विद्यालय द्वारा जारी अंक पत्र दिया गया। वहां भी वर्ष 1982 में हाई स्कूल पास दिखाया गया। इस पर सूर्य प्रताप सिंह ने गुरुकुल विश्वविद्यालय मथुरा वृंदावन के कुल सचिव को पत्र भेज कर जानकारी दी गई। वहां से बताया गया कि अंक पत्र उनके विद्यालय का नहीं है। स्कूल का संचालन भी इस समय बंद चल रहा है। उस समय विश्व विद्यालय संस्था द्वारा संचालित था। ऐसे में पूरी तरह से सिद्ध होता है कि दिनेश प्रताप सिंह की भर्ती फर्जी अंक पत्र पर वर्ष 1984 में हुई थी। अब वह पूरी नौकरी कर 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

### विभाग ने किया मिलीभगत


हुजूरपुर विकास खंड के बसंतपुर निवासी सूर्य प्रताप सिंह का कहना है कि बाराबंकी में संचालित सरब कॉलेज लखपेड़ाबाद की पहले अंकपत्र विभाग ने दी। जब यह फर्जी मिला तो विभाग ने मिलकर मथुरा में संचालित गुरुकुल विश्वविद्यालय मथुरा वृंदावन का अंकपत्र लगाया। लेकिन वह भी फर्जी निकली। ऐसे में विभाग जांच कर कार्यवाई करे। केस दर्ज करवाते रिकवरी करवाने की मांग की है। इस संबंध में हरिओम वर्मा अधिशाषी अभियंता नलकूप विभाग ने कहा कि नलकूप विभाग में दिनेश प्रताप सिंह शीश पर्यवेक्षक के पद पर तैनात हैं लेकिन उनकी तैनाती फर्जी पत्र के सहारे हुई है। पूरे कागजात मिले तो वह जांच कराकर कार्रवाई करेंगे थाने में केस भी दर्ज करवाएंगे।

# अतीक अहमद का शूटर बल्ली पंडित गिरफ्तार

**प्रयागराज, एजेंसी :** प्रयागराज पुलिस ने अतीक अहमद गिरोह के शार्प शूटर बल्ली पंडित उर्फ सुधांशु त्रिपाठी को गुरुतिवार को खुल्दाबाद थानाक्षेत्र में एडीसी ग्राउंड के पास से गिरफ्तार कर लिया। बल्ली पंडित खुल्दाबाद थाने में पंजीकृत एक मुकदमे में वांछित था। एक व्यापारी से हर महीने दो लाख रुपये की रंगदारी मांगने के लिए उसके खिलाफ हाल में खुल्दाबाद थाने में भादंसं की धारा 386 (मृत्यु का भय दिखाकर रंगदारी मांगना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के मुताबिक, अतीक अहमद गिरोह के सदस्य रहे बल्ली पंडित के पास से एक तमंचा (315 बोर), दो कारतूस, 10 देशी बम और 2590 रुपये नकद बरामद किए गए। बरामदगी के आधार पर इस मुकदमे में भादंसं की धाराएं 411/504 और हथियार कानून की धाराएं 3//25 और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराएं 4/5 जोड़ी गई हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बल्ली पंडित का पुराना आपराधिक इतिहास है और उसके खिलाफ प्रयागराज के विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड में भी बल्ली पंडित के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

# मथुरा में दामाद को दिनदहाड़े पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया

- दामाद विजय की ससुराल वालों से चल रही थी अनबन



- पिता की तहरीर पर नामजद रिपोर्ट दर्ज

**मथुरा, एजेंसी :** जिले के हाईवे थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एटीवी फैक्ट्री के पास गुरुवार को दिन दहाड़े एक युवक को पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना में युवक के पिता भी घायल हुए हैं। पुलिस अधीक्षक नगर डा. अरविन्द कुमार ने बताया कि विजय (22) निवासी महोली और उसके भाई की शादी रिफाइनरी थाने के भुड़रसू गांव में हुई थी। ससुराल वालों की अपने दामाद विजय के साथ अनबन चल रही थी।

मृतक का अपनी ससुरालियों से विवाद चल रहा था। पुलिस ने इससे पहले भी विजय और उसके ससुरालियों के बीच समझौता कराने का प्रयास किया था। मृतक विजय के पिता पप्पू की तहरीर पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। मृतक के मामा देवी सिंह ने बताया कि गुरुवार को लगभग एक बजे उसके पास उसके भांजे का फोन आया कि थाने पर समझौते के लिए बुलाया गया है इस पर उसने उनसे थाने जाने के लिए कह दिया था। इसके बाद विजय अपने पिता के साथ एक मोटरसाइकिल से थाने जा रहा थ। मामा ने बताया कि कुछ देर बाद उसके पास दुबारा फोन आया कि एटीवी फैक्ट्री के पास विजय को घेर लिया गया है तथा पिटाई की जा रही है। उसने कहा कि जब तक वह मौके पर पहुंचता उसे जला दिया गया। घटना की सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गये। भारी संख्या में भीड़ एकत्र हो गयी। देवी सिंह ने बताया कि विजय का एक लड़का एक साल का है। विजय वृन्दावन स्थित होंडा कंपनी में कार्य करता था। पुलिस के अनुसार मृतक दो भाई हैं, दोनों भाई की शादी एक ही परिवार में हुई थी। ऐसा बताया जा रहा है कि दोनों परिवारों में विवाद चल रहा है। पहले भी दोनों पक्षों में समझौते की बातचीत हुई थी।

## सार-संक्षेप

### एटीएस ने चार रोहिंग्या को किया गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** देश में घुसपैठ कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खुद को भारत का नागरिक बताने वाले आरोपियों के खिलाफ एटीएस लगातार कार्रवाई कर रही है। इस बार एटीएस ने म्यांमार के रहने वाले रोहिंग्या आमिर हमजा का तीन विदेशी महिलाओं के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास कूटरचित दस्तावेज बरामद किए गए हैं। आरोपियों को एटीएस मुख्यालय लाकर पूछताछ की जा रही है। एटीएस की पूछताछ में यह खुलासा भी हुआ है कि यह आरोपी न सिर्फ भारत की सीमा में घुसपैठ कर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर खुद को भारत का नागरिक दर्शाते थे, बल्कि इनकी संलिप्तता देश विरोधी गतिविधियों में भी रहती है। एटीएस के अधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से यह सूचना मिल रही थी कि विदेशी नागरिक बांग्लादेश सीमा से भारत में प्रवेश करते हैं। इसके बाद कूटरचित दस्तावेजों की मदद से खुद को भारत का नागरिक बताते हैं। जानकारी मिलने के बाद एटीएस की एक टीम ने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि 27 मार्च 2024 को म्यांमार का रहने वाला आमिर हमजा अपनी तीन महिला सहयोगियों के साथ असम से दिल्ली पहुंचने वाला है। यहां पर वह कूटरचित दस्तावेजों की मदद से खुद को भारतीय नागरिक साबित करेगा। इनपुट मिलने के बाद एटीएस की टीम ने कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### राजस्व निरीक्षक मामले में सरकार से जवाब-तलब

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रिश्वत लेने के आरोपी राजस्व निरीक्षक की याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकारी अधिवक्ता को हलफनामा दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया और प्रत्युत्तर हलफनामा दाखिल करने के लिए याची को दो सप्ताह का समय देने के साथ मामले को 10 मई 2024 के लिए सूचीबद्ध कर दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ ने राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) वीरेंद्र सिंह की याचिका पर पारित किया। दरअसल आरोपी के खिलाफ पक्की ठिया बंदी के लिए रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु शिकायतकर्ता दुर्गेश कुमार से 12 हजार रुपए रिश्वत की मांग करने पर रंगे हाथों पकड़ा गया और उसके खिलाफ हयात नगर पुलिस स्टेशन, संभल में 13 दिसंबर 2023 को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपी का स्थानांतरण ब्लॉक सिरसी में हो गया था, लेकिन शिकायतकर्ता की फाइल उसके पास ही थी और आरोपी ने कहा था कि जब उसे रिश्वत दे दी जाएगी तो रिपोर्ट लगाकर वह फाइल आगे बढ़ा देगा। शिकायतकर्ता ने आगे बताया कि अनुकूल आदेश पारित करने के लिए आरोपी ने पैसे की मांग की थी और आरोपी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा भी गया था।

### छात्रवृत्ति से वंचित अप्रैल में दोबारा कर सकेंगे आवेदन

**लखनऊ, अमृत विचार :** पोस्ट मैट्रिक्स छात्रवृत्ति से वंचित हुए दो हजार से अधिक छात्र-छात्राओं के लिए राहत की खबर है। वंचित छात्र अप्रैल में दोबारा आवेदन कर सकेंगे। आवेदन करने के लिए अप्रैल में पोर्टल खोला जाएगा। बता दें कि पोस्ट मैट्रिक्स के लगभग दो हजार से अधिक छात्र-छात्राएं कॉलेज-विद्यालय की गलती के कारण छात्रवृत्ति से वंचित रह गए। विवरण का मिलान न होने के कारण उनके खाते में छात्रवृत्ति नहीं जा सकी। छात्र-छात्राएं कॉलेज-विद्यालय और समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काटते रहे। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए 26 अप्रैल से 3 मई तक आवेदन करने के लिए पोर्टल खोला जाएगा। ऐसे छात्र-छात्राएं जिनका डीएलडी और पैरा मेडिकल कोर्स की परीक्षाओं का परिणाम नहीं आया है, वे भी आवेदन कर सकते हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि आवेदन करने के दौरान स्वयं भरे गए विवरण और विद्यालय-कॉलेज की ओर से भरे जाने वाले विवरण की जांच सावधानी से करा लें। जांच करके आवेदन को अग्रसारित कराएं, क्योंकि इस बार चूक होने पर छात्रवृत्ति से वंचित हो जाएंगे।

# नाना की बंदूक से निकली गोली से नाती की मौत

संवाददाता, सीतापुर

- गोली चलने के बाद नाना को पड़ा अटैक, गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचार :** महोली कोतवाली इलाके में नाना की लाइसेंसी बन्दूक चलने से तीन साल के बच्चे की गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस ने बंदूक को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसा उस वक्त हुआ जब नाना बंदूक को जमा करने जा रहे थे। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के चड़रा गांव निवासी सुरेश त्रिवेदी के पास लाइसेंसी बंदूक है।

लोकसभा चुनाव के चलते वह लाइसेंसी बन्दूक घर से उठाकर दुकान पर जमा करने के लिए गुरुवार की दोपहर घर के अंदर तख्त पर रखे हुए थे। होली पर्व पर लखनऊ से सुरेश की बेटी अपने तीन वर्षीय बेटे स्वास्तिक के साथ पिता के घर आई हुई थी। बताया जाता है कि तख्त पर बन्दूक रखकर सुरेश अपने नाती के साथ खेल रहे थे। खेलने के दौरान ही अचानक बन्दूक तख्त के नीच गिरते ही फायर हो गई। बंदूक से निकली गोली बेटे स्वास्तिक के पेट में जा धंसी जिससे उसका पेट फट गया। नाती की हालत देख सुरेश त्रिवेदी अचेत होकर जमीन पर गिर गए। तेज आवाज के बाद मां मौके पर पहुंची और जब पिता और बेटे की हालत की हालत देखी तो वह भी बेसुध होकर गिर गई। नाना और नाती को तत्काल सीएचसी महोली लाया गया जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया जबकि हार्ट अटैक पड़ने से नाना सुरेश को गंभीर हालत में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# बहस के बाद बेटे ने की पिता की कुदाल से हत्या

**गाजियाबाद, एजेंसी :** जिले के नंदग्राम थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने बहस के बाद अपने पिता की कुदाल से वारकर हत्या कर दी। अपर पुलिस आयुक्त रवि कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार रात हरबंस नगर कॉलोनी में गोलू (30) ने घर में अपने पिता अरविंद (50) की हत्या कर दी। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नशे की हालत में था और उसने अपने पिता की हत्या कर दी क्योंकि उन्होंने उसके साथ दुर्व्यवहार किया था। अरविंद और गोलू दोनों दिहाड़ी मजदूर थे। पुलिस के मुताबिक आरोपी बेटा रात भर शव के साथ घर में ही रहा। सिंह ने कहा कि गुरुवार सुबह गोलू ने अपने पड़ोसियों को बताया कि उसके पिता की मौत हो गई है। वह पड़ोसियों के साथ पिता को अस्पताल भी ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसके पिता को मृत घोषित कर दिया।

# हिना से संगीता बन युवती ने रचाई शादी

संवाददाता, सीतापुर

- बदायूं कांड से दहशत में आई युवती ने अपनाया हिन्दू धर्म, ढाई वर्षों से दोनों का था प्रेम सम्बन्ध

**अमृत विचार :** कोतवाली नगर इलाके में समुदाय विशेष की एक युवती सामाजिक भेदभाव को पीछे छोड़कर हिन्दू प्रेमी के साथ मंदिर में शादी के बंधन में बंध गई। बदायू हत्याकांड से दहशत में आई युवती ने हिन्दू संगठन के नेताओं की अगुवाई में अपने प्रेमी के साथ मंदिर में शादी करने का फैसला किया। हिना अली से युवती संगीता मौर्या बनकर अपने प्रेमी महेश के साथ भगवान को साक्षी मानकर साथ जीने और मरने की कसमें खाकर एक साथ जीवन बिताने का फैसला कर घर रवाना हो गये। शादी के दौरान युवती के परिवार वालों ने दूरी बनाये रखी।



शादी समारोह के बाद मौजूद प्रेमी युगल।

जानकारी के अनुसार खैराबाद थाना इलाके के कस्बे की निवासिनी युवती हीना अली (बदला हुआ नाम संगीता मौर्या) ने बताया कि उसकी कस्बे के ही युवक महेश मौर्या से मुलाकात करीब ढाई साल पहले हुई थी। दोनों के बीच दोस्ती प्रेम सम्बन्ध में बदलते देर नहीं लगी। इसी बीच बदायूं में बच्चों की निर्मम हत्या की घटना ने हिना को अंदर तक हिला के रख दिया। हिना उर्फ संगीता को जब पता चला कि इन बच्चों का हत्यारा साजिद है और वह नाई का कार्य करता है तो हिना डर गई क्योंकि हिना के पिता ताहिर अली भी नाई का कार्य करते हैं। प्रेमी युगल ने शादी करने का फैसला किया लेकिन हिना के पिता की धमकी को देकर युवती ने हिन्दू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू से मिलकर शादी कराने व सुरक्षा की गुहार लगाईं। हिन्दू संगठन के अध्यक्ष विकास हिन्दू ने लड़के के परिवार वालों और युवती को शहर के बाहर स्थित काली माता मंदिर में बुलाकर दोनों की शादी वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ करा दी।

# टिकट को लेकर सपा में खींचतान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- चुनाव की रणनीति बनाना भूल अपनों के रुठने-मनाने में जुटे अखिलेश

**अमृत विचार :** प्रदेश में सत्तासीन दल भाजपा जहां पहले चरण के प्रचार में पूरे दमखम के साथ उतरने को तैयार है वहीं, मुख्य विपक्षी दल सपा में घमासान मचा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव चुनाव की रणनीति बनाने से ज्यादा अपनों की नाराजगी को दूर करने में उलझे हैं। कहीं रूठने-मनाने के चक्कर में तो कही भाजपा के घोषित उम्मीदवार को देखते हुए भी अखिलेश एक के बाद एक लोकसभा के टिकट बदलने को मजबूर हैं। किसी-किसी सीट पर दो से तीन बार तक बदलाव किया गया।

पहले चरण के नामांकन के अंतिम दिन तक बुधवार को मुरादाबाद और रामपुर में पार्टीजनों के बीच चली खींचतान जगजाहिर रही। वहीं, गुरुवार को गौतमबुद्ध नगर में भी बदलाव हुआ। मेरठ का टिकट भी बदला जाना तय माना जा रहा है। पहले बदायूं, मिश्रिख में उम्मीदवार बदले गए थे। दरअसल, गौतमबुद्ध नगर लोस. सीट से पहले सपा ने डॉ. महेंद्र नागर का टिकट काटकर राहुल अवाना को उम्मीदवार बनाया। गुरुवार को सपा ने फिर बदलाव करते हुए डॉ. महेंद्र नागर को ही वहां से प्रत्याशी बना दिया। उधर, मेरठ लोस सीट से भानु प्रताप सिंह सपा के फिलहाल प्रत्याशी हैं लेकिन अब मेरठ में भाजपा से अरुण गोविल के उतरने के बाद नया उम्मीदवार सपा लाएगी। बिजनौर से भी पहले यशवीर सिंह प्रत्याशी बनाए गए और उसके बाद दीपक सैनी को टिकट थमा दिया गया। इसे रणनीति कहें या कन्फ्यूजन? अखिलेश यादव ने सबसे पहले बदायूं में पूर्व घोषित प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव की जगह चाचा शिवपाल को मैदान में उतारा। बाद में धर्मेंद्र को आजमगढ़ से उम्मीदवार बनाया गया। सूत्रों के मुताबिक, शिवपाल बदायूं से अपने बेटे आदित्य यादव को लड़ाना चाहते थे लेकिन ऐसा नहीं हो सका जबकि, मिश्रिख सीट से पहले रामपाल राजवंशी को टिकट दिया गया। फिर उनके बेटे मनोज राजवंशी को मंजूरी मिली फिर वहां तीसरी बार टिकट बदलते हुए मनोज की पत्नी संगीता राजवंशी को टिकट सौंप दिया गया। हालांकि, बरेली जिले की आंवला सीट के भी प्रत्याशी बदलने की चर्चा है लेकिन यहां से सपा उम्मीदवार नीरज मौर्य मजबूत स्थिति में हैं।

# नौ राज्यों के मुख्य सचिवों और डीजीपी के साथ हुई समन्वय बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डीएम, एसपी और एसएचओ को समन्वय रखने के निर्देश

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में गुरुवार को अन्तर्राज्यीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में 9 राज्यों झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड, राजस्थान व दिल्ली के मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया।

मुख्य सचिव ने सम्बन्धित राज्यों के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक से लोक सभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराने में सहयोग करने की अपेक्षा की। सीमावर्ती जनपदों में ऐसी कोई गतिविधि न हो, जिससे आम चुनाव प्रभावित हो। अवैध नकदी, अवैध शराब आदि के प्रवाह को रोकने के लिये सीमाओं पर निगरानी बढ़ानी होगी। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए प्रदेशभर में पुलिस द्वारा प्रभावी रूप में निषेधात्मक कार्रवाई की जा रही है। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव राज्य कर नितिन रमेश गोकर्ण, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा, प्रमुख सचिव आबकारी वीना कुमारी मीना, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा आदि उपस्थित रहे। बैठक में डीएम, एसपी और एसएचओ को समन्वय रखने के निर्देश भी दिए गए।


## वर्ग पहेली-23

**बाएं से दाएं**

1. 1. ठाकुर होने की अवस्था
3. ऐसा सूक्ष्म जीव जो कपड़ों और बालों में अक्सर पाया जाता है, जूं।
7. अभिमानी, अभिमान करने वाला व्यक्ति घमंडी।
8. मेंढक, दर्दुर।
9. 1. अंगीकार करना, अपना बनाना, ग्रहण करना, स्वीकार कर लेना 2. गले लगाना 3. अपने अधिकार या वश में करना 4. किसी को अपनी शरण में लेना।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. फूलों से भरी हुई अंजली, पुष्पांजलि 2. पूजा में पुष्प अर्पण करने की विधि।
4. याचक को मनचाही चीज़ देकर निहाल कर देने वाला।
5. अत्यंत बलशालिनी।
6. 1. आकर्षक स्त्री, सुंदरी 2. गौतम बुद्ध की एक शक्ति।



### वर्ग पहेली -22 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 गु | | | 2 अ |
| 3 भं | डा | फो | ड़ | | | प |
| ग | | | गु | | | नी |
| ड़ | | 4 थो | ड़ा | ब | 5 हु | त |
| | 6 पं | | ना | | ज़ू | |
| | च | | | 7 सु | री | ला |
| 8 ब | म | भो | ला | | | |

## सुडोकू-102

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | 8 | | | 3 |
| 6 | | 8 | | | 1 | | | |
| | 7 | | 6 | | | | | 1 |
| | | 6 | | | 4 | 5 | | |
| | 9 | | | | | | 7 | |
| | | 1 | 8 | | | 3 | | |
| 4 | | | 3 | | 2 | | 9 | |
| | | | | | | 6 | | 2 |
| 3 | | | 9 | | 7 | | | |

### सुडोकू -101 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 | 7 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 |
| 3 | 7 | 9 | 2 | 4 | 8 | 1 | 5 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 20.20 तक तत्पश्चात पंचमी।

**मेष** – आज दांपत्य सुख में वृद्धि होगी। मन में रचनात्मक विचारों का जमावड़ा लगा रहेगा। रुका हुआ सरकारी काम शुरू हो सकता है। शाम को पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बॉस से प्रशंसा मिल सकती है।

**वृष** – आज विरोधियों के बीच आपका खासा प्रभाव रहेगा। आपके सभी कार्य समय पर पूर्ण होंगे। वृद्धजनों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। निर्माण क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है।

**मिथुन** – आज ऑनलाइन गतिविधियों में बच्चे काफी रुचि लेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आप भावुक हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**कर्क** – आज स्वास्थ्य के लिए आपको सावधान रहना चाहिए। बोलचाल के दौरान सभ्य भाषा का प्रयोग करें। महंगी वस्तुओं को खरीदने से आपके बजट पर असर पड़ सकता है। आपकी दिनचर्या में कुछ बदलाव आ सकता है।

**सिंह** – आज व्यापार में आपको अपेक्षा के अनुसार लाभ प्राप्त नहीं होगा। शुभ चिंतकों और मित्रों से आप सहायता ले सकते हैं। जॉब में बदलाव करने के मौके मिलने की प्रबल संभावना है। आपके आत्मबल और कार्यदक्षता में वृद्धि होगी।

**कन्या** – आज साझेदारी वाले व्यवसाय में एकाधिकार जताने की प्रवृत्ति पर नियंत्रण आवश्यक है। अत्यधिक कार्यभार के कारण तनाव का सामना करना पड़ेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें।

**तुला** – आज प्रियजनों के साथ आपके मधुर संबंध रहेंगे। रचनात्मक कार्यों में कारण आपको प्रसिद्धि मिल सकती है। आपकी बातों से लोग काफी प्रसन्न रहेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। भोग-विलास की वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे।

**वृश्चिक** – आज किसी भी काम को टालने की प्रवृत्ति से बचें। माता का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। मधुमेह के रोगियों को दवाइयों का सेवन सावधानी से करना चाहिए। आपको अकारण भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आशावादी दृष्टिकोण बनाए रखें।


**धनु** – आज वित्तीय योजनाओं का सफल कार्यान्वयन कर पायेंगे। घर के सभी सदस्यों का रूख आपके प्रति सहयोगात्मक रहेगा। व्यस्तता के बावजूद परिवार को पर्याप्त समय देंगे। मित्रों से आपको उपयोगी सलाह प्राप्त होगी। दिल की अपेक्षा दिमाग से काम लें।

**मकर** – आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहने वाला है। बच्चों को माता-पिता से सलाह और विचार-विमर्श करना चाहिए। अविवाहित लोगों के रिश्ते की चर्चा चल सकती है। व्यापारिक प्रगति से मन उत्साहित रहेगा।

**कुंभ** – आज व्यापार के लिए यात्रा करने के योग बन रहे हैं। फोन के माध्यम से शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। उच्च शिक्षा में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। आप सेहत को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। काम की अधिकता के कारण तनाव हो सकता है।

**मीन** – आज किसी के प्रति में गलत विचार न लाएं। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। बॉस से डांट खानी पड़ सकती है। शोध कार्यों में रुचि ले सकते हैं। दांपत्य संबंधों में नवीनता आएगी। बैंकिंग और आईटी से जुड़े क्षेत्र में कुछ समस्या हो सकती है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 20.36 तक तत्पश्चात अनुराधा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
विरासत – सुबह : 10.44
वीरगति – रात : 07.00

&pictures
हसीना मान जाएगी – सुबह : 11.09
बंगाल टाइगर – शाम : 05.23

Sony Pix
एक्वामैन – सुबह : 09.33
व्हाइट हाउस डाउन – रात : 08.45

Zee Cinema
जब हैरी मेट सेजल – दोपहर : 12.00
गदर – रात : 08.05

Colors Cineplex
भागम भाग – सुबह : 08.05
भेड़िया – रात : 07.02

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर दोपहर : 12.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

भिखारी- साहब 20 रुपये दो न, कॉफी पीनी है।
आदमी- लेकिन कॉफी तो 10 रु. की आती है!
भिखारी- मेरी गर्लफ्रेंड भी साथ में है न
आदमी- अरे! भिखारी होकर तूने गर्लफ्रेंड बना रखी है।
भिखारी- नहीं जी, गर्लफ्रेंड ने मुझे भिखारी बना दिया है।

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मां से मिलवाने ले गई।
लड़की- मेरी मां को तुम बहुत पसंद आए।
लड़का- कुछ भी हो मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा। तु मम्मी से बोल दे कि, वो मुझे भूल जाएं।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 1910, राज श्री 1390, फ़ॉर्चून कि. 1820, रविन्द्रा 1860, फॉर्चुन ली0 1670, जय जवान 1495, सचिन 1610, सूरज 1520, अवसर 1650, राग गोल्ड 1695, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1760, स्वास्तिक 1880। किराना–(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 12000–18000, सोंठ 45000, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950। चावल –(प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250। दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 7150–7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800–10500, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500–12100, दाल चना 7150, लाल हिंदुस्तान 7250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10400, मोटा हीरा 11800, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 13800–14300, अरहर कोरी छोटी 15000। चीनी– डालमियां 4040, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3980 (नयी), बहेड़ी 4000 (नयी)।

# किसानों को बारिश व ओलावृष्टि से रबी फसलों की क्षतिपूर्ति का इंतजार

## 2 व 3 मार्च को सर्वे पूरा, तय समय पर आकलन और भुगतान नहीं कर पाईं कंपनियां

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** प्रदेश में 2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद रबी फसलों की क्षतिपूर्ति का किसानों को इंतजार है। बीमा कंपनियों ने देर-सबेर और कृषि विभाग के दबाव में सर्वे तो पूरा कर लिया है लेकिन, नुकसान का आकलन और भुगतान अब तक नहीं कर पाई हैं। यह भी कहा जा रहा कि कंपनियां क्लेम बचाने के चक्कर में क्षतिपूर्ति के व्यक्तिगत दावों को अनदेखा कर रही हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत आठ हजार से अधिक किसानों ने व्यक्गित दावा किया था। इसमें कितने निरस्त और स्वीकृत हुए, कितनी क्षतिपूर्ति बनी यह कह पाना संबंधित कृषि विभाग के लिए भी मुश्किल है। क्योंकि कंपनियों ने झांसी को छोड़कर बाकी जिलों की रिपोर्ट नहीं दी है। वहीं, राजस्व विभाग तीन दिन के अंदर सर्वे कर रिपोर्ट सौंप चुका है।

> सभी जिलों में सर्वेक्षण हो गया है। सिर्फ झांसी की रिपोर्ट मिली है। जबकि अन्य जिलों का आकलन और भुगतान प्रक्रिया में है। रिपोर्ट मांगी है। इससे जल्द से जल्द किसानों को भुगतान किया जा सके।
> **– उमा शंकर सिंह, उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी।**

### 14 लाख किसानों ने कराया था फसल बीमा



रबी में गेहूं, जौ, मटर, सरसों, मसूर, आलू आदि फसलों का योजना के तहत 14 लाख तक किसानों ने बीमा कराया है। बीमा कंपनियों ने किसानों के साथ केंद्र व राज्य अंश प्रीमियम के तौर पर लिया है और आपदा के समय इन्हीं किसानों ने टोलफ्री नंबर पर व्यक्तिगत दावा किया था। ऐसी स्थिति में गाइडलाइन के अनुसार 15 दिन के अंदर सर्वेक्षण व नुकसान का आकलन करना होता है और और एक माह के अंदर 25 प्रतिशत धनराशि देय होती है। जबकि शेष राशि कटाई के दौरान भुगतान की जाती है।

## बैंक ऑफ इंडिया पर 564 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया

**नयी दिल्ली।** आयकर विभाग ने बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) पर 564.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) ने गुरुवार को कहा कि वह इस आदेश के खिलाफ आयकर आयुक्त, राष्ट्रीय फेसलेस अपील केंद्र (एनएफएसी) के समक्ष अपील दायर करने की प्रक्रिया में है। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, "उसे आयकर विभाग, आकलन इकाई से आकलन वर्ष 2018-19 से संबंधित आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 270ए के तहत आदेश प्राप्त हुआ है, जिसमें विभिन्न नियमों के उल्लंघनों पर 564.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।" इसमें कहा गया कि बैंक का मानना है कि उसके पास इस मामले में अपनी स्थिति को उचित रूप से साबित करने के लिए पर्याप्त तथ्यात्मक और कानूनी आधार हैं।

# अडाणी परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में किया निवेश

- 6,661 करोड़ रुपये के निवेश से हिस्सेदारी 66.7 % हुई

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

अडाणी परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में 6,661 करोड़ रुपये के निवेश की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इससे देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी में उसकी हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़कर 66.7 प्रतिशत हो गई है।

उद्योगपति गौतम अडाणी के स्वामित्व वाली कंपनी अंबुजा सीमेंट्स के एक बयान में कहा, निवेश अडाणी समूह के सीमेंट व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण होगा, जिसकी 2028 तक अपनी क्षमता 14 करोड़ टन प्रति वर्ष तक बढ़ाने की योजना है। इससे पहले अक्टूबर 2022 में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित वारंट जारी करने के लिए प्रवर्तक अडाणी परिवार ने कंपनी में 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया गया था। अंबुजा सीमेंट्स के पास एक अन्य सीमेंट कंपनी एसीसी लिमिटेड में भी नियंत्रण हिस्सेदारी है। कंपनी ने बयान में कहा, '' इससे अडाणी परिवार की कंपनी में हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़कर कुल 66.7 प्रतिशत हो गई है। अंबुजा सीमेंट्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय कपूर ने कहा कि यह निवेश ''तेजी से विकास, पूंजी प्रबंधन पहल आदि'' हासिल करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, '' यह न केवल हमारे दृष्टिकोण तथा व्यवसाय मॉडल में दृढ़ विश्वास का प्रमाण है, बल्कि हमारे हितधारकों के लिए दीर्घकालिक टिकाऊ मूल्य सृजन प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है।''

## मेंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1125 बोल्ड 1175 डीएमओ 890।

## कोल इंडिया की आपूर्ति सालाना लक्ष्य के पार

**कोलकाता।** कोल इंडिया लि. की तापीय बिजलीघरों को कोयला आपूर्ति 61 करोड़ टन के लक्ष्य को पार कर गई है। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में 27 मार्च तक 61.01 करोड़ टन कोयले की आपूर्ति की है। एक अधिकारी ने कहा, ''यह बिजली क्षेत्र को अबतक की सबसे अधिक कोयला आपूर्ति है।'' उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कोल इंडिया की कोयले की आपूर्ति पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2.93 करोड़ टन अधिक है।

# रिलायंस ने अडाणी पावर की परियोजना में हिस्सेदारी खरीदी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपने प्रतिद्वंद्वी कारोबारी गौतम अडाणी की कंपनी अडाणी पावर की मध्य प्रदेश में एक बिजली परियोजना में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। यह पहला मौका है जबकि दो प्रतिद्वंद्वी अरबपति उद्योगपतियों के बीच किसी तरह का गठजोड़ हुआ है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने संयंत्र की 500 मेगावाट बिजली का खुद इस्तेमाल (कैप्टिव यूज) करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों कंपनियों ने शेयर बाजार को अलग-अलग दी सूचना में कहा कि रिलायंस, अडाणी पावर लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी महान एनर्जेन लिमिटेड में 10 रुपये अंकित मूल्य (50 करोड़ रुपये) के पांच करोड़ इक्विटी शेयर खरीदेगी और निजी उपयोग के लिए 500 मेगावाट उत्पादन क्षमता का उपयोग करेगी। अंबानी की रुचि तेल और गैस से लेकर खुदरा और दूरसंचार तक है तो अडाणी का ध्यान बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों, कोयला और खनन तक फैले बुनियादी ढांचे पर है।

## एक अप्रैल को 2000 का नोट बदलने, जमा करने की सुविधा नहीं

**मुंबई।** बैंकों में वार्षिक लेखाबंदी से जुड़े कार्यों के कारण 2000 के नोट को बदलने या जमा करने की सुविधा एक अप्रैल, 2024 यानी सोमवार को उपलब्ध नहीं होगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने गुरुवार को बयान में कहा कि अगले दिन मंगलवार को यह सुविधा केंद्रीय बैंक के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों में बहाल हो जाएगी। आरबीआई ने कहा, " वार्षिक लेखाबंदी से जुड़े कार्यों के कारण भारतीय रिजर्व बैंक के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों में 2000 रुपये के बैंक नोटों के विनिमय/जमा की सुविधा एक अप्रैल, 2024 दिन सोमवार को उपलब्ध नहीं होगी।"

# अर्थव्यवस्था 2047 तक 8 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है : सुब्रमण्यम

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक कृष्णमूर्ति वेंकट सुब्रमण्यम ने कहा कि अगर देश पिछले 10 वर्षों में लागू की गई अच्छी नीतियों को दोगुना कर सके और सुधारों में तेजी लाए तो भारतीय अर्थव्यवस्था 2047 तक आठ प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। सुब्रमण्यम ने कहा कि स्पष्ट रूप से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर महत्वाकांक्षी है क्योंकि भारत पहले लगातार आठ प्रतिशत की दर से नहीं बढ़ पाया है, लेकिन इसे हासिल किया जा सकता है।

वेंकट सुब्रमण्यम ने गुरुवार को कहा, '' पिछले 10 वर्षों में भारत ने जिस तरह की वृद्धि दर्ज की है, अगर हम पिछले 10 वर्षों में लागू की गई अच्छी नीतियों को दोगुना कर सकते हैं और सुधारों में तेजी लाएं तो भारत यहां से 2047 तक आठ प्रतिशत की दर से वृद्धि कर सकता है।'' भारत की अर्थव्यवस्था 2023 के अंतिम तीन महीनों में उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो पिछले डेढ़ साल में सबसे तेज गति है। अक्टूबर-दिसंबर में चालू वित्त वर्ष के अनुमान को 7.6 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया। सुब्रमण्यम ने कहा, '' भारत आठ प्रतिशत की दर से बढ़ता है, तो 2047 तक भारत 55000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है।''



## एक नजर

### माफिया अतीक का 'शूटर' बल्ली पंडित गिरफ्तार

**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस ने माफिया अतीक अहमद गिरोह के 'शार्प शूटर' बल्ली पंडित उर्फ सुधांशु त्रिपाठी को बृहस्पतिवार को खुल्दाबाद थानाक्षेत्र में एडीसी ग्राउंड के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि बल्ली पंडित खुल्दाबाद थाने में पंजीकृत एक मुकदमे में वांछित था। एक व्यापारी से हर महीने दो लाख रुपये की रंगदारी मांगने के लिए उसके खिलाफ हाल में खुल्दाबाद थाने में भादंसं की धारा 386 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

### मीरवाइज को नजरबंद किया : संगठन का दावा

**श्रीनगर।** हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले एक धार्मिक संगठन ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उन्हें नजरबंद कर दिया गया है। अंजुमन औकाफ़ जामिया मस्जिद ने एक बयान में कहा, "आज शहर की आली मस्जिद में होने वाले मीरवाइज के खुतबे (उपदेश) से पहले अधिकारियों ने उन्हें नजरबंद कर दिया।" हालांकि, यहां अधिकारियों ने मीरवाइज की नजरबंदी के दावे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। मीरवाइज को चार साल से अधिक समय के बाद पिछले साल सितंबर में नजरबंदी से रिहा किया गया था। उन्हें अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को जम्मू कश्मीर से निरस्त किए जाने के मद्देनजर नजरबंद कर दिया गया था।

### झामुमो सिद्धांतों से भटकी: सीता सोरेन

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन ने बृहस्पतिवार को कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ''अपने सिद्धांतों से भटक गई है और भ्रष्टाचार में लिप्त है'' तथा झारखंड का विकास केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विचारधारा के जरिए ही संभव हो सकता है। सीता सोरेन ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीट पर जीत हासिल करेगी और '' अबकी बार 400 पार'' के अपने लक्ष्य को हासिल करेगी। सीता सोरेन 19 मार्च को भाजपा में शामिल हुई थीं। जामा से पूर्व विधायक सोरेन बृहस्पतिवार को झारखंड पहुंचीं और उन्होंने रांची में भाजपा मुख्यालय में मीडियाकर्मियों से बातचीत की।

# आप राजनीतिक नाटक के लिए अदालत के इस्तेमाल की कोशिश कर रही : भाजपा

## दावा- केजरीवाल और उनके वकीलों ने अदालत में पुराने आरोपों को ही दोहराया

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर आरोप लगाया कि वह अपने राजनीतिक नाटक के लिए अदालत का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रही है। पार्टी ने दावा किया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके वकीलों ने अदालत में पुराने आरोपों को ही दोहराया। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को आबकारी मामले में गिरफ्तार किया गया है।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने संवाददाताओं से कहा कि आप ने निराधार आरोप लगाए हैं और वह न्यायपालिका पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही है। केजरीवाल ने इससे पहले एक स्थानीय अदालत से कहा था कि ईडी ने उन्हें निशाना बनाने के एकमात्र उद्देश्य से काम किया और महज कुछ बयानों के आधार पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। उन्होंने दावा किया कि मामले में सरकारी गवाह बने आरोपी शरत चंद्र रेड्डी ने भाजपा को 55 करोड़ रुपये का चंदा दिया और यह धन के लेन-देन का मामला है। पूनावाला ने पलटवार करते हुए कहा कि आप ने अदालत को अपने राजनीतिक नाटक के लिए खेल का मैदान बना दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विपक्षी दलों का चरित्र है कि वे ''लूटें, झूठ बोले'' और पकड़े जाने पर खुद को पीड़ित बताएं तथा फिर संस्थानों पर दबाव डालें। उन्होंने कहा कि आप ने निराधार आरोप लगाए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आबकारी मामले में कई आरोपियों को उच्चतम न्यायालय से भी कोई राहत नहीं मिली है।

### केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए : भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा की दिल्ली इकाई ने अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की और आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी संवैधानिक संकट का सामना कर रही है। दिल्ली इकाई अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि केजरीवाल को हिरासत में लिए जाने के बाद आप में से किसी को भी मुख्यमंत्री बनाया जा सकता था। तिवारी ने कहा, जिन्होंने आपको चुना है, तो आप से किसी को भी मुख्यमंत्री बना सकते हैं। सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए 'आप' में अंदरूनी खींचतान चल रही है। उन्होंने जांच एजेंसी की हिरासत से सरकार चलाने की संवैधानिक वैधता पर भी सवाल उठाया।



बर्मिंघम स्थित गुरु नानक निष्काम सेवक जत्था के स्वयंसेवकों ने गुरुवार को अमृतसर में स्वर्ण मंदिर की सोने की परत वाली दीवारों और गुंबद की सफाई की। • एजेंसी

## लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना जारी, 88 सीटों पर चुनाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना गुरुवार को जारी कर दी। इस चरण में 12 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 13 विधानसभा क्षेत्रों के लिए इसी चरण में मतदान कराया जाएगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 15 विधानसभा क्षेत्रों में अधिसूचना पहले चरण के साथ की गयी थी। दूसरे चरण में मणिपुर की इस सीट के अलावा असम , बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की 88 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव कराया जाएगा।

## आप की गोवा इकाई अध्यक्ष और तीन अन्य से पूछताछ

**पणजी, एजेंसी**

ईडी ने गुरुवार को आप की गोवा इकाई के अध्यक्ष अमित पालेकर और तीन अन्य लोगों से धनशोधन के एक मामले में पूछताछ की। ईडी ने पूछताछ के लिए पालेकर, आप नेता रामराव वाघ और दो अन्य लोगों-दत्ताप्रसाद नाइक तथा अशोक नाइक को तलब किया था। सूत्रों ने बताया कि चारों को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। दत्ताप्रसाद नाइक और अशोक नाइक गोवा में भंडारी समुदाय के नेता हैं। पालेकर दोपहर 12.10 बजे यहां ईडी कार्यालय पहुंचे, वहीं तीन अन्य लोग उनसे पहले 11.15 बजे पहुंच गए। ईडी कार्यालय में प्रवेश से पहले पालेकर ने कहा, मुझे बुलाया गया है। मैं लौटकर आप सबसे बात करूंगा। दोपहर दो बजे ईडी कार्यालय से निकलने के बाद पालेकर ने कहा, ''जांच किस बारे में है, मैं इसकी जानकारी नहीं दे सकता। मैं जांच में शामिल हो गया हूं। वे मुझसे जो भी सवाल पूछ रहे हैं, मैं उनका उत्तर दे रहा हूं। दोपहर बाद एजेंसी ने फिर से पूछताछ की। पालेकर और अन्य नेताओं के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए गोवा के विधायक वेंजी वीगास और क्रूज सिल्वा समेत वरिष्ठ आप नेता ईडी कार्यालय के बाहर उपस्थित थे।

## मनाली के कुल्लू में हिमस्खलन के बाद व्यक्ति लापता, रेस्क्यू जारी

**शिमला, एजेंसी**

मनाली जिले के कुल्लू में हिमस्खलन के बाद एक व्यक्ति लापता हो गया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हिमस्खलन बृहस्पतिवार दोपहर कुल्लू के जगतसुख गांव में हुआ। मौजूदा शुष्क मौसम में पहाड़ों पर बर्फ पिघलनी शुरू हो गई है। मनाली के उप संभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) रमन शर्मा ने कहा कि पुलिस, प्रशासन और स्थानीय निवासी बचाव अभियान में जुटे हैं और लापता व्यक्ति को तलाशने के लिए बर्फ हटाई जा रही है। मनाली के डीएसपी के.डी. शर्मा ने कहा कि अचानक हुए हिमस्खलन के चलते कांगड़ा निवासी राजेश कुमार बर्फ में दब गये। बीते 24 घंटे में मौसम मुख्य तौर पर शुष्क रहा है।

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बोले- सरकार अग्निवीर योजना में बदलाव को तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि यदि सरकार को सशस्त्र सेनाओं में अग्निवीरों की भर्ती से संबंधित अग्निपथ योजना में कोई कमी दिखाई देती है तो जरूरत पड़ने पर वह इसमें सुधार को तैयार है। सिंह ने कहा कि यह एक सच्चाई है कि सेना में युथफुलनेस होनी चाहिए।

हमारे सेना के जवानों की उम्र 30, 35, 40 या 50 वर्ष की रही है, लेकिन जब हमारे 18 या 20 वर्ष के जवान होंगे अग्निवीर के माध्यम से तो मैं समझता हूं कि जोखिम उठाने का जज्बा जवानों में अधिक होता है। सेना को युवाओं की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह प्रौद्योगिकी का युग है और इसमें जवान प्रौद्योगिकी में पारंगत भी होने चाहिए। ऐसे नौजवानों की भर्ती अग्निवीर के रूप में की जा रही है। अग्निवीरों के कल्याण के लिए सरकार के किए जा रहे उपायों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। इस बात की पक्की गारंटी है उसके लिए तंत्र में जो भी बदलाव किया जा सकता है वह किया जाएगा।

### देश की सीमाएं सुरक्षित

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं और देश के लोगों को सशस्त्र बलों पर पूरा भरोसा होना चाहिए। अग्निवीर योजना की आलोचना को लेकर पर मंत्री ने कहा कि ऐसे सवालों का कोई औचित्य नहीं है। हर कोई मानता है कि सशस्त्र बलों का युवा स्वरूप होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने लगभग 50 साल लंबे अपने राजनीतिक सफर के किस्से भी साझा किए। भारत-चीन सीमा मुद्दे पर विपक्षी दलों सहित कई लोगों के उठाए सवालों पर सिंह ने कहा कि देश के हितों को ध्यान में रखते हुए, मैं विपक्षी दलों को जो कुछ भी बता सकता हूं, बताता हूं, लेकिन रक्षा क्षेत्र में कई चीजें हैं जिनका रणनीतिक महत्व है।

## महाकाल मंदिर में कपूर आरती में गुलाल गिरने से लगी थी आग

**उज्जैन।** उज्जैन के महाकाल मंदिर में 25 मार्च को आग लगने से 14 पुजारी और 'सेवक' के घायल होने संबंधी मामले में जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि आग कपूर आरती में गुलाल गिरने से लगी थी। होली के दिन शाम 5:50 बजे भस्म आरती के दौरान प्रसिद्ध मंदिर के गर्भ गृह में आग लगी थी। डीएम नीरज कुमार सिंह ने जांच रिपोर्ट के बारे में बताया कि मंदिर प्रबंधन द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया गुलाल 'कपूर' आरती पर गिर गया और आग लग गई। आग चार से पांच सेकंड में बुझा दी गई, लेकिन यह इतनी तेज थी कि कई लोग 25-30 प्रतिशत झुलस गए।"

# बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एक बड़ी सफलता के तहत एनआईए ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया। एनआईए की कई टीम द्वारा कर्नाटक, तमिलनाडु और उप्र में 18 स्थानों पर छापे की कार्रवाई के बाद मुजम्मिल शरीफ को पकड़ा। एनआईए ने तीन मार्च को इस मामले को अपने हाथ में लिया था। एजेंसी ने इसके पहले आरोपी के रूप में मुसाविर शाजीब हुसैन की पहचान की थी जिसने विस्फोट को अंजाम दिया था।

बयान में कहा गया है कि एक अन्य षड्यंत्रकर्ता अब्दुल मथीन ताहा की भी पहचान की गई है जो अन्य मामलों में भी एजेंसी द्वारा वांछित है। इसमें कहा गया है दोनों आरोपी फिलहाल फरार हैं। एनआईए की जांच से पता चला है कि मुजम्मिल शरीफ ने एक मार्च को बेंगलुरु के आईटीपीएल रोड पर ब्रुकफील्ड स्थित कैफे में आईईडी विस्फोट से जुड़े मामले में पहचाने गए अन्य दो आरोपियों को जरूरी सहायता प्रदान की थी। इस विस्फोट में कई ग्राहक और होटल के कर्मचारी घायल हो गए और संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचा। इस विस्फोट में कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने रामेश्वरम कैफे में ब्लास्ट के आरोपी की जानकारी के बदले 10 लाख रुपए का इनाम देने की पेशकश की है। एजेंसी ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा कि जो भी व्यक्ति ऐसी कोई जानकारी देगा जिसकी मदद से आरोपी गिरफ्तार हो सके, वह इनाम का हकदार होगा।

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.979 |
| राजस्थान रॉयल्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 02 | +0.800 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.675 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +0.200 |
| पंजाब किंग्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -0.180 |
| गुजरात टाइटंस | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -1.425 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.528 |
| मुंबई इंडियंस | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.925 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -1.000 |

## खेल डायरी

### सिंधू मैड्रिड मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

**मैड्रिड।** भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू ने मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन पर सीधे गेम में आसान जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में पूरी तरह से सिंधू का दबदबा दिखा जिन्हें विश्व रैंकिंग में 63वें स्थान पर काबिज ताइवान की क्वालीफायर खिलाड़ी से कोई चुनौती नहीं मिली। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू ने 36 मिनट तक चले मैच को 21-14, 21-12 से अपने नाम किया। सिंधू के सामने अब थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग या जापान की नात्सुकी निदाइरा में से किसी एक की चुनौती होगी।

### गिलेस्पी दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के कोच पद से देंगे इस्तीफा

**एडिलेड।** जेसन गिलेस्पी दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच पद से जून के आखिर में इस्तीफा देंगे। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट एसोसिएशन (एसएसीए) ने गुरुवार को दिये एक बयान में कहा है कि जेसन गिलेस्पी जून के आखिर में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच का पद छोड़ देंगे। गिलेस्पी ने कहा, "हमने एसएसीए में एक साथ मिलकर जो हासिल किया, उस पर मुझे अविश्वसनीय रूप से गर्व है और मैं उन यादों को हमेशा संजोकर रखूंगा। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट का भविष्य उज्ज्वल है।"

### मेनन आईसीसी एलीट पैनल के अंपायर बने रहेंगे

**दुबई।** भारत के नितिन मेनन लगातार पांचवीं बार अंपायरों के आईसीसी एलीट पैनल में शामिल हुए जबकि बांग्लादेश के शरफुद्दौला इब्ने शाहिद इस सूची में जगह बनाने वाले अपने देश के पहले अंपायर बने। इंदौर के मेनन 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान में एलीट पैनल में शामिल हुए थे। वह गुरुवार को 2024-25 सत्र के लिए जारी आईसीसी की 12-सदस्यीय अंपायरों की सूची में एकमात्र भारतीय बने हुए हैं। एस रवि और पूर्व स्पिनर एस वेंकटराघवन के बाद एलीट पैनल का हिस्सा बनने वाले वह केवल तीसरे भारतीय हैं। रवि ने 33 जबकि वेंकटराघवन ने 73 टेस्ट में मैदानी अंपायर की भूमिका निभाई हैं।

### आईपीएल 17 के पहले दिन दर्शक संख्या का रिकॉर्ड टूटा

**मुंबई।** आईपीएल के 17वें सत्र के पहले दिन उद्घाटन समारोह और चेन्नई सुपर किंग्स तथा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बीच मैच को रिकॉर्ड 16 करोड़ 80 लाख दर्शकों ने देखा। मेजबान प्रसारक ने यह जानकारी दी। इंडियन प्रीमियर लीग के आधिकारिक प्रसारक डिजनी स्टार ने कहा कि पहले दिन के खेल का 'वाचटाइम' (देखने का समय) 1276 करोड़ मिनट रहा जो किसी भी सत्र में पहले दिन का रिकॉर्ड है। आईपीएल के 17वें सत्र में पहले दिन डिजनी स्टार नेटवर्क पर छह करोड़ ये अधिक दर्शकों ने प्रसारण देखा। कंपनी ने कहा, '' डिजनी स्टार ने आईपीएल 2023 के पहले दिन 870 करोड़ मिनट रिकॉर्ड किये थे। पिछले सत्र की तुलना में वाचटाइम में 16 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।''

### आडवाणी, सितवाला प्री-क्वार्टर फाइनल में

**मुंबई।** विश्व चैम्पियन पंकज आडवाणी और राष्ट्रीय चैंपियन ध्रुव सितवाला ने गुरुवार को यहां अपने-अपने मुकाबलों में जीत के साथ 'ऑल इंडिया सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक 2024' प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। गत चैम्पियन आडवाणी ने ग्रुप ए के मैच में देवेंद्र जोशी को 1063-224 के बड़े अंतर से हराने के दौरान 529 का बड़ा ब्रेक बनाया। इंग्लैंड के डेविड कौजियर ने 465 और 301 के बड़े ब्रेक के दम पर भारत के विशाल मदान को 1183-301 से हराया। सितवाला ने ग्रुप ई मुकाबले में कमल चावला को 667-250 हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मुंबई के रोहन जंबूसरिया ने ग्रुप एफ मैच में पूर्व विश्व चैंपियन कोलकाता के सौरव कोठारी पर 520-403 की शानदार जीत दर्ज की।

### शरफुद्दौला आईसीसी एलीट समूह के अंपायरों में

**दुबई।** आईसीसी ने शरफुद्दौला को अंपायरों के अपने विशिष्ट पैनल में नियुक्त किया है। वह इस समूह में शामिल होने वाले पहले बांग्लादेशी हैं। मैच रेफरी के नए पैनल में अनुभवी क्रिस ब्रॉड शामिल नहीं हैं। ब्रॉड वर्ष 2003 से एलीट पैनल में हैं। उन्होंने 123 टेस्ट, 361 एकदिवसीय और 135 टी-20 मैचें में अंपायरिंग की है। वह 2009 टी-20 विश्वकप और 2021 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में मैच रेफरी थे। उनकी गिनती सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों में अंपायरिंग वालों में है। आईसीसी के सीईओ ज्योफ एलार्डिस ने कहा, "क्रिस ब्रॉड कई वर्षों से एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के एक मूल्यवान सदस्य रहे हैं और उन्होंने अपनी भूमिका उत्कृष्टता के साथ निभाई है।"


राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाज नांद्रे बर्गर टीम के साथियों के साथ डीसी बल्लेबाज मिशेल मार्श के विकेट का जश्न मनाते हुए।


रविचंद्रन अश्विन के विकेट का साथियों संग जश्न मनाते दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज अक्षर पटेल।

# रियान का अर्धशतक, राजस्थान की लगातार जीत

## राजस्थान रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 12 रनों से हराया, रियान की अश्विन के साथ 54 व जुरेल के साथ 52 रन की साझेदारी


रन 84*
चौके 7
छक्के 6
रियान पराग

**जयपुर, एजेंसी**

रियान पराग की 45 गेंदों में नाबाद 84 रनों की विस्फोटक पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नौवें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल को 12 रन से हरा दिया है।

186 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स के डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 30 रन जोड़े। तीसरे ओवर में बर्गर ने मिचेल मार्श को बोल्ड कर दिल्ली को पहला झटका दिया। बर्गर ने 12 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 23 रन बनाये। इसके बाद रिकी भुई बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। कप्तान ऋषभ पंत ने 26 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 28 रनों की पारी खेली। अभिषेक पोरेल नौ रन बनाकर आउट हुये। ट्रिस्टन स्टब्स 23 गेंदों में नाबाद 44 रनों की पारी के बावजूद अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। अक्षर पटेल 15 रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली कैपिटल्स निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 173 रन ही बना सकी और मुकाबला 12 रनों से हार गई। राजस्थान रॉयल्स की ओर से नांद्रे बर्गर और युजवेंद्र चहल ने दो- दो विकेट लिये। आवेश खान ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले रियान पराग की 45 गेंदों में नाबाद 84 रनों की विस्फोटक पारी के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल्स को जीत के लिए 186 रनों का लक्ष्य दिया है।

गुरुवार को यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल पांच रन का विकेट खो दिया। उसके बाद कप्तान संजू सैमसन भी 15 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। जॉस बटलर 11 रन बनाकर आउट हुये।

राजस्थान की लड़खड़ा रही पारी को अश्विन और पराग ने संभाला और अश्विन के आउट होने के बाद जिरेल ने भी पराग का साथ देते हुए अर्धशतकीय साझेदारी की। रवि अश्विन 29 रन और ध्रुव जुरेल 20 रन बनाकर आउट हुये। रियान पराग ने टीम के लिये 45 गेंदों में सात चौके और छह छक्को की मदद से नाबाद 84 रनों की पारी खेली। शिमरॉन हेटमायर सात गेंदों में 14 रन बनाकर नाबाद रहे। पराग ने आखिरी ओवर में चौकों छक्कों की बारिश करते हुए 25 रन ठोक डाले जिसकी बदौलत राजस्थान की टीम निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 185 रन का स्कोर खड़ा किया। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खलील अहमद, मुकेश कुमार, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और एनरिच नॉर्टे ने एक-एक विकेट लिया।

**राजस्थान 185/5** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो मुकेश कुमार | 05 | 07 | 1/0 |
| जोस बटलर पगबाधा कुलदीप | 11 | 16 | 0/0 |
| संजू सैमसन का पंत बो खलील | 15 | 14 | 3/0 |
| रियान पराग नाबाद | 84 | 45 | 7/6 |
| रविचंद्रन अश्विन का स्टब्स बो अक्षर | 29 | 19 | 0/3 |
| ध्रुव जुरेल बो नोर्किया | 20 | 12 | 3/0 |
| शिमरोन हेटमायर नाबाद | 14 | 07 | 1/1 |

**गेंदबाजी :** खलील 4-0-24-1, मुकेश 4-0-49-1, नोर्किया 4-0-48-1, अक्षर 4-0-21-1, कुलदीप 4-0-41-1

**दिल्ली 173/5** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 05

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेविड वार्नर का संदीप बो आवेश | 49 | 34 | 5/3 |
| मिचेल मार्श बो बर्गर | 23 | 12 | 5/0 |
| रिकी भुई का सैमसन बो बर्गर | 00 | 02 | 0/0 |
| ऋषभ पंत का सैमसन बो चहल | 28 | 26 | 2/1 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 44 | 23 | 2/3 |
| अभिषेक पोरेल का बटलर बो चहल | 09 | 10 | 0/0 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 15 | 13 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 3-0-29-0, बर्गर 3-0-29-2, अश्विन 3-0-30-0, आवेश 4-0-29-1, चहल 3-0-19-2, संदीप 4-0-36-0

# आईपीएल में जीत की लय बरकरार रखने उतरेंगे आरसीबी-केकेआर

**बेंगलुरु, एजेंसी**

पिछले मैच में मिली जीत से उनका हौसला बढा है लेकिन प्रदर्शन में परिपक्वता लाना बाकी है और शुक्रवार को आईपीएल 2024 के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर तथा कोलकाता नाइट राइडर्स अपेक्षा के अनुरूप खेल दिखाने के इरादे से उतरेंगी। आरसीबी ने पिछले मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराया जबकि केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद को चार रन से मात दी। इसके बावजूद दोनों टीमों की शीर्ष और मध्यक्रम की बल्लेबाजी की समस्यायें बनी हुई हैं।

पंजाब के खिलाफ 177 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के अर्धशतक से आरसीबी खेमे ने राहत की सांस ली होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार से अभी अच्छी पारी की उम्मीद है। पंजाब के खिलाफ आखिरी क्षणों में दिनेश कार्तिक का अनुभव और 'इंपैक्ट खिलाड़ी' महिपाल लोमरोर की उपयोगी पारी उनके काम आई। केकेआर के पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है और एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने पर वे आरसीबी के बल्लेबाजों की परेशानी का सबब बन सकते हैं। आरसीबी के लिये तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और यश दयाल ने पंजाब के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की लेकिन बाकी गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसफ, यश दयाल, टॉम करन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नीतिश राणा, मनीष पांडे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, शाकिब अल हसन, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, शेरफाने रदरफोर्ड, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, केएस भरत, फिल साल्ट, रहमानुल्लाह गुरबाज, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, दुष्मंता चामीरा, वरूण चक्रवर्ती, मिचेल स्टार्क, मुजीब उर रहमान, हर्षित राणा, सुयश शर्मा। **मैच का समय :** शाम 7.30 से।

## वॉर्नर, स्टोइनिस, एगर सीए के केंद्रीय अनुबंध से बाहर

**मेलबर्न।** वनडे और टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर, हरफनमौला एश्टोन एगर और मार्कस स्टोइनिस को वर्ष 2024-25 के लिये क्रिकेट आस्ट्रेलिया के केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखा गया है। विक्टोरिया के सलामी बल्लेबाज मार्कस हैरिस और तेज गेंदबाज माइकल नासिर को भी अनुबंध नहीं मिल सका है। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के अनुसार 23 खिलाड़ियों को अनुबंध दिये गए हैं। आस्ट्रेलिया को अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के अलावा भारत के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला भी खेलनी है। वॉर्नर का अनुबंध से बाहर रखन तय था जो टी20 विश्व कप के बाद खेल को अलविदा कहने का ऐलान कर चुके हैं।

# सूर्यकुमार को मैच के लिए फिट होने में समय लगेगा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी से पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं और आईपीएल के कुछ और मैचों में नहीं खेल पाएंगे। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) उनकी प्रगति पर नजर रखे हुए है। मुंबई इंडियन्स के लिए खेलने वाले सूर्यकुमार मौजूदा सत्र में अब तक कोई मैच नहीं खेल पाए हैं और उनकी टीम को दोनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है।

बीसीसीआई के सूत्र ने कहा, ''सूर्या (सूर्यकुमार) काफी अच्छी प्रगति कर रहा है और काफी जल्द मुंबई इंडियन्स की ओर से वापसी करेगा। शुरुआती दो मैच में नहीं खेल पाने के बाद हालांकि उसे कुछ और




मुकाबलों से बाहर रहना पड़ सकता है।'' मुंबई इंडियन्स को सूर्यकुमार की कमी खल रही है लेकिन बीसीसीआई इस आक्रामक बल्लेबाज की फिटनेस को लेकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता क्योंकि जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में उनके बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद है। सूत्र ने कहा, ''बीसीसीआई के लिए मुख्य चिंता यह है कि वह टी20 विश्व कप में खेलने की राह पर हैं या नहीं और वह इस स्थिति में है।''




## बॉलीवुड हलचल

# आलिया और शरवरी की फिल्म में विलेन बनेंगे बॉबी देओल



**मुंबई, एजेंसी।** यशराज प्रोडक्शन के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म में आलिया भट्ट लीड रोल में नजर आने वाली हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी लेटेस्ट अपडेट सामने आई है। सुनने में आया है कि इस फिल्म में बॉबी देओल को विलेन के रोल में कास्ट कर लिया गया है। इस अनटाइटल्ड फिल्म में आलिया और बॉबी के अलावा शरवरी वाघ भी अहम रोल में नजर आएंगी। फिल्म से जुड़े एक सूत्र की मानें तो 'एनिमल' की सफलता के बाद बॉबी को विलेन के रोल ज्यादा ऑफर किए जा रहे हैं। इस फिल्म में भी वो आलिया और शरवरी से भिड़ते नजर आएंगे। बॉबी फिल्म से जुड़े पेपर वर्क पूरे कर चुके और इस साल के सेकेंड हाफ में वो इस फिल्म की शूटिंग पर जुटेंगे।' सूत्र ने यह जानकारी भी दी कि इस फिल्म में बॉबी स्पेशल लुक में नजर आएंगे। उन्हें इससे पहले कभी इस तरह के लुक में नहीं देखा गया। फिल्म के जरिए आलिया और बॉबी पहली बार किसी फिल्म में साथ काम भी करेंगे। बॉबी पिछले साल दिसंबर में रिलीज हुई आलिया के हस्बैंड रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' में विलेन के रोल में नजर आए थे।



# डिजिटल डेब्यू की तैयारी में अभिनेता अक्षय खन्ना

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्टर अक्षय खन्ना 49 साल के हो चुके हैं। ये जाने-माने एक्टर विनोद खन्ना के छोटे बेटे हैं। अक्षय ने पिता विनोद खन्ना के प्रोडक्शन में बनी फिल्म हिमालय पुत्र से बॉलीवुड डेब्यू किया था, लेकिन 1999 में हिट फिल्म ताल से इन्हें पॉपुलैरिटी मिली। अक्षय ने ताल, बॉर्डर, हलचल, हंगामा, गांधी माय फादर, रेस, दिल चाहता है जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। हालांकि, तब भी इन्हें फिल्म इंडस्ट्री में वो मुकाम नहीं मिला जिसके ये हकदार थे। 22 साल की उम्र में डेब्यू करने वाले अक्षय 19 साल की उम्र में बाल झड़ने की समस्या से जूझने लगे थे। करियर आगे बढ़ा तो अक्षय की ये समस्या और गहरी हो गई, जिसका असर उनके फिल्मी करियर पर भी पड़ने लगा। अक्षय ने फिल्मों से कुछ सालों का दो बार ब्रेक भी लिया। 27 साल के करियर में अक्षय करीब पांच साल तक घर बैठे। इनकी पिछली फिल्म दृश्यम 2 थी जो कि 2022 में रिलीज हुई थी। अक्षय अब अपने डिजिटल डेब्यू की तैयारी कर रहे हैं। वो रवीना टंडन के साथ वेब सीरीज 'लीगेसी' में नजर आएंगे।

# दीपिका पादुकोण का अजीब पोस्ट पढ़ परेशान हुए फैंस

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण जल्द ही मां बनने वाली हैं। रणवीर-दीपिका के घर जल्द ही नन्हा मेहमान आने वाला है। दीपिका इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में कपल ने पोस्ट शेयर कर अपने आने आने वाले बच्चे की खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की थी। इसी बीच मॉम टू बी दीपिका पादुकोण ने एक ऐसा पोस्ट किया है जिसे पढ़ने के बाद उनके चाहने वाले टेंशन में आ गए हैं। अपने इस पोस्ट में दीपिका ने महिलाओं की सफलता को लेकर बात की है। इसके अलावा भी एक्ट्रेस ने काफी कुछ लिखा है। दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी पोस्ट की है। अपने इस पोस्ट में दीपिका ने महिलाओं की सक्सेस पर तंज कसा है। एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में लिखा कि "चारों तरफ देखें कि आप कहां हैं, देखें कि सफलता की परिभाषा बदलने के लिए आप क्या कर सकते हैं। ताकी आपके बाद आने वाली महिलाओं को ऐसा महसूस नहीं होगा कि सफलता और स्ट्रेस के बीच इसका चयन करना है।" दीपिका के प्रेग्नेंसी के दौरान के इस पोस्ट ने उनके फैंस की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि एक्ट्रेस ने ऐसा पोस्ट क्यों किया इसके पीछे की क्या वजह है इस बात की जानकारी नहीं हैं। मां बनने वाली हैं दीपिका पादुकोणबता दें कि रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने फरवरी में अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'सितंबर 2024' लिखा था। तस्वीर के चारों तरफ बच्चों के खिलौने बने हुए थे। इस पोस्ट के सामने आने के बाद कपल के फैंस और स्टार्स ने उन्हें जमकर बधाई दी थी। शादी के लगभग पांच साल बाद कपल पेरेंट्स बनने जा रहा है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# कानूनी प्रक्रियाओं पर बाहरी आरोप अस्वीकार्य


- केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिकी बयान को विदेश मंत्रालय ने बताया अनुचित

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर अमेरिका की तरफ से दिए गए बयान पर भारत ने सख्त प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिकी विदेश विभाग की टिप्पणी को अनुचित बताते हुए कहा कि भारत एक स्वतंत्र देश है।

हमें अपने मजबूत और स्वतंत्र लोकतांत्रिक देश होने पर गर्व है। हमारी चुनावी और कानूनी प्रक्रियाओं पर ऐसा कोई भी बाहरी आरोप किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है। यह कानूनी प्रक्रिया है, कोई और तरीका नहीं है। देश कानून और संविधान से ही चलता है। अमेरिकी विदेश विभाग ने इस मुद्दे पर निष्पक्ष, पारदर्शी और समय पर कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में बोलकर इस मामले को तूल दिया, जिसके बाद भारत के विदेश मंत्रालय द्वारा इसका खंडन किया गया। बुधवार को अमेरिका की उप-राजदूत ग्लोरिया बेरबेना को तलब किए जाने के बाद भारत ने यह जवाब दिया है। भारत ने कहा कि अमेरिका का यह बयान अवांछित है और उसे हमारे मामलों में दखल नहीं देना चाहिए। गुरुवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से दी गई राय पर सख्त आपत्ति जताई है। उन्होंने आगे इस बात पर जोर दिया कि अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की नींव के लिए आपसी सम्मान और समझ जरूरी है और राज्यों से अन्य देशों की संप्रभुता और आंतरिक मामलों का सम्मान करने का आग्रह किया।

## अमेरिका की टिप्पणी पर धनखड़ ने किया पलटवार



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को भारत के न्यायिक तंत्र को लेकर अमेरिका और जर्मनी ने दिए उपदेश पर आपत्ति जताई। उपराष्ट्रपति ने आबकारी नीति 'घोटाले' से जुड़े मामले का जिक्र किए बिना कहा कि भारत में एक मजबूत न्यायिक तंत्र है। बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारतीय न्यायपालिका निष्पक्ष, स्वतंत्र है। उन्होंने कहा, दुनिया में ऐसे देश हैं जो हमारे न्यायिक व्यवहार पर हमें उपदेश दे रहे हैं। धनखड़ ने कहा, जमीनी हकीकतों से अनभिज्ञ एक संप्रभु मंच से कोई व्यक्ति हमें यह सबक सिखाने की कोशिश कर रहा है कि यह भेदभावपूर्ण है। बता दें, केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भारत ने अमेरिकी राजनयिक को तलब किया था, जिसके बाद अमेरिका ने भी इकी आलोचना की थी। अब गुरुवार को धनखड़ ने पलटवार किया है।

# स्वदेशी निर्मित तेजस ने भरी सफल उड़ान

*नई दिल्ली। भारत में निर्मित स्वदेशी तेजस एमके1ए श्रृंखला का पहला लड़ाकू विमान ने गुरुवार को अपनी सफलतापूर्ण पहली उड़ान भरी है। बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटिड द्वारा निर्मित यह विमान अपनी पहली उड़ान के दौरान 15 मिनट तक हवा में रहा।*

**2200** किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है लड़ाकू विमान

## 15 मिनट तक हवा में रहा तेजस, पहली उड़ान पूरी की

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने हल्के लड़ाकू विमान (एलीएसी) तेजस एमके1ए सीरीज का पहला विमान तैयार किया है। विमान ने पहली सफल उड़ान बंगलूरू के आसमान में भरी है। एचएएल की तरफ से जारी बयान के मुताबिक 18 मिनट की सॉर्टी के बाद विमान की सुरक्षित लैंडिंग प्रक्रिया पूरी की गई। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने बताया कि गुरुवार को बंगलूरू में मेड इन इंडिया स्वदेशी एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान की पहली उड़ान पूरी की गई। एचएएल अधिकारी ने बताया कि विमान अपनी पहली उड़ान के दौरान 15 मिनट तक हवा में रहा।



**50** हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ने में सक्षम है तेजस, विमान 9 रॉकेट, बम और मिसाइल से भी हो सकता है लैस

## फरवरी 2021 में हुआ था अनुबंध

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की तरफ से जारी बयान के मुताबिक वैश्विक भू-राजनीतिक माहौल में आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों से निपटने के लिए फरवरी 2021 में अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। इसके बाद एचएएल ने समय की मांग के अनुरूप डिजाइन तैयार किया। एचएएल के मुताबिक तेजस एमके1ए विमान श्रृंखला के पहले विमान एलए5033 का उत्पादन महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। गुरुवार को इस उड़ान का संचालन सर्टिफिकेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम (सीटीपी) से जुड़े ग्रुप कैप्टन केके वेणुगोपाल (सेवानिवृत्त) ने किया। बता दें, एचएएल इस मार्च के अंत तक वायुसेना को स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट सौंप सकता है। इस लड़ाकू विमान को वायुसेना पाकिस्तान की सीमा से सटे राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरक्राफ्ट स्टेशन पर तैनात किया सकता है।

## एचएएल ने साझा किया वीडियो

स्वदेशी विमान विनिर्माता- हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने गुरुवार को सोशल मीडिया हैंडल- एक्स पर लिखा कि तेजस एमके1ए विमान श्रृंखला के पहले विमान एलए5033 ने आज बंगलूरू में एचएएल के सेंटर से आसमान में उड़ान भरी। 18 मिनट की उड़ान (सॉर्टी) के साथ इसे सफल उड़ान की श्रेणी में गिना गया।

## विशेषताएं

- इस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट की स्पीड की बात करें तो ये 2200 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है। यह अधिकतम 50 हजार फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। इसको 9 रॉकेट, बम और मिसाइल से लैस किया जा सकता है।
- इसमें हैमर और ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें भी लगाने की तैयारी की जा रही है, जिससे पाकिस्तान जैसे दुश्मन की खैर नहीं होगी।
- तेजस मार्क 1 ए लड़ाकू विमान कई सुविधाओं से लैस है। इसमें मिशन कंप्यूटर, डिजिटल फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर, मल्टी फंक्शन डिस्पले, सेल्फ प्रोटेक्शन जैमर, उत्तम रडार सिस्टम आदि शामिल है।

## एक नजर

### पुरुष होली पर महिलाओं की तरह सजधजकर कामदेव की करते हैं पूजा



**कुर्नूल।** आंध्र प्रदेश के कुर्नूल जिले के संथेकुडलूर में होली को लेकर अनोखी परंपरा है। सदियों पुरानी इस परंपरा में यहां के पुरुष होली पर महिलाओं की तरह साड़ी-गहने पहनकर कामदेव की पूजा करते हैं। ऐसी मान्यता है कि भगवान कामदेव की पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

### बेरोजगारी जैसी समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती सरकार

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि यह मानना गलत है कि सरकार बेरोजगारी जैसी सभी सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का समाधान कर सकती है। उन्होंने कहा, जब बेरोजगारी जैसी समस्याओं की बात आती है तो समाधान की तुलना में अंदाजा लगाना आसान होता है। नागेश्वरन अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और मानव विकास संस्थान की 'भारत रोजगार रिपोर्ट 2024' के लॉन्च के अवसर पर बोल रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, देश में कुल बेरोजगारों में शिक्षित युवाओं की हिस्सेदारी 2000 के 54.2% से बढ़कर 2022 में 65.7% हो गई।

### मेक्सिको: 19 प्रांतों में फैली जंगल की आग, कई क्षेत्र प्रभावित

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में 19 प्रांतों के 120 जंगलों में आग फैल गई है। 7 हजार से ज्यादा हेक्टेयर भूमि आग की चपेट है। मैक्सिको सरकार ने बुधवार को रिपोर्ट जारी कर जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि, देश के 19 राज्यों के 120 जंगलों में आग धधक रही है। हिडाल्गो प्रांत ज्यादा प्रभावित हुआ है, जहां अब तक 1,874 हेक्टेयर क्षेत्र आग की भेंट चढ़ गया है। हाल के दिनों में 42 स्थानों पर आग पर काबू पाया है, अब तक आग से दो हजार से ज्यादा हेक्टेयर भूमि प्रभावित हुई है। मैक्सिको प्रशासन ने कहा कि आग से आबादी क्षेत्र को कोई खतरा नहीं है।

### आतंकवादी इस्तेमाल कर रहे अमेरिकी हथियार : पाकिस्तान

**रावलपिंडी।** टीटीपी, बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और अन्य आतंकवादी संगठन अमेरिका निर्मित हथियारों से पाकिस्तान के खिलाफ हमले कर रहे हैं। हाल के महीनों में आतंकवादी हमलों में वृद्धि देखी गई है, देश भर में आतंकवादी समूहों ने नागरिकों के साथ-साथ सुरक्षा बलों को निशाना बनाए जाने के कारण कई लोगों की जान चली गई है। आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान में छोड़े गए हथियारों का पाकिस्तान पर हमले के लिए जमकर उयोग कर रहे हैं।

# सीमा विवाद पर भारत-चीन के बीच शांति बनाए रखने पर बनी सहमति

## एलएसी गतिरोध पर 29वें दौर की बैठक, तत्काल सफलता के संकेत नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत-चीन सीमा विवाद को दोनों देशों ने सुलझाने के लिए बीजिंग में एक बैठक की। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में बताया कि भारत-चीन सीमा विवादों को लेकर बुधवार को चीन की राजधानी बीजिंग में एक बैठक आयोजित की गई।

परामर्श व समन्वय के कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 29वीं बैठक में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चार साल से जारी सीमा विवाद पर अब दोनों देशों के बीच नियमित संपर्क बनाए रखने पर सहमति बनी, लेकिन किसी भी सफलता का कोई संकेत नहीं मिला। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच एलएसी के करीब मौजूद सैनिकों की पूर्ण वापसी व एलएसी के शेष मुद्दों को कैसे हल किया जाए इस पर विचारों का गहन आदान-प्रदान किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों देशों की मुख्य बैठक 27 मार्च को बीजिंग में हुई थी। 29वीं बैठक की सह-अध्यक्षता विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव गौरांगलाल दास ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। दूसरी ओर से चीन की तरफ से चीनी विदेश मंत्री इस बैठक में शामिल हुए। दोनों पक्ष राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने पर सहमित जताई है। बता दें, इससे पहले दोनों पक्षों के बीच पिछले साल नवंब में बैठक हुई थी। चीन ने हाल ही में चीन अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताया था। हालांकि, भारत ने इस दावे को खारिज कर दिया था। पहले भी चीन कई बार दावा कर चुका है।



बुधवार को बीजिंग में डब्ल्यूएमसीसी की 29वीं बैठक में मौजूद भारत-चीन का प्रतिनिधिमंडल।

### विवाद भड़काने का अमेरिका का रिकॉर्ड बहुत खराब: चीन

बैठक में अरुणाचल को लेकर चीनी सेना ने अमेरिका की आलोचना की। बता दें, अमेरिका ने कहा था कि अरुणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सीनियर कर्नल वू कियान ने गुरुवार को कहा, अपने स्वार्थ के लिए दूसरे देशों के बीच विवाद भड़काने का अमेरिका का रिकॉर्ड बहुत खराब है। उन्होंने कहा, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय इसे स्पष्ट रूप से देखता है कि वाशिंगटन अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है। कर्नल वू कियान के मुताबिक सीमा मुद्दों पर बातचीत के लिए चीन और भारत के बीच परिपक्व चैनल है। चीन ने 9 मार्च को अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल के बयान पर प्रतिक्रिया दी है। पटेल ने कहा था कि अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है। उन्होंने कहा था, 'हम वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैन्य या नागरिक, घुसपैठ या अतिक्रमण या क्षेत्रीय दावों को आगे बढ़ाने के किसी भी एकतरफा प्रयास का दृढ़ता से विरोध करते हैं।

## भारत से व्यापार की नीतियों में नहीं आया कोई बदलाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने साफ किया है कि भारत के साथ व्यापार संबंध फिर से कायम करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। पाकिस्तान ने 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के भारत सरकार के फैसले के बाद व्यापार संबंध तोड़ने की घोषणा की थी।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की ओर से विदेश मंत्री इशाक डार के भारत के साथ व्यापार संबंधों पर लंदन में दिए बयान के बाद शुरू हुई थी। उक्त बयान में डार ने कहा था कि भारत के साथ व्यापार संबंध फिर से कायम करने के बारे में पाकिस्तान गंभीरता से विचार कर रहा है। डार का यह बयान पाकिस्तान के व्यापार जगत की भारत के साथ संबंध सामान्य करने की लगातार मांग के बाद आया था।

पाकिस्तान की आर्थिक बदहाली को दूर करने के लिए भारत के साथ व्यापार संबंधों को जरूरी माना जा रहा है। अब पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जेहरा बलोच ने गुरुवार को कहा कि भारत के व्यापारिक संबंध 2019 से अस्तित्व में नहीं हैं। पाकिस्तान की नीति में फिलहाल कोई बदलाव नहीं आया है।

# पाकिस्तान सुरक्षा में फेल, हम अपनी सेना लगाएंगे : चीन

- चीन की पाक को दो टूक- बलूच कबाइली के निशाने पर चीनी

बीजिंग, एजेंसी



चीन पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर यानी सीपैक पर बढ़ते हमलों ने पाकिस्तानी सुरक्षा की पोल खोल दी है। चीन ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ को दो टूक कहा है कि सुरक्षा मुहैया कराने में पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा एजेंसियां फेल रही हैं। चीन सीपैक वाले बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वाह प्रांत में अपने सैनिक तैनात करेगा। चीन के राजदूत जियांग जायडोंग ने शहबाज को राष्ट्रपति शी जिनपिंग का ये संदेश बता दिया।

बता दें, पिछले सात दिन में बलूच हमलों में ग्वादर पोर्ट पर तीन चीनी अफसर घायल हो गए जबकि खैबर में कबाइली हमले में पांच चीनी इंजीनियर मारे गए। चीन इस बात से नाराज है कि पाक ने पहले भी चीनी नागरिकों को सुरक्षा देने का भरोसा दिया था, लेकिन हमले नहीं रुके। सुरक्षा जानकारों के अनुसार बलूचिस्तान और खैबर में चीन के सीपैक प्रोजेक्ट के प्रति स्थानीय लोगों में बेहद गुस्सा है। बलूच लिबरेशन आर्मी और खैबर में कबाइली हमलों के खिलाफ चीन हथियारबंद फौजियों की तैनाती के साथ-साथ जासूसी नेटवर्क भी तैयार करेगा। इसमें स्थानीय लोगों से मुखबिरी कराई जाएगी। चीन सरकार ने अलग से फंड देने का ऐलान किया है।

### हमले के बाद चीनी कंपनी ने बंद किया कारोबार

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में दासू जलविद्युत परियोजना पर आतंकी हलमे में पांच चीनी नागरिकों की मौत हो गई थी, जिसके बाद चीन की कंपनी ने अशांत क्षेत्र में एक अन्य जलविद्युत परियोजना में अपने काम को बंद कर दिया है, साथ ही 2,000 से अधिक श्रमिकों को नौकरी से निकाल दिया गया है। गौरतलब है कि जलविद्युत परियोजना पर काम कर रहे चीन के कर्मियों पर यह दूसरा आत्मघाती हमला था। हालांकि किसी भी आतंकी समूह ने इस बम विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## बसंत की आहट...



**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर में राजधानी श्रीनगर के बाहरी इलाके में बादाम के पेड़ों में इन दिनों फूल खिले हुए हैं। कश्मीर में ये बसंत ऋतु के आने का संकेत भी माना जाता है। इसे देखने के लिए हर साल हजारों पर्यटक भी यहां आते हैं। डाउनटाउन के रैनावाड़ी इलाके में स्थित बादामबाड़ी में लगे बादाम के सैकड़ों पेड़ों पर फूलों की कोपलें फूटने लगी हैं। मौसम अनुकूल रहा तो कुछ दिनों में यह कोपलें अपनी गुलाबी बहार के साथ पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार होंगी। ● एजेंसी

## पूर्व आईपीएस संजीव भट्ट को 20 साल की सजा, 2 लाख जुर्माना

**पालनपुर।** पालनपुर के 1996 के एनडीपीएस मामले में पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को 20 साल के कठोर कारावास और 2 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

पालनपुर के द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने उन्हें ये सजा सुनाई है। इससे पहले बुधवार को इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। वकील को फंसाने के लिए 1996 में ड्रग्स रखने के एक मामले में पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को बुधवार को दोषी ठहराया गया था। दावा किया गया था कि राजस्थान के एक वकील को झूठा फंसाने के लिए पुलिस ने पालनपुर के एक होटल के कमरे से ड्रग्स जब्त किया था, जहां वकील रह रहा था।

# यूक्रेन के विदेश मंत्री कुलेबा ने बापू को किया नमन

- जयशंकर के न्योता पर नई दिल्ली पहुंचे यूक्रेन के विदेश मंत्री कुलेबा वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों के बीच भारत की अपनी पहली यात्रा पर आज नई दिल्ली पहुंचें हैं। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद वे राजधानी दिल्ली स्थित महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पहुंचे। यहां उन्होंने बापू को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

गौरतलब है कि इससे पहले, विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बुधवार को उनके दौरे के बारे में जानकारी दी थी। विदेश मंत्रालय ने बताया था कि उनकी यात्रा विदेश मंत्री एस जयशंकर के निमंत्रण पर हो रही है।



राजघाट पर बापू की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते दिमित्रो कुलेबा।

यात्रा के दौरान कुलेबा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर द्विपक्षीय साझेदारी और सहयोग पर चर्चा करेंगे। वह व्यापार जगत के लोगों के साथ बातचीत भी करेंगे। कुलेबा ने कहा, मेरे दौरे से भारत-यूक्रेन के रिश्ते और मजबूत होंगे। यूक्रेन और भारत को दो 'बड़े लोकतंत्र' बताते हुए कुलेबा ने कहा कि उन्हें यकीन है कि हम अच्छे साझेदार बनने के लिए तैयार हैं।

### रूस-यूक्रेन जंग का बातचीत से निकाले हल

**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को कहा कि बातचीत और राजनय के जरिए रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रोत्साहन जारी रखेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्विट्जरलैंड शांति शिखर सम्मेलन में भारत के रुख पर यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, हम बातचीत और राजनय के माध्यम से रूसी-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान को प्रोत्साहित करते रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 20 मार्च को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ अलग-अलग बातचीत की थी और जोर दिया था कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के समाधान के लिए बातचीत और राजनय ही आगे का रास्ता है। मोदी ने हालिया चुनाव में पांचवीं बार जीत हासिल करने के लिए पुतिन को बधाई देने की खातिर टेलीफोन पर बातचीत की थी।

**विज्ञान** ब्लैकहोल की नई तस्वीर से खुला आश्चर्यजनक रहस्य, वैज्ञानिकों ने कहा-ब्लैकहोल जेट बेहद खतरनाक


# आकाशगंगा के ब्लैकहोल में जेट छिपे होने का संकेत मिला

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** ब्लैकहोल के रहस्यों की परतें खुलनी शुरू हो गई हैं। यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला ने आकाशगंगा के ब्लैक होल की एक नई तस्वीर कैद की है। जिससे खुलासा हुआ है कि हमारी मिल्की वे के केंद्र में मौजूद सुपरमैसिव ब्लैकहोल में एक छिपा हुआ जेट हो सकता है।

आज से कुछ समय पहले तक माना जाता माना जाता था कि ब्लैकहोल अदृश्य महाशक्ति है, जिसकी तस्वीर भी शायद नही ली जा सकती है। उसके पास मौजूद तारों के जरिए इसकी पहचान संभव हो सकती है। मगर यह धारणा गलत साबित हुई है और ब्लैकहोल की तस्वीरें सामने आने लगी हैं, जो आधुनिक तकनीक के जरिए संभव हो पाया है। खगोलविदों ने मिल्की वे के सुपरमैसिव ब्लैक होल सैजिटेरियस ए की पहली तस्वीर इवेंट होराइजन टेलीस्कोप से कैद की है।

यह रोमांचक तस्वीर है और ब्लैकहोल के कई राज उजागर कर सकती है। इसके भीतर एक छिपा हुआ जेट होने मौजूद होने की जानकारी मिली है। दरअसल ब्लैकहोल के जेट बेहद खतरनाक होते हैं। इसके सामने आने वाली किसी भी वस्तु को छिन्नभिन्न करने की शक्ति रखता है। इस तस्वीर से यह पता भी लगा है कि सभी ब्लैक होल मजबूत चुंबकीय क्षेत्र हो सकते हैं। इस जानकारी पिछली समझ को चुनौती देते हैं। अथार्थ भविष्य में ब्लैकहोल के कई नई जानकारी सामने आएंगी और पुरानी धारणाओं में बदलाव आएगा। इवेंट होराइजन टेलीस्कोप वही दूरबीन है, जिसने किसी महाविशाल ब्लैक होल की पहली प्रत्यक्ष तस्वीर खींचने में बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। अब नई तस्वीर ब्लैकहोल की समझ को आगे बढ़ाने वाली है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों ने द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में खोज को प्रकाशित किया है।



आकाशगंगा के केंद में मौजूद ब्लैकहोल की पहली तस्वीर।

### 2019 में मिली थी ब्लैकहोल की पहली तस्वीर

2019 में ब्लैक होल की पहली तस्वीर मिली थी। यह 5तस्वीर आकाशगंगा एम 87 के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल की थी। इवेंट होरिजन टेलीस्कोप ने यह तस्वीर खींची थी। तस्वीर मे प्रकाश का छल्ला नजर आया। जिसका केंद्र अंधकार में डूबा हुआ था। वास्तव में अंधेरे में डूबे केंद्र को ब्लैकहोल की छाया कहा जाता है। वास्तविकता यह है कि ब्लैक होल को नहीं देख सकते, क्योंकि प्रकाश भी उससे बच नहीं सकता।

# ब्रिटेन में सीसीटीवी से होगी मंदिरों की सुरक्षा

- सुनक 50 करोड़ आवंटित करेंगे सुरक्षा को लेकर लिया फैसला 2022 में कई मंदिरों पर हुए थे हमले

लंदन, एजेंसी



ब्रिटेन में चुनावों से कुछ माह पहले भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हिंदू मंदिरों की सुरक्षा के लिए बड़ा फैसला किया है। सुनक सरकार ने ब्रिटेन में रहने वाले हिंदुओं की मांग के बाद मंदिरों की सुरक्षा के लिए 50 करोड़ रुपये का बजट आवंटित करने का फैसला लिया है।

ब्रिटिश सरकार का कहना है कि गृह मंत्रालय हिंदुओं के धर्मस्थलों और चर्चों की सुरक्षा के लिए एक नई नीति बनाने पर काम कर रहा है। इस नई नीति के बनने के बाद में ब्रिटेन में मंदिरों को भी मस्जिदों की तरह सुरक्षा के लिए फंडिंग मिलेगी। गौरतलब है कि पीएम सुनक कई मंदिरों का दौरा करते रहते हैं। दो साल पहले ब्रिटिश सरकार ने 300 करोड़ की धर्म स्थल सुरक्षा फंडिंग स्कीम की घोषणा की थी। इसमें से अधिकांश हिस्सा इस्लामिक संस्थाओं को जाता था।

वहीं, 35 करोड़ रुपये ही गैर मुस्लिमों को मिलते थे। इसमें से गुरुद्वारा को 7 करोड़ जबकि हिंदू मंदिरों को 2.5 करोड़ रुपये मिलते थे। जिसे लेकर ब्रिटेन में हिंदू समुदाय में नाराजगी थी। कई हिंदुओं का कहना है कि धर्मस्थलों की सुरक्षा की फंडिंग में भेदभाव सही नहीं है। ब्रिटेन में 400 से अधिक हिंदू मंदिर हैं। सरकार द्वारा आवंटित राशि से हिंदू मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। जिससे चौबीसों घंटे सुरक्षा निगरानी हो सकेगी। पुलिस को हिंदू मंदिरों पर हमले के मामलों से निपटने के तरीकों की ट्रेनिंग पर खर्च किया जाएगा। 2022 में ब्रिटेन के लेंसेस्टर में कई मंदिरों को निशाना बनाया गया था।

## अमेरिका में चाकू मारकर चार लोगों की हत्या, 7 घायल

**रॉकफोर्ड।** अमेरिका के उत्तरी इलिनोइस में बुधवार को कई स्थानों पर एक व्यक्ति द्वारा चाकूबाजी की घटना में चार लोगों की मौत हो गई और सात घायल हो गए। मरने वालों में 15 वर्षीय किशोरी, 63 वर्षीय महिला, 49 वर्षीय व्यक्ति और 22 वर्षीय युवक शामिल है। उनके नाम पुलिस ने अभी उजागर नहीं किए हैं।

पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। घटना के पीछे की मंशा का पता नहीं चल पाया है। राकफोर्ड पुलिस प्रमुख कार्लो रेड ने कहा कि दोपहर 1.14 बजे स्वास्थ्यकर्मियों की ओर से इस संबंध में पहली काल मिली। उसके बाद अन्य कई काल आए। वहीं, इस जघन्य अपराध को अंजाम देने के पीछे के कारण का पता नहीं चल पाया है।